फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 197 प्रभात जयपुर, रविवार 20 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Was Shut-Down Ever Essential?**

Authorities in Germany and other parts of Europe publicly accused WHO of creating public hysteria by declaring normal flu cases as a start of the new pandemic.

**Reusing Soft Plastic Bottles**

**Nicknames From Around The World**

# प्रशांत किशोर की नीतीश कुमार के साथ दो घंटे की मुलाकात हुई रात्रि भोज पर

## नीतीश व प्रशांत किशोर दोनों को, नजदीक आना सुहा रहा है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 फरवरी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चुनाव-रणनीतिकार प्रशान्त किशों के बीच शुक्रवार को हुई डिनर-मीटिंग इन रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है कि भाजपा उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, गोवा तथा मणिपुर के विधानसभा चुनावों में हार की तरफ अग्रसर हो रही है। इसलिये जहाँ इस मीटिंग को लेकर जबरदस्त अनुमान एवं अटकलें लगाए जा रहे हैं, वहीं राजनैतिक पर्यवक्षेक इसके अलग-अलग अर्थ निकाल रहे हैं।

भाजपा के खराब प्रदर्शन की प्रबल संभावना तथा 10 को घोषित होने वाले पाँच विधानसभा चुनाव-परिणामों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं गोवा में उसकी संभावित पराजय तथा पंजाब में उसके रास्ते में आ रही अड़चनों के कारण इस मीटिंग की महत्ता और भी बढ़ गई है।

अगर भाजपा उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं गोवा की सत्ता से बेदखल हो जाती है तथा केवल मणिपुर में ही जीत पाती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजेय होने की धारणा टुकड़े-टुकड़े हो जायेगी तथा एक राष्ट्रीय विकल्प के तैयार होने की स्थितियाँ एवं संभावनाएं बहुत प्रबल हो जायेंगी।

- नीतीश काफी परेशान हैं भाजपा की बिहार इकाई से, जो कि, नीतीश की आलोचना करने व तंग करने का कोई मौका नहीं चूकती।
- इसी प्रकार, प्रशांत किशोर भी ममता बनर्जी व उनके महत्वकांक्षी भतीजे की आपसी खींचतान में काफी पिस रहे हैं तथा नया राजनीतिज्ञ ढूंढ रहे हैं, एकजुट व संगठित गैर कांग्रेसी व गैर भाजपायी विपक्ष का नेतृत्व संभालने के लिये।
- प्रशांत किशोर के सोच में नीतीश कुमार से ज्यादा कोई उपयुक्त नहीं है, यह भूमिका निभाने के लिये।
- नीतीश ने भी अपने दिल्ली निवास पर आयोजित बैठक की खबर जानबूझ कर सार्वजनिक करवायी, जिससे भाजपा भी उन्हें राजनीतिक दृष्टि से हलका व पिटा हुआ मोहरा मानना छोड़े।

प्रशान्त किशोर, जो 2024 के लोक सभा चुनावों में भाजपा को टक्कर देने के लिये, कुछ दिन से ग़ैर-भाजपा विपक्ष को एक कॉमन मंच पर लाने की कोशिश में हैं, इस समय सभी संभावनाओं और विकल्पों को ही खँगाल रहे हैं जिससे मतदाताओं के सामने मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का एक व्यवहार्य विकल्प प्रस्तुत किया जा सके। टी.एम.सी. को गोवा में विधानसभा चुनाव लड़ाकर, टी.एम.सी. को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का किशोर का जुआ असफल होता दिखाई दे रहा है तथा इस प्रकार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी के रूप में प्रोजेक्ट किये जाने पर प्रश्न-चिन्ह लग गया है। अब यह कहा जा रहा है कि किशोर इस पद के लिये नीतीश को आगे लाने की कोशिश में हैं जिनके साथ उनका बहुत अच्छा तालमेल एवं पारस्परिक समझ-बूझ है।

चूँकि, नीतीश कुमार बिहार की भाजपा इकाई के साथ समस्याएँ चलती आ रही हैं, मोदी-शाह की जोड़ी सहित, अन्य केन्द्रीय नेताओं के मार्गदर्शन एवं अनुमोदन के तहत ऐसा कर रही है, इसलिये नीतीश भाजपा का साथ छोड़ने के लिये तैयार हैं। ऐसी स्थिति में किशोर का आत्मविश्वास कुछ और बढ़ जायेगा।

2020 में, जे.डी.यू. में नम्बर दो की हैसियत से काम कर रहे प्रशान्त किशोर को नीतीश कुमार ने बर्खास्त कर दिया था। उस समय के बाद, इन दोनों के बीच हुई यह पहली मीटिंग एक बंद कक्ष में 2 घंटे तक चली बताते हैं। यह मीटिंग नई दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अभी भी 63 करोड़ लोगों का वैक्सिनेशन नहीं हुआ

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 फरवरी। स्वास्थ्य मंत्रालय के आँकड़े बताते है कि शनिवार को राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान का 400वाँ दिन था तथा अब तक भारत की 139 करोड़ जनसंख्या में से केवल 63 करोड़ लोगों के ही टीके लगे हैं। इस प्रकार सरकार का लगवाने का दावा झूठा साबित हो गया है। 31 दिसम्बर 2021 तक सबको टीके लग जायेंगे।

- स्वास्थ्य मंत्रालय से जारी आंकड़ों से यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आँकड़े बताते

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुराने ट्रक व बसों की फिटनेस

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 फरवरी। 1 अप्रैल से शुरू हो रहे वित्तीय वर्ष में लागू होने जा रहे नये नियमों के तहत, आठ साल से पुराने ट्रकों और बसों के मालिकों को हर वर्ष सरकार अनुमोदित ऑटोमेटेड फिटनेस स्टेशनों से अपने वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट लेना होगा।

नये ट्रकों तथा बसों के लिये भी, उनकी खरीद के बाद हर दूसरे साल फिटनेस चैक कराना अनिवार्य होगा। बिना फिटनेस सर्टिफिकेट वाले सड़क

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विदेश में पी.एच.डी. आदि की पढ़ाई के लिये स्कॉलरशिप की राशि बढ़ाई सरकार ने

## पर, साथ ही यह निर्णय भी लिया कि, किस विषय पर पी.एच.डी. व रिसर्च की जाएगी, उसका अंतिम निर्णय सरकार करेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 फरवरी। सरकार ने अनुसूचित जातियों, खानबदोश आदिवासियों, खेतिहर मजदूरों के बच्चों और पारम्परिक दस्तकार समुदायों के लिए विदेश में अध्ययन संबंधी छात्रवृत्तियों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी है हालांकि गत 6 वर्ष में स्कॉलरशिप के लिए कुछ का ही चयन हुआ है। वर्ष 2021-22 में सबसे कम 39 विद्यार्थियों का ही चयन हुआ था। सरकार ने इसमे कई शर्तें लगा दी है कि विदेशी विश्वविद्यालय में मास्टर्स करने या पी.एच.डी. करने के लिए वे कौनसा विषय चुनेंगे।

नैशनल ओवरसीज़ स्कॉलरशिप (एन.ओ.एस.) की संशोधित गाइडलाइन्स गुरुवार को समाज कल्याण एवं सशक्तीकरण मंत्रालय की वैबसाइड पर अपलोड की गई जिसमें साफ कर दिया गया कि अभ्यर्थी भारतीय संस्कृति, विरासत, इतिहास या भारतीय सामाजिक विषयों पर अध्ययन के लिए स्कॉलरशिप का इस्तेमाल नहीं कर सकता है।

- सरकार के इस निर्णय से लगा कि, सरकार नहीं चाहती कि, विदेशी युनिवर्सिटीज़ में, भारत की वर्ण व्यवस्था (कास्ट सिस्टम), लिंगभेद, ब्राह्मणवादी सोच व दर्शन आदि पर रिसर्च हो।

इसके अलावा, शोध के शीर्षक की अन्तिम स्वीकृति एनओएस की सलेक्शन-कम-स्क्रीनिंग कमेटी जारी करेगी।

शिक्षाविदों का कहना है कि यह उन विद्यार्थियों पर ज्यादती एवं पाबन्दी लगाना है, जो इससे पहले अपनी पसन्द का शीर्षक लेने के लिये स्वतंत्र थे। यह स्थिति 1950 के दशक से ही चली आ रही थी, जब यह छात्रवृत्ति व्यवस्था शुरू हुई थी। मंत्रालय ने शीर्षक के निर्धारण के मामले में अपने कथन का औचित्य बताते हुये कहा कि यह विद्यार्थियों को की जा रही वित्तीय सहायता है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार चयनित अभ्यर्थियों के पूरे शिक्षण शुल्क का भुगतान करती है तथा मेडिकल बीमा राशि तथा वीजा शुल्क के अलावा, विद्यार्थी को 15,400 डॉलर का वार्षिक मेंटीनेंस भत्ता तथा 1500 डॉलर का कन्टिन्जेंसी भत्ता देती है।

यद्यपि शर्तों में बताई गई गाइडलाइनें सविस्तार दी गई हैं, लेकिन शिक्षाविदों का कहना है कि इन नियमों से हिन्दू धर्म में जाति-व्यवस्था, भारत में लैंगिक असमानता, ब्राह्मणवादी सांस्कृतिक परम्पराएं, जाति के संदर्भ में गरीबी तथा ऐसे ही अन्य शीर्षकों पर विदेशी विश्वविद्यालयों में शोध करना प्रतिबन्धित हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ये गाइड लाइनें ऐसे समय पर आई हैं,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गत चार महीनों में 1.8 लाख इलैक्ट्रिक वाहन बिके

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 फरवरी। 1 सरकार ने अक्टूबर 2021 से लेकर जनवरी 2022 तक 1.8 लाख इलैक्ट्रिक वाहनों की खरीद को देखते हुए 40 लाख से अधिक आबादी वाली नौ मेगा सिरीज़ में सरकारी और निजी संस्थानों के इलैक्ट्रिक वीकल चार्जिंग स्टेशन खोलने के कई कदम उठाए हैं। लोगों को

- सरकार अब ताबड़-तोड़ तरीके से इन इलैक्ट्रिक वाहनों की बैटरी चार्ज करने के लिये चार्जिंग स्टेशन खोलने में लगी, क्योंकि बैटरी चार्जिंग स्टेशनों की कमी ही सबसे बड़ी बाधा मानी जा रही है, इलैक्ट्रिक वाहनों के और लोकप्रिय होने में।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एन.आई.ए. ने जोधपुर में दबिश दी

## जम्मू-कश्मीर और दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश रचने के मामले में जोधपुर में भी भारी पूछताछ की गयी

जोधपुर, 19 फरवरी (कासं)। नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एन आई ए) ने शनिवार को जम्मू कश्मीर और दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश रचने के मामले में देशभर में 7 जगहों पर दबिश दी। इसी क्रम में जोधपुर के रतानाड़ा निवासी बरकत अली से भी पूछताछ की गई। ए.आई.ए. टीम ने सुबह बरकत अली के मकान पर दबिश दी और उससे करीब 5 घंटे तक पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद टीम वहां से रवाना हो गई। इसके बाद अली को पूछताछ के लिए इन्टैलीजेंस ब्यूरो (आई.बी.) के ऑफिस में बुलाया गया, जहां एन.आई.ए. और आई.बी. की टीमों ने उससे संयुक्त रूप से पूछताछ की। उसे फिर उसके घर ले जाया गया। माना जा रहा है कि एन.आई.ए. अगले कुछ दिन में अली को दिल्ली बुलाकर नए सिरे से पूछताछ कर सकती है।

- पत्रकार बरकत अली से पांच घंटे पूछताछ की गयी। बरकत अली ने कहा कि, उन्होंने इस आतंकवादी गतिविधि के संबंध में पहले भी सरकार से कुछ इनपुट शेयर किये हैं।
- बरकत अली लम्बे समय से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि एन.आई.ए. की टीमों ने जोधपुर के अलावा जम्मू-कश्मीर के सोपोर, कुपवाड़ा, शोपिया, राजौरी, बड़गांव और गंदेरबल में भी दबिश दी है।

पूछताछ के बाद एन.आई.ए. की टीम निकल गई । इसके बाद बरकत ने मीडिया से भी बातचीत की। उसका दावा था कि वह पत्रकारिता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम करता है और कई ऑपरेशन्स में शामिल रहा है। उसने कहा कि "देश में आतंकवाद बढ़ रहा है, एन.आई.ए. की टीम ने मुझसे जानकारी ली थी। मुझ से कहा गया कि जरूरत पड़ी तो आपसे फिर बात करेंगे। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे कई समूह माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। मुझे भी लंबे समय से धमकी दी जा रही है।

**2 आई.पी.एस. के साथ 8 लोग पहुंचे:**

बरकत ने बताया कि धमकी मिलने के बाद एन.आई.ए. की टीम ने पूछताछ की थी। उसने दावा किया है कि वह इस संबंध में पहले भी सरकार को कुछ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पहले दो चरणों में "कमण्डल" पर जोर था, तीसरे चरण में मण्डल पर है

## यादव बाहुल्य तीसरे चरण में भाजपा असली समाजवाद की बात कर रही है, सपा के फर्जी समाजवाद के मुकाबले में

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 फरवरी। उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए कल होने वाले तीसरे चरण के महत्वपूर्ण मतदान से पूर्व दो घटनाक्रम हुए हैं, जो गौरतलब हैं। पहला तो है समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की चुनावी दंगल में एंट्री और दूसरा है, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आज गोंडा में किया गया यह दावा कि सपा के "नकली समाजवाद" की तुलना में भाजपा का "समाजवादी" होने का दावा अधिक मजबूत है।

- अभी तक की रिपोर्ट्स के अनुसार ओ.बी.सी. का पिछड़ा व निचला वर्ग अभी भी भाजपा के समर्थन में है, जबकि, ओ.बी.सी. का नया धनाढ्य व महत्वकांक्षी वर्ग, जिसमें कुर्मी व मौर्य शामिल हैं, सपा के साथ है।
- पिछले विधानसभा चुनाव में सपा अपने इस गढ़ में ही बुरी तरह पराजित हुई थी, क्योंकि जनता की निगाह में मुलायम सिंह के परिवार में ही काफी झगड़े थे।
- इस बार इस छवि को खत्म करने के लिये मुलायम सिंह स्वयं प्रचार में उतरे तथा अखिलेश व शिवपाल को एक ही मंच पर लाकर आमसभा की।

उत्तर प्रदेश चुनाव राज्य के पश्चिमी भाग में सम्पन्न मतदान के दोनों चरणों में प्रभावी रहे "कमण्डल" के चरण से निकलकर अब प्रकट रूप से "मण्डल" चरण की ओर बढ़ रहे हैं, जो तीसरे दौर में 16 जिलों के 59 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान के साथ ही शुरु हो जाएगा। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कई जातियों का जनसांख्यिकीय मिश्रण है। बताया जाता है कि इस चरण की आनुमानित 32 सीटों पर जहां यादव बैल्ट का वर्चस्व है, वहीं कुर्मी, प्रजापति, शाक्य, मौर्य और लोध सहित गैर यादव ओ.बी.सी. मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं।

बुंदेलखण्ड क्षेत्र की 13 सीटें भी तीसरे चरण में शामिल हैं, जहाँ अनुसूचित जाति के लोगों की करीब 22 प्रतिशत आबादी है। वर्ष 2017 के पिछले चुनावों में भाजपा ने अपनी सोशल इंजीनियरिंग रणनीति के तहत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



**विचार बिन्दु**

परिश्रम करने से ही कार्य सिद्ध होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं। –हितोपदेश

# डंडारोपण उष्णकटिबंधीय वनों के पुनर्स्थापन की प्रभावी रणनीति है

वृक्षारोपण के माध्यम से उष्णकटिबंधीय वनों की बहाली एक बहु–प्रचलित विधि है परन्तु महंगी है क्योंकि रोपण क्षेत्र में कम से कम 2–3 साल के लिये खर–पतवार का प्रबंध आवश्यक रहता है। एक वैकल्पिक विधि वृक्षों की बड़ी शाखाओं को काटकर रोपण करना है जो कुछ परिस्थितियों में रोपित पौधों से भी बेहतर परिणाम दे सकता है। उदाहरण के लिये एक वर्ष के बाद रोपित पौधों की तुलना में डंडारोपण से उगे पौधों में जमीन के नीचे व ऊपर बायोमास उत्पादन में काफी अधिक वृद्धि देखी जाती है। डंडारोपण (वेजीटेटिव कटिंग, स्टेक प्लांटिंग, जायंट स्टेक्स) उष्णकटिबंधीय वनोंकी बहाली के लिये एक सरल, कम लागत वाला प्रभावी तरीका है किन्तु इसका उपयोग प्राय: कम किया जाता है।यह तकनीक पारंपरिक वृक्षारोपण के तरीकों से जुड़ी बाधाओं को दूर कर वन पुनर्स्थापन के प्रारंभिक परिणामों में सुधार कर सकती है। इस विधि से कुछ प्रजातियों के वृक्षों की बड़ी शाखायें रोपित करने पर शीघ्रता से फुटान होकर नये पौधे स्थापित हो सकते हैं, इसलिये खर–पतवार नियंत्रण की आवश्यकता बहुत कम रह जाती है।

डंडारोपण अनेक कारणों से महत्वपूर्ण है (देखें, एम. दिआज़–पायेज़ इत्यादि, रेस्टोरेशन इकोलॉजी, ई13611, 24 नवम्बर 2021; आर.ए. जहावी, के.डी, हॉल, रेस्टोरेशन इकोलॉजी, 17(6): 854 – 864 2009)। पहली बात यह है की बिजौलों के पूर्ववर्ती चरणों जैसे बीज–संग्रह, सीडलिंग्स को पौधशाला में उगाना, और रखरखाव आदि से बच सकते हैं। दूसरा, चूंकि शुरुआत में रोपण के समय जीवित डंडे की ऊंचाई लगभग 2 मीटर रहती है इसलिये पुनर्स्थापन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को कम करने के लिये खर–पतवार साफ करने की आवश्यकता नहीं रहती है। रोपित किए गये डंडों से बड़े पौधे शीघ्र विकसित हो सकते हैं, जिससे मवेशी चर नहीं पाते।तीसरी बात यह है कि बड़ी कटिंग्स में जड़ें और फुटान होने से शाखायें और छत्र तेजी से विकसित होते हैं जिससे मिट्टी से पोषक तत्व शीघ्रतापूर्वक प्राप्त करने में मदद मिलती है। डंडों से विकसित पौधों में उच्च विकास दर और शीघ्र प्रजनन होता है, जो आवास संरचना को बेहतर करता है और बीज विकीर्णन करने वाले प्राणियों को को अधिक तेज़ी से आकर्षित करता है। बड़ी कटिंग्स प्राय: रोपण के बाद शीघ्रता से फल देने लगती हैं इस कारण पक्षियों और चमगादड़ों को आकर्षित कर सकते हैं जो बीज विकीर्णन में मदद करते हैं। इस प्रकार पौधशाला में पौधे उगाने, परिवहन करने, रोपण करने, साइट का रखरखाव आदि पर आने वाला खर्च कम हो जाता है तथा लागत में 10 गुना तक की कमी की जा सकती है।इस सब बचत के साथ ही तेजी से वृद्धि होने के कारण वन पुनर्स्थापन के परिणाम बेहतर होते हैं।

भारत में बड़ी कटिंग्स पर अध्ययन तो कम प्रकाशित हुए हैं परन्तु अनुभवजन्य ज्ञान बहुत है। वर्ष 1972 में भारतीय वन सेवा के अधिकारी एम.ए. वहीद खान ने सूडान में विकसित की गई बोसवेलिया पेपायरीफेरा को 90–120 सेमी लम्बी और 21–25 सेमी गोलाई की कटिंग्ससे उगाने की तकनीक का वर्णन प्रकाशित किया था। इसके आधार पर यह सुझाव दिया गया था कि यह तकनीक भारत में शल्लकी (बोसवेलिया सेराटा), जिसके वनों के पुनर्स्थापन के सभी प्रयास विफल रहे हैं, के वृक्षारोपण के लिये भी उपयुक्त होनी चाहिये (देखें, एम.ए. वहीद खान, इंडियन फ़ॉरेस्टर, 98(7): 437–440, 1972)। लेकिन असलियत यह है कि राजस्थान में शल्लकी की बड़ी कटिंग्स का रोपण वर्ष 1960 के दशक से ही होता आया है। भारत में एक और अध्ययन आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी के मारेदुमिली क्षेत्र से संबंधित है। अप्रैल 1992 में कुल्लू (स्टरक्यूलिया यूरेन्स) के 30 साल पुराने पेड़ों से 25–38 सेमी की परिधि के लगभग 5 फीट लंबे डंडे एकत्र कर रोपित किये गये थे। इन 13 डंडों में से 11 में सफलता पूर्वक जड़ें और फुटान पाया गया। तने से फुटान 15 दिनों के बाद हुआ और 1.5 महीने के बाद अधिकतम था। रूटिंग 2 महीने के बाद हुई थी। अगस्त 1992 में जड़ वाले पौधों को फील्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था (देखें, के.के. रेड्डी, के. वेंकइया, इंडियन जर्नल ऑफ़ फॉरेस्ट्री, 7(1):66–68, 1994)। जीवित बाड़ लगाने की परंपरा तो पूरे भारत में बहुत पुरानी है (देखें, डी.एन. पाण्डेय, एथनोफॉरेस्ट्री, प्रशासनिका, 23(2): 29–47, 1996)।

दक्षिणी कोस्टा रिका में बरगद कुल की आठ की–स्टोन प्रजातियों पर परीक्षण में डंडों से पुनरुत्पादन की उत्तरजीविता 100 प्रतिशत तक पायी गयी, हालांकि कुछ प्रजातियों में यह अत्यंत कम थी। बचे हुये पौधों का अध्ययन बताता है कि यह पद्धति कम समय में फलों की उपलब्धता में वृद्धि करती है, और इस तरह रेस्टोरेशन के लिये बहुत मददगार है (देखें, आर.ए. जहावी, जे.एल. रीड, पर्सपेक्टिव्स इन इकोलॉजी एंड कंसर्वेशन, 16(3): 133–138, 2018)।

**बड़े तने और जड़ की कटिंग का उपयोग करके पेड़ उगाना एक सामान्य तकनीक है, जिसका उपयोग दुनिया भर में वांछित जीनोटाइप को बनाये रखते हुये शीघ्र फल उत्पादन हेतु लोग करते आये हैं। इस तकनीक का उपयोग जीवित-बाड़ को शीघ्रतापूर्वक स्थापित करने के लिये भी किया जाता रहा है।**

जब पौधशालाओं में पौधे उगाकर वृक्षारोपण क्षेत्र में रोपित किये जाते हैं तो महंगे पड़ते हैं। एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्ययन में 10 प्रजातियों के पौधे रोपित किये गये और उन्ही 10 प्रजातियों की 2 मीटर लंबी वेजिटेटिव कटिंग लगाई गईं। यह अध्ययन 3 वर्ष तक किया गया। दोनों ही प्रकार के रोपण में तने और जड़ों का जैव भार नापा गया। इसमें बड़ी कटिंग्स की उत्तरजीविता 40 से 90 प्रतिशत तक पाई गई। इनमें से 4 प्रजातियों में 3 साल के भीतर फल भी आने लगे। रोचक बात यह थी कि नर्सरी में उगा कर लगाये गये पौधों की तुलना में डंडारोपण से विकसित हुये पौधों का जैवभार 7 से 50 गुना तक अधिक पाया गया। सीडलिंग्स में जहाँ 2 से 15 ग्राम जैव भार पाया गया वहीं डंडारोपण में 65 से 125 ग्राम तक जैवभार मिला। इसके अलावा डंडों से जो जड़ें विकसित हुईं वे 6 मीटर तक पायी गईं, जबकि नर्सरी में उगा कर रोपित किए गये पौधों में जड़ों का विकास इससे कई गुना कम था। इन सब में आये खर्चे का भी तुलनात्मक अध्ययन किया गया और यह पाया गया कि नर्सरी में उगाकर पौधे लगाने का खर्चा डंडों के रोपण से 2 से 10 गुना तक ज्यादा था। हालांकि डंडों का परिवहन भी आसान नहीं है लेकिन वृक्षारोपण की अन्य विधियों के साथ इस विधि को एकीकृत करते हुये उष्णकटिबंधीय शुष्क वनों को अच्छी तरह पुनर्स्थापित किया जा सकता है (देखें, आर.ए. जहावी, के.डी, हॉल, रेस्टोरेशन इकोलॉजी, 17(6): 854 – 864 2009)।

बड़े तने और जड़ की कटिंग का उपयोग करके पेड़ उगाना एक सामान्य तकनीक है, जिसका उपयोग दुनिया भर में वांछित जीनोटाइप को बनाये रखते हुये शीघ्र फल उत्पादन हेतु लोग करते आये हैं। इस तकनीक का उपयोग जीवित–बाड़ को शीघ्रतापूर्वक स्थापित करने के लिये भी किया जाता रहा है। नर्सरी में उगाकर रोपित किये जाने पौधों की तुलना में बड़े डंडों के रोपण के वन बहाली हेतु स्पष्ट पारिस्थितिकीय लाभ हैं किन्तु बड़े कटिंग के उपयोग की ज्यादातर उपेक्षा की गई है।अत: इस तकनीक का प्रयोग करने हेतु कुछ स्पष्ट सुझाव हैं जिनका उपयोग कर हम बड़े पौधे विकसित कर सकते हैं(देखें, डी.एन. पाण्डेय, इंस्टेंट ट्रीज़: स्टेक प्लांटिंग इन ए नटशेल, 2017)।

पहली बात यह है कि उष्णकटिबंधीय शुष्क वनों में पेड़ों की प्रजातियों में फुटान की प्रचुर क्षमता होती है इसलिए आग, कटान या चराई जैसी गड़बड़ी के बाद उच्च पुनरुत्पादन क्षमता होती है। परन्तु ध्यान यह रखना है कि ऐसा जरूरी नहीं है कि जो प्रजातियाँ कॉपिस या पुन:प्रस्फुटन से उग जाती हैं वे सभी बड़ी कटिंग्स से भी उग जायें (डी.एल.एम. विएरा इत्यादि, रेस्टोरेशन इकोलॉजी, 21(3): 305–311, 2013), अत: बड़े डंडों की कटिंग्स से आने वाली प्रजातियों का ही डंडारोपण करना चाहिये।

दूसरी बात यह है कि राजस्थान में अनुभवजन्य ज्ञान देखा जाये तो कुछ प्रजातियों के बड़े वृक्ष, और विशेष रूप से बड़े बरगद के वृक्ष, वनों के पुनर्स्थापन में प्रभावी भूमिका निभाते हैं, इसलिये रोपण क्षेत्रों के आसपास इनके संरक्षण को प्राथमिकता दिया जाना चाहिये। परन्तु जहाँ इन प्रजातियों के वृक्ष नहीं हैं वहां डंडारोपण द्वारा शल्लकी (सालर), वनखड़ा, सेमल, पीपल, बरगद, पीपली (फाइकस एम्प्लीसीमा), गधा–पलाश, गूलर, गुग्गुलु, संदेशड़ा, सहजन आदि की 30 से 50 बड़ी वेजीटेटिव कटिंग्स प्रति हेक्टेयर, जिनमें कम से कम 4 बरगद कुल की कटिंग्स भी हों, लगाना उपयोगी रहता है। इस प्रकार से रोपित हरे डंडे प्रारंभ में बीज विकीर्णन करने वाले पक्षियों को उड़कर बैठने का स्थान देते हैं, और अपनी लम्बाई के कारण खर–पतवार को मात देते हुये वृक्ष का रूप लेकर क्षेत्र के पुनरुत्पादन में बेहतरी लाते हैं।

तीसरी बात यह है कि वृक्षों से कटिंग प्राप्त करते समय यह ध्यान रखना चाहिये किसी भी प्रजाति के केवल एक ही वृक्ष या केवल एक ही क्षेत्र के वृक्षों से कटिंग्स प्राप्त करने के बजाय उस प्रजाति के विभिन्न क्षेत्रों में उग रहे वृक्षों से कटिंग्स लाना और लगाना उचित रहता है ताकि जेनेटिक स्तर पर जैव–विविधता को एक साथ उगाया जा सके। कटिंग द्वारा पौधे उगाने पर अगर केवल कुछ पेड़ों से बहुत सी कटिंग ली जाती हैं तो यह अवांछित आनुवंशिक समरूपता का कारण बनता है। यह चिंता का कारण है क्योंकि पारिस्थितिक पुनर्स्थापन में आनुवंशिक विविधता बढ़ाना महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक है। उदाहरण के लिये यदि सालर और बरगद राजस्थान के विभिन्न जिलों में प्राकृतिक रूप से पाये जाते हैं तो अधिक से अधिक क्षेत्रों से कटिंग्स प्राप्त कर वृक्षारोपण क्षेत्र में उगाना चाहिये।

चौथी बात यह है कि डंडारोपण के समय जमीन पर उल्टा नहीं गाड़ें, बल्कि डंडे का निचला हिस्सा ही जमीन पर लगभग 10 इंच गहरे गाड़ना चाहिये। अनुभव और शोध दोनों से यह ज्ञात होता है कि डंडे का हिस्सा जमीन में गाड़ने के पहले निचले हिस्से में एकाध चीरा मारकर थोर का तुरंत निकाला हुआ लेटेक्स या दूध लगा देने से जड़ों का फुटान शीघ्रता से होता है (देखें,ए. नेगुस्सी इत्यादि, न्यू फॉरेस्ट्स, 37(1):35–42, 2009)। यदि संभव हो तो ऑक्सिन से उपचार किया जा सकता है।

पांचवीं बात यह है कि कटिंग्स की सफल स्थापना को कई कारक प्रभावित करते हैं: जैसे कि प्रजातियां, काटने की उम्र, आकार और लिग्निफिकेशन, संग्रह और रोपण का मौसम, ऑक्सिन और पानी की उपलब्धता। एक ओर पर्णपाती मौसम के दौरान उच्च स्टार्च भंडारण के कारण शुष्क मौसम में कटिंग लेना उपयोगी है, क्योंकि इनमें पहली बारिश के बाद अंकुरित होने के लिये निष्क्रिय कलियां उपलब्ध रहती हैं। लेकिन दूसरी ओर शुष्क मौसम के दौरान कटिंग के प्रस्फुटन को बढ़ावा देने के लिये मिट्टी में पानी उपलब्ध नहीं होता है। अगर कटिंग लेने के लिये वर्षा ऋतु की शुरुआत तक इंतज़ार करें, जो पानी की उपलब्धता के कारण पौधे लगाने का यह सबसे अच्छा समय है, तो शाखाओं में नई पत्तियों का फुटान हो जाने से के लिये स्टार्च सामग्री का रोपण के पहले ही उपयोग किया जा चुकता है। अत: गर्मी के अंत में, वर्षा प्रारंभ होने के ठीक पहले, किन्तु शाखाओं में नई कलियों का फुटान होने के पहले ही मातृ–वृक्षों से कटिंग्स लेना चाहिये और तुरंत रोपण करना चाहिये। कटिंग्स की लम्बाई 2 से 2.5 मीटर और गोलाई 20 से 25 सेंटीमीटर या लगभग कलाई के बराबर होना चाहिये। रोपण के पूर्व शीर्ष में कटे भाग को मोम या गोबर और चिकनी मिट्टी के मिश्रण का लेप लगाने से कटिंग्स ऊपर से सूखने से बच जाती हैं।

अंत में, डंडारोपण उष्णकटिबंधीय वनों के पुनर्स्थापन की प्रभावी रणनीति हैलेकिन कोई जादू नहीं है कि सारी समस्याओं का हल निकाल देगा (देखें, डी. डौटरलुंगने इत्यादि, रेस्टोरेशन इकोलॉजी, 23(6): 861–871, 2015)। स्थानीय वृक्ष प्रजातियों की विविधता व इकोसिस्टम–फंक्शन में महत्वपूर्ण भूमिका वाली प्रजातियों के पुनर्स्थापन के साथ स्थानीय लोगों की जरूरत और कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन को ध्यान रखते हुये वृक्षारोपण, सीधी बुवाई, डंडारोपण, वर्षा–जल संचय, मृदा–संरक्षण, प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बढ़ावा और चराई, कटाई व आग से सुरक्षा जैसे समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# भील राजा बांसिया ने की थी बांसवाड़ा राज्य की स्थापना



पन्नालाल मेघवाल

**राजस्थान** में अरावली के पहाड़ों पर लगभग चार हजार वर्ष ईसा पूर्व से जनजातियों का कब्जा था। प्रदेश में कोटा, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, मनोहरथाना, कुशलगढ़, भीनमाल, उदयपुर, प्रतापगढ़, भोमट, सलूंबर और जगरगढ़ क्षेत्र अरावली के पहाडों से घिरा हुआ था।

प्रारंभ में अरावली के पहाड़ों से घिरे इन राज्यों में लंबे समय तक भील राजाओं का शासन रहा था। राणा पूंजा भील ने मेवाड़ में भील जनजाति को एकजुट कर भीलों की मजबूत सेना का निर्माण किया। राणा पूंजा भील की इसी सेना के सहयोग से महाराणा प्रताप ने मुगलों का सामना किया था।

इतिहासकारों के अनुसार कोटा राज्य की स्थापना कोटिया भील ने की थी। कोटा राज्य भील जाति का प्रमुख केंद्र था, यहां पर कई वर्षों तक भील जातियों का शासन रहा। कोटा के पास स्थित अकेलगढ़ का पुराना किला तथा आसलपुर की ध्वस्त नगरी पर भीलों का शासन था। यहां के भील सरदारों कोकोटियाउपनाम से जाना जाता था। बूंदी के शासकसमरसिंह के पुत्र जैत्रसिंह ने 1274 ईस्वी में कोटिया भील को मारकर कोटा राज्य पर कब्जा किया और हाडा वंश राज्य की स्थापना की।

भील राजा बिया (बापड़ा) चरपोटा ने चित्तौड़गढ़, मल्हारगढ़ एवं धारगढ़ राजधानियों पर राज किया। उनके दो पुत्र अमरा एवं वागा चरपोटा थे। भील राजा बिया के पुत्र भील राजा अमरा ने अमरथुन बसाया। दूसरे पुत्र भील राजा वागा ने वाड़गुन बसाया। भील राजा अमरा ने अमरथुन को अपनी राजधानी बनाया। वे यहां से पूरे क्षेत्र में राज किया करते थे।

भील राजा अमरा के दो पुत्र बांसिया एवं बदिया थे। भील राजा अमरा के बाद भील राजा बांसिया यहां के शासक बने। राजा बांसिया व उसके भाई बहन ने अमरचंद नगर से निकलकर एक घने जंगल को काटकर नगर बसाया, जिसका नाम भील राजा बांसिया के नाम से बांसवाड़ा किया गया। भील राजा बांसिया ने बांसवाड़ा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने बांसवाड़ा की स्थापना 14 जनवरी 1515 ईस्वी को मकर संक्रांति के दिन की थी। इस दिन खुशी से तिल–पपड़ी का प्रसाद बनाकर पूरे नगर में बांटे जाते है। यह परंपरा बांसवाड़ा में आज भी चल रही है।

बांसिया भील की दो पत्नियां संवाई एवं हंगवाई थी। संवाई के नाम से संवाईपुरा नगर बसाया गया जबकि हंगवाई के नाम से अमरथुन में हंगनगर पहाड़ का नामकरण किया गया। बांसिया भील के तीन बहनों के नाम से तालाबों का नामकरण किया गया। बांसिया भील ने बांसवाड़ा में समाईपुरा और अमरथुन में हुरनगर पहाड़ पर किले का निर्माण कराया था, जिसके अवशेष आज भी मौजूद है। डूंगरपुर राज्य के उदयसिंह के द्वितीय पुत्र जगमालने इस राज्य को जीतकर अपना अधिकार किया था।

डूंगरपुर राज्य की स्थापना डूंगरिया भील ने की थी। डूंगरिया भील साहसी, बहादुर एवं वीर योद्धा था। उसकी वीरता एवं बहादुरी से अन्य राज्य भयभीत रहते थे। श्यामलदास के वीर विनोद के अनुसार चित्तौड के राजारतन सिंह के पुत्र कुंवर महाप ने 1197 ईस्वी में डूंगरिया भील को मारकर डूंगरपुर पर अधिकार किया था।

डूंगरपुर के पहले शासक कुंवर महाप और उनके वंशज थे। कुंवर महाप ने गलियाकोट में राजधानी स्थापित की। गलियाकोट में आज भी उनका खंडहर महल है। 12 वीं शताब्दी के अंत में मेवाड़ शासक के सबसे बड़े पुत्र सामंतसिंह को अपने छोटे भाई कुमारसिंह के साथ मेवाड़ छोड़ना पड़ा। सामंतसिंह बागोर के पहाड़ी क्षेत्र में चले गए। सामंतसिंह के उत्तराधिकारियों ने बागोर के पूरे प्रांत को नियंत्रित कर लिया।

1527 ईस्वी में खानवा के युद्ध में बागोर के रावल उदयसिंह बाबर के खिलाफ मेवाड़ के लिए लड़ रहे थे। उसके बाद उनके दोनों पुत्रों के बीच उसका क्षेत्र बँट गया और दो अलग–अलग राज्यों का गठन हुआ। पृथ्वीराज डूंगरपुर में रहे जबकि उनके भाई जगमालसिंह बांसवाड़ा के स्वतंत्र शासक बने।

बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिले में माही एवं सोम नदियां बहती है। बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिला वागड क्षेत्र कहलाता है। वागड़ प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी भील समुदाय की है। भील समुदाय में प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारा अधिक है। ये लोग आपस में एक दूसरे की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। ये तीज त्यौहार, शादी–ब्याह, जन्म एवं मृत्यु के सामाजिक कार्य सहभागिता से करते हैं। भील समुदाय में स्त्री एवं पुरुष समान हैं। अप्रैल महीने में भगोरिया त्यौहार होता है। इसमें लड़के–लडकियां मेले में आते है। इस मेले में वे अपना पसंदीदा जीवनसाथी चुनकर परिणय सूत्र में बंधते हैं।



भील राजा बांसिया

**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# सिरोही सरपंच की अनूठी मिसाल, बिना दहेज बेटे की शादी की

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम आगवाडी में एक ससुर ने दहेज परंपरा को समाप्त करते हुए अपने जमाई सिरोही सरपंच जेपी कस्वा की प्रेरणा और सलाह पर अपने बेटे की शादी में दहेज न लेकर बल्कि अपनी नई नवेली बहू को 14 लाख कीमत की कार भेंट करके एक अनूठी मिसाल पेश की।

वर पक्ष के लोगों ने बहू के परिवार से कोई दहेज नहीं लिया बल्कि बहू को बेटी मान कर बहू को कुछ गिफ्ट करेंगे व ख्याल रखेंगे।

जानकारी अनुसार नीमकाथाना उपंखड के गांव आगवाडी निवासी अर्जुनलाल चंदेलिया भारतीय सेना में ओनररी कप्तान रहे हैं। अर्जुन चंदेलिया के छोटे पुत्र विकास जो भारतीय सेना में है । छोटे पुत्र विकास की शादी नीमकाथाना उपखंड के गांव कैरवाली के ओम प्रकाश बुडानिया की बेटी निरमा के साथ हुई है जो एक किसान है। दुल्हन निरमा तृतीय श्रेणी शिक्षक हैं । विकास जम्मू कश्मीर में सेवा दे रहा है वहीं दुल्हन निरमा नीमकाथाना उपखंड के नयाबास गांव में तृतीय श्रेणी अध्यापक है। अर्जुन चंदेलिया ने अपने बेटे की नई नवेली बहू निरमा को मुंह दिखाई में लाखों की कार गिफ्ट में दे दी। इस अवसर पर सिरोही सरपंच जयप्रकाश कस्वा, जन हितैषी संस्था सिरोही अनिल फौजी, भोमाराम चंदेलिया, बुलकेश, विक्रम कस्वा, डॉ योगेश, अनिल सहित परिवार जन व अनेक लोग उपस्थित रहे।



वर पक्ष ने वधू को कार भी गिफ्ट की।

# वैवाहिक रस्में पूरी कर हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई हुई

**वैर,** (निसं)। कुछ लोग अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए अलग–अलग प्रकार के जतन करते हैं । ऐसा ही नजारा वैर थाना इलाके के गांव प्रेम नगर में देखने को मिला । जहां एक दूल्हा अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचा। वैवाहिक रस्में पूरी कर दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लेकर वापिस अपने गांव के लिए रवाना हुआ।

गांव प्रेम नगर निवासी दिनेश चंद सैनी की पुत्री खुशबू का विवाह नादौती तहसील के गांव कैमरी निवासी विजेंद्र के साथ हुआ। जहां शनिवार को दूल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन के गांव प्रेम नगर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए पहुंचा।



वैर के प्रेम नगर निवासी दिनेश सैनी की पुत्री की हैलीकॉप्टर में विदाई हुई।

गांव प्रेमनगर के पास हेलीपैड बनाया गया जहां से दूल्हा दुल्हन के घर पहुंचा और वैवाहिक रस्में पूरी की गई। हेलीकॉप्टर से शाम को दुल्हन की विदाई हुई। हेलीकॉप्टर को देखने आस–पास ग्रामीणों की भारी तादाद में भीड़ पहुंची।

दूल्हा विजेंद्र का कहना था कि उसकी मां पांची देवी व उसके पिता राधेश्याम सैनी की इच्छा थी कि उसका बेटा अपनी दुल्हन को ससुराल से हेलीकॉप्टर से लेकर आए। जिसके लिए दिल्ली की एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर किराए पर लिया। सुबह साढ़े 12 बजे हेलीकॉप्टर प्रेम नगर पहुंचा।

दूल्हा के आने से लेकर दुल्हन की विदाई तक हेलीकॉप्टर हैलीपेड पर ही खड़ा रहा । इस कार्यक्रम के लिए दिनेश चंद सैनी ने प्रशासन से अनुमति ली थी, जिसके चलते पुलिस, दमकल, एंबुलेंस सहित सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रही।

## राशिफल रविवार 20 फरवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2078, हस्त नक्षत्र सांय 4:42 तक, शूल योग दिन 3:07 तक, बव करण प्रात: 9:31 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:31 पर तुला राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–धनु, बुध–मकर, गुरू–कुम्भ, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से सांय 4:42 तक है। आज चतुरथी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:56 पर होगा। आज से राष्ट्रीय फाल्गुन मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:28 से 9:52 तक, लाभ–अमृत 9:52 से 12:41 तक, शुभ 2:05 से 3:29 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:03, सूर्यास्त 6:18

**मेष**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आवश्यक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी।

**वृष**
परिजनों का व्यवहार अच्छा नहीं रहेगा। मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये–पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धन हानि हो सकती है। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा और धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**तुला**
घर–गृहस्थी के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
महत्वपूर्ण और अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मकर**
आज धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। शुभ कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

# राजस्थान में केवल 1075 नए करोना संक्रमित

## राज्य में शनिवार को 158 और मामले कम मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमण के मामलों में लगातार गिरावट जारी है। इसके चलते शनिवार को राज्य में 158 और मामले कम मिलने के साथ ही 1075 नए संक्रमित पाए गए हैं। हालाकि इस बीच राज्य में करोना से 9 और लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेश में शनिवार को 1075 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 1233 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। शनिवार को थोड़ी और गिरावट के जिले में 333 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 89, अजमेर में 57, राजसमंद में 49, बांसवाड़ा में 44, उदयपुर में 42, गंगानगर में 41, अलवर में 37, नागौर में 31, सीकर में 28, चूरू में 26, झुंझुनूं व टोंक में 25-25, बीकानेर, कोटा व करौली में 23-23, प्रतापगढ़ में 21, झालावाड़ में 18, भरतपुर में 15, पाली व सवाई माधोपुर में 14-14, भीलवाड़ा में 13, चित्तौड़गढ़ में 11, बारां, जालोर, सिरोही व हनुमानगढ़ में 10-10, धौलपुर व डूंगरपुर में 8-8, दौसा में 6, बाड़मेर व बूंदी में 5-5 और जैसलमेर में 1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 2299 मरीज और ठीक हुए हैं।

- राजधानी जयपुर में मामूली गिरावट के बाद 333 नए संक्रमित मिले हैं।
- राज्य में शनिवार को करोना से 9 और लोगों की मौत हो गई है।

इसके साथ ही प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 12 लाख 53 हजार 305 लोग इस बीमारी से स्वस्थ हो चुके हैं। राज्य में लगातार रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 10 हजार 967 रहे गए हैं। इनमें 3479 मामले जयपुर जिले में हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में करोना से हो रही मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। राज्य में शनिवार को भी इस बीमारी से 9 और लोगों की मौत हो गई है। इनमें जयपुर में 3 तथा अजमेर, गंगानगर, जोधपुर, नागौर, राजसमंद तथा टोंक में 1-1 मरीज की मृत्यु हुई है। प्रदेश में अब तक करोना से 9516 लोगों की मौत हो चुकी है।

## मानसरोवर में 27 नए संक्रमित मिले

जयपुर में लगातार करोना का दायरा कम होता जा रहा है। शहर में शनिवार को 52 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 27 मरीज मानसरोवर में इलाके में पाए गए हैं। इसके अलावा वैशाली नगर में 26, जगतपुरा में 23, दुर्गापुरा व सोड़ाला में 14-14, मुरलीपुरा व विद्याधर नगर इलाके में 12-12, प्रतापनगर में 11 और मालवीय नगर तथा सांगानेर में 10-10 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 4 मरीज के नाम पता व मोबाइल नम्बर गलत होने पर उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका। जिले में पिछले 24 घंटों में 752 लोग रिकवर हुए हैं।




राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ शनिवार को आरएएस मैंस एग्जाम को पोस्टपोन करवाने के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय में 8 दिन से धरने पर बैठे अभ्यर्थियों से मिले।

# 'मेड इन इंडिया' पुस्तक पर चर्चा

**जयपुर**, (का.सं.)। भारतीय रेलवे लेखा सेवा की अधिकारी तारिका रॉय और भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी सौम्या गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई पुस्तक 'मेड इन इंडिया' पर आई.ए.एस. लिटरेरी सोसायटी राजस्थान द्वारा वर्चुअल इंटरेक्शन सेशन माध्यम से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन आई.ए.एस. मुग्धा सिन्हा ने किया। तारिका रॉय और सौम्या गुप्ता की यह पहली किताब है।

तारिका रॉय ने अपनी किताब पर चर्चा करते हुए बताया कि यह पुस्तक हमारे देश भारत और भारतीयों की आदतों, रहन -सहन, आचार -व्यवहार और यहां की संस्कृति और परंपराओं के मजेदार पहलुओं की खोज है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय इस किताब से खुद को जोड़ सकता है। यह पुस्तक बताती है कि हम एक व्यक्ति और एक राष्ट्र के रूप में कौन हैं, हमारी विचित्रता, अंधविश्वास, असंख्य देवी-देवता और पवित्र पुरुष, हमारे भीड़ -भाड़ वाले शहर और सड़कें, फिल्मी सितारों और फिल्मी शैली के साथ हमारा जुनून, बड़ी और छोटी सभी समस्याओं को हल करने के हमारे जुगाड़ू तरीके, हमारे विविध व्यंजन, सांस्कृतिक परंपराएं और कला रूप और विविधता में एकता जो हमारे सतही मतभेदों को पाटती है। उन्होंने बताया कि पुस्तक के एक अध्याय में भारतीय रेल के साथ जुड़े अनुभव और भावनाएं पाठकों की बहुत सी यादें ताजा कर देंगे।

सौम्या गुप्ता ने बताया कि यह किताब हमारे देश से बाहर रहने वाले लोगों को भी रोचक, अनूठे और विशिष्ट भारत की तस्वीर दिखाएगी। इस किताब में पाठकों को ट्रकों के पीछे लिखी इबारतों से लेकर लोगों के मुंह पर रहने वाले तकिया कलामों के मजेदार रूप पढ़ने को मिलेंगे। साथ ही पैरेंटल कंट्रोल और हाईवे स्पेशल ढाबों की दुनिया के मजेदार किस्से भी।

## भारत के स्वाभिमान के लिये लड़े महाराणा प्रताप : खाचरियावास

**जयपुर**। खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने संवाददाताओं से कहा कि महाराणा प्रताप बलिदान के लिये जाने जाते हैं। उन्होंने स्वाभिमान के लिये मेवाड़ के अभिमान के लिये और भारत के गौरव को अमर करने के लिये किसी की भी अधीनता स्वीकार नहीं की। इसलिये महाराणा प्रताप को स्वाभिमान ओर शौर्य के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है।

## रीट मामले में पत्रकार बबलू मीना गिरफ्तार

**जयपुर**, (का.सं.)। रीट पेपर लीक मामले में पुलिस ने एक पत्रकार को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, ए.टी.एस. एवं एस.ओ.जी. अशोक राठौड़ ने बताया कि रीट परीक्षा पेपर आउट प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार शुदा अभियुक्त नरेन्द्र ग्राम सेवक से पूछताछ एवं अनुसंधान के दौरान आये अन्य तथ्यों के आधार पर बबलू मीना को गिरफ्तार किया गया है। बबलू मीना पुत्र रामधन मीना मूलत: दौसा का रहने वाला है जो जालौर में जी न्यूज का संवाददाता है। वह विगत 10 वर्षों से न्यूज रिपोर्टर के रुप में कार्यरत है। जांच में सामने आया कि उसने भी रीट परीक्षा दी थी।



प्रकरण में अब तक कुल 40 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पेपर लीक प्रकरण से जुड़े अन्य अभियुक्तों के बारे में गहन पूछताछ व अनुसंधान किया जा रहा है।

# दलित महिला की हत्या में कांग्रेस के नेताओं का हाथ है : किरोड़ी लाल

**जयपुर**। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ शनिवार को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचे। 4 फरवरी को डीडवाना (नागौर) में दलित महिला के साथ हुए गैंग रेप के बाद उसकी मौत हो गई। डॉ. मीणा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। महिला के परिजनों का कहना है कि 4 फरवरी को महिला घर से गायब हुई थी जिसकी सूचना डीड़वाना थाना में पुलिस को दी गई पर पुलिस ने आनाकानी कर मामले पर गौर नहीं किया।

उन्होंने कहा कि इस लापरवाही के कारण महिला के साथ दरिंदगी हुई। दरिंदों ने उसके शरीर को नोच डाला ओर उसे घायल अवस्था में बलात्कार करके फेंक दिया। परिजनों ने थाने में दूसरी बार 9 फरवरी को शिकायत की। तब नागौर एसपी के दखल के बाद पुलिस हरकत में आई। 10 फरवरी को महिला जब बेहोश हालत में मिली तब तक उसके शरीर में कीड़े पड़ चुके थे। अत: उसे डीडवाना से जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में रेफर किया गया। जयपुर में ही 17 तारीख को उसकी मृत्यु हो गई। उस महिला का मृत शरीर 2 दिन से एसएमएस हॉस्पिटल में है और उनके परिजन धरने पर बैठे हैं। शनिवार को डॉ. किरोड़ी लाल मीणा परिजनों के साथ शहीद स्मारक धरने पर बैठे। डॉ. मीणा की मांग है कि परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही इस मामले में लिप्त पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। राजनीतिक प्रभावशाली जो लोग इसमें लिप्त हैं उनको गिरफ्तार किया जाए। डॉ. मीणा ने कहा है कि डीडवाना पंचायत समिति में कांग्रेस सदस्य आईदानाराम का राजनैतिक संरक्षण अपराधियों को प्राप्त है। जब तक सरकार मांगें नहीं मानेगी और दोषियों को नहीं पकड़ेगी तब तक वे परिवार के साथ सांकेतिक धरने पर बैठे रहेंगे में अभी पीड़ित दलित परिजनों के साथ एसएमएस की मोर्चरी में सांकेतिक धरने पर बैठा हूं।

## पटवारी भर्ती में नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाने पर जवाब तलब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पटवारी भर्ती-2021 में नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाने पर कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश रविकुमार वर्मा व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि वर्ष 2021 में पटवारी के पदों पर भर्ती निकाली गई थी। भर्ती परीक्षा चार चरणों में आयोजित की गई। वहीं 22 नवंबर 2021 को कर्मचारी चयन बोर्ड ने प्रारंभिक उत्तर कुंजी भी जारी कर दी। याचिका में कहा गया कि बोर्ड ने नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाते हुए परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया और 13 दिसंबर को परिणाम भी जारी कर दिया। इसके बाद गत 25 जनवरी को अंतिम उत्तर कुंजी जारी की गई। याचिका में कहा गया कि भर्ती विज्ञापन जारी करने के समय से लेकर प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी करने तक बोर्ड ने नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया से परिणाम घोषित करने का खुलासा नहीं किया और प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी करने के बाद इस प्रक्रिया से परिणाम जारी करना तय किया। जबकि स्थापित सिद्धांत है कि एक बार खेल शुरू होने के बाद उसके नियमों में संशोधन नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ताओं के अंक कट ऑफ से अधिक हैं, लेकिन नॉर्मलाइजेशन के कारण नियुक्ति से वंचित किया जा रहा है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने बोर्ड सचिव से जवाब तलब किया है।

# राज्य सरकार एससी, एसटी व कमजोर तबकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़े एवं समाज के कमजोर वर्गों के हित में पिछले तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं।

गहलोत शनिवार को योजना भवन में राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा एवं उपाध्यक्ष सचिन सर्वटे के कार्यग्रहण के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग द्वारा दी गई सलाह से राज्य सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण की दिशा में और बेहतर निर्णय ले सकेगी। उन्होंने आगामी बजट में एस.सी. वर्ग के कल्याण के सम्बन्ध में आयोग से सुझाव भी आमंत्रित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भी छुआछूत एवं भेदभाव की घटनाएं सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण है।




मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को योजना भवन में राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा एवं उपाध्यक्ष सचिन सर्वटे के कार्यग्रहण के अवसर पर संबोधित किया।

दलितों पर अत्याचार एवं छुआछूत मानवता पर कलंक है। ऐसे में, हम सभी की जिम्मेदारी है कि शिक्षा को बढ़ावा दें और आमजन में इसके बारे में जागरूकता पैदा करें।

गहलोत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की रहनुमाई में हमें आजादी मिली। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश का संविधान बनाया, जिसमें सभी को साथ लेकर चलने की मूल भावना निहित है। संविधान की इसी भावना के आधार पर गरीब, पिछड़े एवं कमजोर लोगों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत देश में ऐसा माहौल बनाने की है जहां सभी धर्म, जाति एवं वर्गों के लोग मिलकर रहें।

## लैब असिस्टेंट की प्रक्रियाधीन भर्ती में पात्रता बदलने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने लैब असिस्टेंट भर्ती-2018 की चल रही प्रक्रिया के बीच पात्रता बदलने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सीजे अकील कुरैशी और जस्टिस एमके व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश रामदेव व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2013 में राजस्थान चिकित्सा एवं अधीनस्थ सेवा नियमों में संशोधन कर दसवीं कक्षा के साथ ही लैब टेक्नीशियन के डिप्लोमा को भर्ती के पात्र माना। वहीं वर्ष 2018 में इन नियमों के आधार पर लैब टेक्नीशियन के पदों पर भर्ती निकाली। याचिका में कहा गया कि फिलहाल भर्ती प्रक्रियाधीन है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने सेवा गत दिसंबर माह में सेवा नियमों में बदलाव कर दिया और दसवीं पास की पात्रता को हटाते हुए इसे भूतलक्षी प्रभाव से वर्ष 2018 से लागू दिया। जिसके चलते याचिकाकर्ता भर्ती के लिए अपात्र हो गए और अब वे ऊपरी आयु सीमा भी पार कर चुके हैं। याचिका में कहा गया कि एक बार भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद उसके नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## गणेश नारायण चौधरी को पीएचडी

**जयपुर**। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने गणेश नारायण चौधरी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। उन्होंने "साइको-सोसियल इन्टरवेंशन्स टू रिड्यूस स्ट्रेस एंड बर्डन अमंग कैयरगिवर्स ऑफ ट्ययूबरक्यूलोसिस पेशेंट्स" विषय पर अपना शोध कार्य किया। गणेश ने अपना शोध कार्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ अतीक़ अहमद के निर्देशन में पूरा किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# 2023 में कांग्रेस के पास मिनी बस लायक सवारी भी नहीं बचेंगी : डॉ. सतीश पूनिया

## 'कांग्रेस के खिलाफ पूरे प्रदेश में एंटी इनकंबेंसी का माहौल होने के कारण आलाकमान भी अशोक गहलोत को सीरियस नहीं ले रहा'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कांग्रेस के अधिवेशन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, कांग्रेस के अधिवेशन की विफलता और कांग्रेस सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी इससे स्पष्ट होती है कि 1350 की क्षमता के हॉल में 600 लोगों के होने का मतलब है कि कांग्रेस के लोग ही मुख्यमंत्री को नहीं सुनना चाहते, क्योंकि वह जनता और कार्यकर्ताओं को झूठे वादों और रटे रटाये भाषणों से बोर करते हैं।

उन्होंने कहा कि अधिवेशन में कांग्रेस के विधायकों, नेताओं की उदासीनता व असंतोष खुलकर दिखा,

- 'कांग्रेस के अधिवेशन की विफलता इससे स्पष्ट होती है कि 1350 की क्षमता के हॉल में 600 लोगों के होने का मतलब है कि कांग्रेस के लोग ही अशोक गहलोत को सुनना नहीं चाहते'
- 'जनविरोधी और वादाखिलाफी कांग्रेस सरकार को प्रदेश का किसान-युवा हमेशा के लिए उखाड़ फेंकने को अभी से आक्रोशित है'

विकास कार्य ठप होने व अन्य जनहित के कार्य नहीं होने से इनके नेता व कार्यकर्ता उदासीन और असंतुष्ट भी हैं। 3 साल से राजनीतिक नियुक्तियां नहीं होने से नाराजगी विधायकों में स्पष्ट तौर पर दिखी, कांग्रेस के खिलाफ पूरे प्रदेश में एंटी इनकंबेंसी का माहौल होने के कारण आलाकमान भी अशोक गहलोत को सीरियस नहीं ले रहा, 2023 में कांग्रेस के पास मिनी बस लायक सवारी भी नहीं बचेंगी, क्योंकि जनविरोधी और वादाखिलाफी कांग्रेस सरकार को प्रदेश का किसान और युवा हमेशा के लिए उखाड़ फेंकने को अभी से आक्रोशित है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत स्टीरियोटाइप भाषण देते हैं, इसमें कोई नयापन नहीं, ना कांग्रेस के लिए, ना सरकार के लिए, सिर्फ रटी रटाई बातें हैं। केंद्र सरकार पर बार-बार झूठे आरोप लगाकर अशोक गहलोत अपनी सरकार की विफलताओं से ध्यान हटाने की विफल कोशिश करते हैं, और उनकी कोशिश रहती है कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं में रोड़ा अटकाया जाए, जो वो करते हैं, और केंद्र की योजनाओं के नाम बदलकर स्वयं झूठा क्रेडिट लेते हैं।

---

**पंजाब नैशनल बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **pnb punjab national bank** (Govt. of India Undertaking)

अंचल कार्यालय, पीएनबी हाउस, 2-नेहरू प्लेस, टोंक रोड़, जयपुर

**निविदा सूचना**

'जैसा है जैसी स्थिति में है' बैंक वाहनों की बिक्री हेतु प्रत्येक वाहन हेतु प्रथक मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। वाहन का निरीक्षण दिनांक 23.02.2022 & 24.02.2022 प्रातः11.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक पीएनबी मण्डल कार्यालय, जयपुर-अजमेर, सीमा संदेश बिल्डिंग, झालाना डूंगरी, जयपुर पर किया जा सकता है। प्रत्येक वाहन हेतु अलग-अलग निविदा प्रेषित की जानी है। निविदाकर्ता द्वारा मुख्य प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक, जयपुर के पक्ष में रुपये 10000/-(प्रत्येक वाहन हेतु) का बैंक ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में संलग्न करते हुए अपना ऑफर दिनांक 05.03.2022 सायं 3.00 बजे तक अंचल कार्यालय, नेहरू प्लेस, जयपुर मे जमा करवा दिया जाना चाहिए। ऑफर राशि पर जीएसटी/अन्य करों का भुगतान निविदाकर्ता द्वारा वहन किया जायगा।

| क्र.सं. | मात्रा (संख्या) | के नाम पर पंजीकृत |
|---|---|---|
| 1 | 9 | पंजाब नैशनल बैंक |

अधिक जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट पर जाएं। (1) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05.03.2022 को सायं 3.00 बजे तक है। (2) बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकृत/ निरस्त करने एवं (3) निविददाताओं से ऑफर की राशि को बढ़ाने के लिए वार्ता करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट वेबसाइट पर लोड किया जाएगा। निविदाकर्ता से अनुरोध है कि अद्यतनीकरण के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट देखें।

मुख्य प्रबंधक-जीएसएडी

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत पलावा**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक- ग्राम प./2021-22/27 दिनांक- 25.01.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2021-22**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज. विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा ज्ज्ज पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

NIB NO.: ZAL2122A0898
UBN NO.: ZAL2122GSLB01869

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रति. | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में पलावा। | 25.2.2022 से 28.2.2022 12 पीएम तक | 28.2.2022 व 2.00 पीएम तक | 28.2.2022 व 3.00 पीएम तक | 10 लाख | 20000 | 200 |
| 2. | थ्री फेज बोरिंग निर्माण कार्य कृषि भूमि बिजवाड रोड पलावा। | 28.2.2022 व 12 पीएम तक | 28.2.2022 व 2.00 पीएम तक | 28.2.2022 व 3.00 पीएम तक | 2.5 लाख | 5000 | 200 |
| 3 | ग्राम पंचायत पलावा के गांव बिरोद में विजयसिंह लम्बरदार के घर से श्मशान घाट की ओर सीसी सड़क निर्माण कार्य। | 25.2.2022 से 28.2.2022 व 12 पीएम तक | 28.2.2022 व 2.00 पीएम तक | 28.2.2022 व 3.00 पीएम तक | 11लाख | 22000 | 200 |
| 4 | ग्राम पंचायत कार्यालय पलावा हेतु फर्नीचर क्रय व सजावट हेतु | 25.2.2022 से 28.2.2022 व 12 पीएम तक | 28.2.2022 व 2.00 पीएम तक | 28.2.2022 व 3.00 पीएम तक | 99000 | 1980 | 200 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच
ग्राम पंचायत पलावा
पं.स. मुण्डावर (अलवर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पलावा
पं.स. मुण्डावर (अलवर) (राज.)

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेहरोज**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक- एस.आई.एल.-02 दिनांक- 17.02.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2021-22**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज. विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

NIB NO.:
UBN NO.:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रति. | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य श्याम लाल की चक्की से विजय गुर्जर के घर तक बेहरोज | 25.2.2022 12 पीएम | 25.2.2022 2 पीएम | 25.2.2022 3 पीएम | 7 लाख लाख | 14000 | 300 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच
ग्राम पंचायत बेहरोज
पं.स. मुण्डावर (अलवर) (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बेहरोज
पं.स. मुण्डावर (अलवर)

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत जिंदोली**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक- 46 दिनांक- 18.02.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2021-22**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज. विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगङ्गनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा ज्ज्ज पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

NIB NO.:
UBN NO.:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रति. | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगल फेस बोरिंग निर्माण कार्य सतीश जांगिड़ के घर के पास, जिंदोली | 28.2.2022 12 पीएम | 28.2.2022 2 पीएम | 28.2.2022 3 पीएम | 628000 लाख | 12560 | 300 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच
ग्राम पंचायत जिंदोली
पं.स. मुण्डावर (अलवर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जिंदोली
पं.स. मुण्डावर (अलवर)

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुनगड़ा अहीर**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक- SPL-1 दिनांक- 14.02.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2021-22**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज. विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगङ्गनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा ज्ज्ज पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

NIB NO.: ZAL2122A0899
UBN NO.: ZAL2122GSLB01870

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रति. | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य सतपाल स्वामी के घर से अशोक के घर की ओर ग्राम खोहरी। | 25.2.2022 से 28.2.2022 12 बजे तक | 28.2.2022 2 बजे तक | 28.2.2022 3 बजे तक | 10 लाख लाख | 20000 | 500 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच
ग्राम पंचायत भुनगड़ा अहीर
पं.स. मुण्डावर (अलवर) (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भुनगड़ा अहीर

---

**आम सूचना** दि. 19.02.2022

सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या संतोष शर्मा पत्नि स्व. मदन लाल शर्मा, निवासी- यू.जी.-02, "श्री कृष्ण रेजीडेन्सी" अपर ग्राउण्ड फ्लोर, प्लाट नं. 5/एच/11/1, सेक्टर-5, विद्याधर नगर, जयपुर के द्वारा मकान संख्या 94, अयोध्या नगर (ओम शिव गृह निर्माण सहकारी समिति लि.) ग्राम धावास, अजमेर रोड, जयपुर क्षेत्रफल 381.25 वर्गगज को अंजुला शर्मा पत्नि श्री अशोक कुमार शर्मा, निवासी- 2/252, हाउसिंग बोर्ड, जवाहर नगर, भरतपुर, से क्रय करने का इकरार किया है, किसी भी व्यक्ति, संस्था को उक्त सम्पत्ति विक्रय के संबंध में उज्र, अपात्ति इत्यादि हो तो सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करावे। अन्यथा मेरी अभिभाष्या उक्त मकान के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने हक में करवा लेगी तथा उसके पश्चात समस्त आपत्तिया शून्य एवं निराधार होगी। अत: सूचित रहे। भवदीय

शकुन्तलम् एसोसिएट्स (सुमित शर्मा) एडवोकेट मो. 9414242943

---

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक:जविप्रा/उपा/जोन-5/2022/डी-433 दिनांक: 17/2/22

**आम सूचना**

दी जयपुर बाल्मिकी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना वृन्दावन विहार के भूखण्ड संख्या 1 का अतिरिक्त जिलाधीश, कृषि भूमि रूपान्तरण, जयपुर कार्यालय द्वारा दिनांक 22.06.88 को श्री करण एस दोषी पुत्र श्री राजमल जी दोषी के पक्ष में क्षेत्रफल 728 वर्ग गज का पट्टा विलेख जारी गया है। आवेदक श्री राजीव बरडिया पुत्र श्री जवाहर लाल बरडिया द्वारा उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत प्रस्तुत दस्तावेजात अनुसार डॉ. करण सिंह दोषी द्वारा दिनांक 28.02.1987 को श्री अजय गोयल पुत्र श्री महेश चन्द गोयल के पक्ष में रजिस्टर्ड मुख्त्यारनामा आम निष्पादित किया गया है तथा श्री अजय गोयल बहैसियत मुख्त्यारआम डॉ. करण सिंह दोषी द्वारा उक्त भूखण्ड जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 20.12.89 को आवेदक श्री राजीव बरडिया के पक्ष में विक्रय किया गया है।

अत: उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र व दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियम अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त जोन-5

---

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

**व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 1477/21**

**विषय-** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

**प्रार्थी** नाम एकता गौड पत्नी स्व. धर्मराज गौड जाति ओ.बी.सी. विवाद स्थान मकान नं. डी-9 श्रीराम विहार कॉलोनी, मीनावाला करणी प्लेस रोड, पांच्यावालां, जयपुर (राज.)

**मृतक**.......की सम्पत्ति के विषय में।

**पेशी दिनांक- 21.03.22**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम धर्मराज गौड पुत्र श्री रामकिशोर गौड जाति ओ.बी.सी., निवासी डी-10, श्रीराम विहार कॉलोनी, मीनावाला करणी प्लेस रोड, पांच्यावालां, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 21 माह 03 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 16 माह 02 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

# पुलिसकर्मी की पत्नी ने तत्कालीन सीआई पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया

## वाट्सऐप कॉल पर लेकर की अश्लील हरकत, पीड़िता ने बनाया विडियो

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा में खाकी एक बार फिर शर्मशार हुई है। न्याय मांगने आई एक पुलिसकर्मी की पत्नी ने महिला सेल में तैनात तत्कालीन सीआई महेंद्र सिंह के खिलाफ व्हाटसएप्प कॉलिंग कर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुये सुभाषनगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।

सुभाषनगर पुलिस ने बताया कि एक पुलिसकर्मी की पत्नी ने एसपी ऑफिस की महिला सेल में तैनात तत्कालीन सीआई महेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दी। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि उसके पति ने एसपी ऑफिस में उसके खिलाफ रिपोर्ट दी थी। इसकी जांच महिला सेल के सीआई महेंद्र सिंह के पास थी। 19 दिसंबर 2022 को शाम करीब 4 बजे महेंद्र सिंह सीआई गाड़ी लेकर उसके घर आये थे और उनके साथ वर्दी में चालक भी था। सीआई भी वर्दी में ही थे। वह, घर पर नहीं थी। उसका छोटा बेटा घर पर मिला, उससे सीआई ने परिवादिया के बारे में पूछताछ की तो बेटे ने उन्हें बाजार गई होने की बात कही।

सीआई ने बेटे से कहा कि मम्मी से कहना कि वो मुझसे बात करें। साथ ही यह भी कहा कि तुम दोनों बयान के लिए एसपी ऑफिस की

- **भीलवाड़ा में खाकी फिर हुई शर्मसार**
- **महिला के पति द्वारा दी गई रिपोर्ट की जांच कर रहा था तत्कालीन सीआई महेन्द्र सिंह**

महिला सेल में आए। इसके बाद 20 दिसंबर 2022 को परिवादिया अपने बेटे के साथ एसपी ऑफिस गई और सीआई के पास बयान देकर आई। इसके बाद दिन में करीब 12.30 बजे सीआई महेंद्र ने परिवादिया को फोन किया। परिवादिया ने फोन उठाया तो सीआई ने व्हॉटसएप्प कॉलिंग पर आने के लिए कहा। परिवादिया के व्हॉटसएप्प कॉलिंग पर आने के बाद पहले तो सीआई ने महिला से घर दिखाने के लिए कहा। घर दिखाने के बाद सीआई अश्लील हरकतें करने लगे। इससे घबरा कर महिला ने मोबाइल बंद कर दिया। फिर सीआई ने वापस वीडियो कॉलिंग की, लगातार अश्लील हरकतें करते रहे। इस दौरान सीआई सिविल ड्रेस में बैड पर लेटे हुये थे।

उधर, परिवादिया ने अपने बेटे के मोबाइल में उसकी सभी अश्लील हरकतों का वीडियो बना लिया। सीआई ने महिला से पास आने के लिए दबाव भी बनाया और कहा कि तुम्हारे पति ने जो रिपोर्ट दी है, उसकी जांच में मैं, तुम्हारे खिलाफ कुछ भी लिख सकता हूं। सीआई की इस हरकत को लेकर परिवादिया ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दी। इस पर पुलिस ने छेड़छाड़ व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उल्लेखनीय है इस मामले में आ के घिरे सीआई महेंद्र सिंह का एक सप्ताह पूर्व जयपुर तबादला हो चुका है।

# लाइब्रेरियन के सैकड़ों पदों पर भर्ती होगी

## शिक्षा विभाग ने आरपीएससी को भेजा प्रपोजल

**बीकानेर, (कासं)।** राज्य के सरकारी स्कूल्स में लाइब्रेरियन के पद भरने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड के करीब 450 पदों से ज्यादा पर सीधी भर्ती के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग को पत्र भेज दिया है, जहां से भर्ती के लिए जल्दी ही विज्ञापन जारी होगा। इससे पहले ग्रेड सेकेंड के 9 हजार 760 पदों पर भर्ती के लिए प्रपोजल भेजा जा चुका है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड के टीएसपी (ट्राइबल सब प्लान) और नॉन टीएसपी एरिया में सीधी भर्ती का प्रपोजल भेजा है। इसमें टीएसपी के साठ से ज्यादा पदों पर भर्ती होगी, जबकि नॉन टीएसपी के करीब चार सौ पदों पर भर्ती हो रही है। इन पदों पर भी नियमों के तहत आरक्षण होगा। ऐसे में सामान्य के लिए करीब 200 पद रहेंगे। शेष पदों पर आरक्षण रहेगा। सभी जिलों में लाइब्रेरियन तैनात किए जाएंगे।

शिक्षा विभाग का फोकस इन दिनों महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल है, ऐसे में इन स्कूल्स को प्राथमिकता से पद मिल सकते हैं। माना जा रहा है कि नया सत्र आने तक लाइब्रेरियन की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अगस्त-सितंबर तक ये भर्ती पूरी हो सकेगी। शिक्षा विभाग ने पिछले सप्ताह ही ग्रेड सेकेंड के नौ हजार 760 पदों पर भर्ती के लिए प्रपोजल राजस्थान लोक सेवा आयोग को भेजा था। इसके बाद भी इन पदों पर भर्ती का विज्ञापन अब तक जारी नहीं हुआ है। इसी सप्ताह ये विज्ञापन जारी होने की उम्मीद की जा रही है।

शिक्षा विभाग लाइब्रेरियन और ग्रेड सेकेंड के अलावा फिजिकल टीचर्स के ग्रेड थर्ड और ग्रेड सेकंड के पदों पर भी भर्ती होगी। पीटीआई ग्रेड सेकंड के 460 और ग्रेड थर्ड के 420 पदों पर भर्ती के लिए तैयारी की जा रही है।

**ड्राइंग, संगीत, पीटीआई और लाइब्रेरियन फर्स्ट ग्रेड पदों पर प्रमोशन का इंतजार :-** बीकानेर, शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारियों के रिक्त पदों पर डीपीसी की तैयारी शुरू हो गई है। उधर, राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 2021 जारी होने के छह माह बाद भी चित्रकला सहित संगीत, शारीरिक शिक्षक और लाइब्रेरियन के फर्स्ट ग्रेड पदों पर डीपीसी की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। नियमों में संशोधन के अभाव में इन पदों की डीपीसी 2012-13 से बकाया है।

राज्य सरकार ने पिछले साल ही राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 2021 जारी कर इन सभी पदों पर पदोन्नति का प्रावधान निर्धारित कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद इन वर्ग की डीपीसी नहीं की जा रही है। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री महेंद्र पांडे ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर चित्रकला, संगीत, शारीरिक शिक्षक और लाइब्रेरियन ग्रेड सेकंड की फर्स्ट ग्रेड पदों पर जल्द डीपीसी करवाने की मांग की है। इधर, पुरानी डीपीसी से तैयार वरिष्ठता के आधार पर ही जिला शिक्षा अधिकारी पदों पर पदोन्नति होगी।

# हाईकोर्ट ने पीजी-नीट 2021 प्रवेश मामले में बोनस अंक दिए जाने को सही माना

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा सेवारत चिकित्सकों को पीजी - नीट 2021 प्रवेश में 30 सितंबर तक की अवधि तक बोनस अंक दिए जाने के फै सले को सही ठहराया है। खंडपीठ ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते राज्य सरकार द्वारा बोनस अंक दिए जाने की कट ऑफ दिनांक बढ़ाए जाने का निर्णय मनमाना और विधि विरुद्ध नही कहा जा सकता। बोनस अंक की कटऑफ तिथि 30 सितंबर 21 किए जाने के निर्णय में दखल दिए जाने से खंडपीठ ने इंकार किया है। चयनित अभ्यार्थियों/ इंटरवेनर्स डॉक्टर राजमोहन सक्सेना व अन्य की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने पैरवी की।

**प्रकरण के तथ्य इस प्रकार:-** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन, नई दिल्ली प्रत्येक वर्ष पोस्टग्रेजुएशन मेडीकल कोर्स /नीट पीजी परीक्षा आयोजित करवाती हैं। इस बार भी दिनांक 23.02.2021 को पोस्ट ग्रेजुएशन मेडीकल कोर्स /नीट पीजी परीक्षा हेतू नोटिस जारी किया। लेकिन कोरॉना महामारी के चलते परिक्षा पोस्टपोन / स्थगित होती रही और अन्तिम रूप से दिनांक 11.09.5021 को परीक्षा आयोजित हुई। तत्पश्चात परीक्षा का परिणाम 28 सितंबर 2021 को घोषित किया गया।

राज्य सरकार की पॉलिसी अनुसार राज्य के सेवारत चिकित्सकों को ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सेवारत होने पर प्रत्येक एक वर्ष की सेवा पर 10प्रतिशत बोनस अंक का प्रावधान है जो अधिकतम 30प्रतिशत देय है। प्रत्येक वर्ष इस अवधि की गणना 30 अप्रैल तक की जाती है और इस वर्ष भी यह गणना 30 अप्रैल 2021 तक की जानी थी, लेकिन परीक्षा आयोजित करने में हुई देरी और मेडीकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा एमबीबीएस के पश्चात् इंटर्नशिप पूरी होने की अन्तिम तिथि 30 सितंबर 2021 की जाने को आधार बनाकर राज्य सरकार ने सेवारत चिकित्सकों के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सेवारत होने की अवधि को 30 अप्रैल 2021 से बढ़ाकर 30 सितंबर 2021 कर दिये जाने के लिए अधिसूचना 8 जनवरी 2022 जारी की गई। जिसे डॉक्टर नवीन जाखड़ सहित 16 चिकित्सकों ने रिट याचिका दायर कर चुनौती दी। उक्त याचीगण भी राज्य के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सेवारत है और 30 अप्रेल 2021 तक तीन वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके थे।

राज्य सरकार द्वारा बोनस अंक दिए जाने की तिथि बढ़ाए जाने से और कंपटीशन बढ़ जाने को लेकर रिट याचिका दायर कर अधिसूचना दिनांक 08 जनवरी 22 को चुनौती दी।। जयपुर हाईकोर्ट की एकलपीठ ने रिट याचिका ख़ारिज कर दी। जिस पर डॉक्टर नवीन जाखड़ सहित अन्य ने जयपुर की खण्डपीठ में अपील पेश की।

## आग में झुलसने से महिला की मौत

**निवाई, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के गांव मोहनपुरा में शनिवार को एक झोपडे में आग लग गई। आग से झुलसने सें एक महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा और थानाधिकारी अजय कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा ने एफएसएल टीम को मौके बुलवाया।

थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि शनिवार की दोपहर को गांव मोहनपुरा में शनिवार को एक झोपडे में अचानक आग लग गई जिसमें झुलसने से भूरी पत्नी भैरूलाल मीणा निवासी हतौना बरोनी की मौत हो गई। मृतका भूरी देवी चार वर्ष से अपने पीहर में उसकी मां, छोटी बहन व छोटे भाई के साथ रह रही थी। शनिवार को मां और छोटी बहन मजदूरी करने गए हुए थे तथा भाई जयपुर गया हुआ था। वह घर अकेली थी। झोपडे में धुआं को देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पहुंचे। जहां झोपडे में भूरी देवी मृत मिली। उन्होंने बताया कि मृतका के भाई और सुसराल पक्ष को घटना के बारे में जानकारी देकर उनको मौके पर बुलवाया है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से विभिन्न प्रकार के साक्ष्य जुटाए और सम्पेल लिए है।

# मैंने जीवन में कभी भी इतना स्वच्छ और अभिलेख प्रबंध वाला अभिलेखागार नहीं देखा : विलियम डेलरिंपल

**जयपुर, (कासं)।** लिटेरचर फेस्टिवल जयपुर के सह आयोजक प्रसिद्ध लेखक व इतिहासकार स्कॉटलैंड के विलियम डेलरिंपल ने शुक्रवार को राजस्थान राज्य अभिलेखागार के अवलोकन के पश्चात यह विचार अपने नोट में लिखे।

डॉ. खडगावत के कार्यों की प्रशंसा करते हुए विलियम और मैक्स ने इसको सर्वोच्च रैंकिंग दी। भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, मध्य एशिया, इस्लामिक दुनिया पर लिखने वाले विलियम शुक्रवार को अपनी पत्नी व मित्र मैक्स दंपत्ति के साथ राज्य

- **एशिया के सुप्रसिद्ध पत्रकार मैक्स दंपत्ति भी उनके साथ थे**

अभिलेखागार के निदेशक डॉ. महेन्द्र खडगावत से मिलने आए थे, परन्तु राज्य अभिलेखागार का अभिलेख म्यूजियम में अभिलेख प्रबंध डिजिटल अभिलेखागार और स्वच्छता को देखकर अभिभूत हो गए और राजस्थान अभिलेखागार को देश का सर्वश्रेष्ठ अभिलेखागार बताया। इतिहासकार के



डॉ. महेन्द्र सिंह ने लेखक व इतिहासकार विलियम डेलरिंपल को अभिलेखागार की जानकारी दी।

रूप में विश्व में कई पुरस्कार प्राप्त (वोल्फसन पुरस्कार, कूपरसन पुरस्कार, ब्रिटेन के प्रेजीडेंट मेमोरियल पुरस्कार व यूएस काउंसिल से सम्मानित तथा जयपुर में होने वाले विश्व प्रसिद्ध "लिटरेचर फेस्टिवल" के सह संयोजक विलियम ने खडगावत को लिटरेचचर फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित भी किया। उनके साथ एशिया के सुप्रसिद्ध पत्रकार मैक्स दंपत्ति भी साथ थे।

मैक्स नें अपने कथन में कहा कि राज्य अभिलेखागार को देखना आश्चर्यचकित कर देने वाला है भविष्य में यह अभिलेखागार विश्व के अपनी लाइट्स से प्रकाशित करेगा। विलियम और मैक्स दंपत्ति 3 घंटों से ज्यादा राज्य अभिलेखागार में रुके और बहुत भारी मन से अभिलेख दीर्घा से बाहर आते हुए कहा कि इसको बार-बार देखने का मन करता है।

# बेरोजगारों का बोर्ड व आयोग के बाहर प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ ने शुक्रवार को रीट भर्ती 2021का डेटा सार्वजनिक करवाने और पूर्व अध्यक्ष डीपी जारोली को गिरफ्तार करवाने तथा रीट की जांच सीबीआई से करवाने की मांग को लेकर माध्यमिक शिक्षा शिक्षा बोर्ड के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन करके बोर्ड सचिव को ज्ञापन सौंपा। बोर्ड सचिव मेघना चौधरी ने वार्ता में प्रतिनिधि मंडल को बताया कि रीट भर्ती लेवल प्रथम द्वितीय का डाटा सार्वजनिक करने के संबंध में राज्य सरकार से अनुमति बोर्ड के द्वारा मांगी जाएगी जैसे ही अनुमति मिलेगी रीट भर्ती का डाटा सार्वजनिक कर देंगे।



माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बाहर प्रदर्शन करते बेरोजगार एकीकृत महासंघ के युवा।

वहीं आरपीएससी के बाहर वरिष्ठ अध्यापक भर्ती 2016 की पिकअप लिस्ट जारी करवाने तथा कृषि स्कूल व्याख्याता 2018 की सूची जारी करवाने के साथ नई फर्स्ट ग्रेड सेकंड ग्रेड भर्ती की विज्ञप्ति तथा कैलेंडर जारी करवाने की मांग को लेकर आज सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रतिनिधिमंडल ने आरपीएससी अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय एवं सचिव हजारीलाल अटल से मुलाकात करके बेरोजगारों की विभिन्न भर्तियों की मांगों करने के साथ-साथ रीट भर्ती की परीक्षा तिथि को मध्यनजर रखते हुए नई फर्स्ट ग्रेड, सेकंड ग्रेड भर्ती की परीक्षा तिथि की घोषणा करने की मांग की। सचिव ने वार्ता में आश्वासन दिया की रीट भर्ती की परीक्षा तिथि को मध्यनजर रखते हुए ही नई फर्स्ट ग्रेड, सेकंड ग्रेड भर्ती की परीक्षा तिथियों की घोषणा की जाएगी और नई फर्स्ट ग्रेड और सेकंड ग्रेड की विज्ञप्ति मार्च महीने में जारी करने के साथ अगले वीक में कृषि व्याख्याता के कुछ पदों पर सूची जारी की जाएगी।

## गंगापुर-मथुरा के बीच रहेगा मेगा ब्लॉक

**कोटा, (निसं)।** कोटा मंडल के गंगापुर सिटी मथुरा रेल खंड में एलएचएस यानि लिमिटेड हाइट सब-वे निर्माण कार्य के चलते लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 206 तथा 178 के निकट 5 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है।

इसके चलते इस रेलखंड से गुजरने वाली कुछ रेलगाड़ियां शार्ट टर्मिनेट, शार्ट ओरिजनेट रहेंगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार पाल ने बताया कि 20 फरवरी 2022 को जयपुर से चलकर बयाना की ओर जाने वाली सवाई माधोपुर में ही शार्ट टर्मिनेट हो जाएगी। और केवल जयपुर सवाईमाधोपुर के बीच ही चलेगी। इसी तरह वापसी में 20 फरवरी 2022 को बयाना से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 19722 बयाना जयपुर सवाई माधोपुर से शॉर्ट ओरिजनेट रहेगी।

## बम डिफ्यूज किया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के जैतसर इलाके में गांव जानकीदासवाला के आस-पास के लोगों को शनिवार को उस समय एक अंजाने डर से निजात मिली जब सेना की टीम ने गांव की रोही में पड़े एक बम को डिफ्यूज कर दिया। पिछले महीने पांच जनवरी को लोगों ने यहां बम जैसी किसी चीज की जानकारी सरपंच और पुलिस को दी। पुलिस ने इस बारे में सेना को सूचित किया लेकिन लंबे समय से इसे डिफ्यूज नहीं किया जा रहा था। ऐसे में ग्रामीण गांव में इन खेतों की रोही में कम ही आ रहे थे। हालांकि बम मिलने के बाद से लोग इधर आते-जाते नहीं थे। गांव के युवाओं और बच्चों को इस तरफ नहीं जाने के लिए कहा जाता था।

सेना की टीम सुबह करीब दस बजे गांव जानकीदासवाला पहुंची। उन्होंने जैतसर पुलिस के एक एएसआई और तीन चार जवानों को साथ लिया और गांव के लोगों को बम वाली जगह से करीब एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर रोक दिया। इसके बाद करीब पंद्रह फीट चौड़ा और पांच फीट गहरा गड्ढा तैयार किया गया। मौके पर पड़े बम को इसमें उतारा गया और बम के चारों ओर मिट्टी से भरे कट्टे लगा दिए गए। इसके बाद सेना की टीम ने कई मीटर दूरी पर मोर्चा संभाला और वहां से बम डिफ्यूज करने की कार्रवाई की। बम डिस्पोज करने की कार्रवाई होने के साथ ही तेज धमाका हुआ और कई फीट ऊंचा धूल का गुबार उठा। इसके साथ ही लोगों ने राहत की सांस ली। गांव वालों का कहना था कि बम मिलने के बाद से ही सेना को सूचना दे दी गई थीं। 23 साल पहले जब इलाके में करगिल युद्ध की आशंका बढ़ गई थी तब सेना ने यहां बेस कैंप स्थापित कर लिया था।

## विरोध में मुस्लिम समाज उतरा

**अलवर, (निसं)।** भिवाड़ी पुलिस जिला के चोपानकी थाना अंतर्गत चुहडपुर गांव में 5 दिन पहले गाय से दूराचार की घटना के विरोध में अब मुस्लिम समुदाय भी खुलकर सामने आ गया है। एक तरफ जहां हिंदू संगठनों और सर्व समाज ने उपखंड अधिकारी तिजारा को ज्ञापन देकर आरोपियों को फांसी देने की मांग की जा रही है। वहीं, अब शनिवार को मुस्लिम समुदाय के कुछ सरपंचों ने एकजुट होकर तिजारा एसडीएम को ज्ञापन दिया और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। साथ ही बताया कि इस घटना के पीछे कुछ शरारती तत्वों का हाथ है। जिसमें पूरा मुस्लिम समुदाय बदनाम हो रहा है, उन अपराधियों का कोई भी सहयोग नहीं करेगा। इस दौरान सरपंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती से रेप

**अजमेर, (कासं)।** शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर युवक के खिलाफ अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देते हुए ब्लेकमेल कर रेप करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि फायसागर रोड पर उसकी बहन का घर है, जहां वह अकसर आया जाया करती थी। वहीं पड़ोस में रहने वाले एक युवक से उसकी जान पहचान हुई और कुछ दिनों युवक ने उसका पीछा कर रोकते हुए पसंद करने और शादी करना चाहता है। युवक द्वारा कुछ तस्वीरें भी दिखाते हुए कहा कि अगर नहीं मानी तो तस्वीर एडिट करके इंटरनेट पर डाल दूंगा, उसकी बातों को सुन वह डर गई और अपना मोबाइल नंबर युवक को दे दिए, जिस पर बाद में वह बार -बार फोन कर धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा।

पीड़िता ने बताया कि 14 मार्च 2021 को पुष्कर के होटल में ले गया, जहां खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई और रेप किया और उसकी अश्लील फोटो व वीडियो भी बना लिया। होश आने पर युवक ने अश्लील वीडियो और फोटो उसे दिखाए तथा सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि

- **शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार**
- **पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर दी युवक के खिलाफ शिकायत**

आरोपी ने कहा कि उसे पत्नी बनाकर रखेगा। उससे जल्द शादी कर लेगा, इसके चलते वह उसकी झूठी बातों में आ गई और घटना के बारे में परिजन को नहीं बताया। घटना के बाद से ही आरोपी युवक डरा धमका कर रोजाना पुष्कर की होटल में लेकर गया, वहां पर भी उसके साथ रेप किया। बाद में शादी का झांसा देकर घर से बुलाया। 21 मार्च 2021 की रात को पुष्कर की एक होटल में रुकवाया, फिर पास के एक गांव में एक कमरा किराए का दिलाकर वहां रखा तथा शादी का झूठा दिलासा देता रहा। जब भी शादी के लिए आरोपी को कहती तो वह मारपीट करने लगा और वीडियो वारयल करने की धमकी देता, कहता जब उसकी मर्जी होगी, तब शादी कर लूंगा। पुलिस अधीक्षक ने पीडिता को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## ननिहाल आए हुए दो मासूम बच्चों की करंट लगने से मौत

**सुजानगढ़, (निसं)।** बाघसरा गांव में एक परिवार पर शनिवार को दु:खों का पहाड टूटा। यहां पर दो सगे मासूम भाइयों की करंट लगने से मौत हो गई। सदर थानाधिकारी मनोज कुमार मूण्ड ने बताया कि लालाराम उम्र 7 वर्ष व कानाराम उम्र 5 वर्ष पुत्रगण सीताराम जाट निवासी नोडिया अपने नाना लिछमणराम जाट निवासी बाघसरा आथुणा के पास आये हुए थे। बच्चे खेत में बने टयूबवैल के स्वीच रूम के पास खेल रहे थे। इसी दौरान वहां जमीन पर पडे तार पर भूलवंश कानाराम का पैर पड गया। जिससे उसके करंट आया और उसको बचाने के प्रयास में लालाराम के भी करंट आ गया। दोनो को निकटवर्ती गांव कानूता स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।

इसी दौरान बाघसरा से कानूता आते समय कानूता में प्रवेश के दौरान टायर फटने कैम्पर गाडी पलट गई और उसमें सवार रामपाल जाट, निरमा, लक्ष्मणराम, हनुमान जाट, हनुमान पुत्र सुगनाराम जाट वर्ष घायल हो गये। घायलों का कानूता अस्पताल में उपचार करवाया गया। वहीं मृतक बच्चों के पिता सीताराम पुत्र हुक्माराम जाट निवासी नोडिया ने पुलिस को लिखित में कोई कार्यवाही नहीं करने की रिपोर्ट दी। जिसके बाद दोनो बच्चों के शवों को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों का उनके गांव नोडिया में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# डीडवाना में दुष्कर्म पीड़िता की मौत का मामला: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जांच समिति बनाई

## डीडवाना में कोर्ट परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना की दुष्कर्म पीड़ित महिला की मौत के मामले को लेकर लोगों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस घटना के विरोध और मामले से जुड़े सभी आरोपियों की गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने सहित अन्य मांगों को लेकर डीडवाना कोर्ट के बाहर शुक्रवार को भी धरना जारी रहा। इस दौरान मेघवाल समाज, दलित संगठनों व भाजपा से जुड़े अनेक नेताओं व कार्यकर्ताओं ने धरने में भाग लिया।

मेघवाल समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी एल भाटी की अगुवाई में जारी इस धरने में भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा, उप प्रधान ओमप्रकाश लील, मेघवाल समाज के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष प्रभु राम कड़ेला, पूर्व पार्षद पवन टाक सहित दलित समाज के लोग धरने में शामिल हुए। इस धरने में वक्ताओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग करते हुए पुलिस पर अनेक गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पुलिस पर राजनीतिक दबाव में निष्पक्ष जांच नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है और पीड़ित परिवार पर ही दबाव बना रही है। धरने



धरना प्रदर्शन के दौरान रतनगढ़ विधायक अभिनेष महर्षि व अन्य मौजूद रहे।

में वक्ताओं ने मामले के अन्य आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने, मामले की सीबीआई जांच करवाने, सीओ गोमाराम को हटाने, डीडवाना पुलिस थाने के संपूर्ण स्टाफ को भी लाइन हाजिर करने, पीड़ित परिवार को सरकारी निधि से 50 लाख की मुआवजा राशि देने तथा मृतका के बच्चों को बालिग होने पर सरकारी नौकरी देने की मांग की।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बनाई 3 सदस्य जांच समिति :-** डीडवाना में दलित समाज की महिला से सामूहिक दुष्कर्म और मौत के मामले में भाजपा गहलोत सरकार को घेरने में जुट चुकी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने मामले की जांच के लिए 3 सदस्य समिति बनाई है, जिसमें रतनगढ़ विधायक अभिनेश महर्षी, पूर्व विधायक गोवर्धन वर्मा व हरिराम रणवा को शामिल किया है।

भाजपा की यह समिति शनिवार को डीडवाना में चल रहे धरने में पहुंची। इसके बाद विधायक अभिनेष महर्षि समिति सदस्यों के साथ पीड़िता के गांव पहुंचे और पीड़ित की सास व बच्चों से मुलाकात कर घटनाक्रम की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्हें न्याय की इस जंग में पूर्ण सहयोग का भी आश्वासन दिया। इस दौरान महर्षि ने बताया कि यह घटना शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण है।

- **धरने में भाजपा सहित दलित संगठनों के अनेक लोग शामिल हुए**

# मुंबई से 12 साल के बच्चे का अपहरण कर जयपुर में बंधक बनाया, डेढ़ माह तक कुकर्म

## मानसरोवर के शिप्रापथ में सुनसान मकान में बना रखा था बंधक, आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मुंबई से किडनैप हुए 12 साल के बच्चे को जयपुर पुलिस ने छुड़ाया है। पुलिस के अनुसार 40 साल के एक युवक ने मानसरोवर के शिप्रा पथ थाना इलाके की सुनसान बिल्डिंग में नाबालिग को बंधक बना रखा था।

नाबालिग बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनकर पडौस में रहने वाले युवक ने सूचना पुलिस को दी थी। सूचना देने वाले ने बताया था कि बिल्डिंग से एक बच्चे के चीखने और चिल्लाने की आवाज आ रही हैं। सूचना के बाद एसएचओ महावीर सिंह जाब्ते के साथ इस बिल्डिंग में पहुंचे। जहां भीलवाड़ा निवासी कैलाश चंद नाम का युवक बच्चे के साथ मारपीट कर रहा था।

पुलिस ने रंगे हाथों इस युवक को बच्चे के साथ दबोच लिया। पुलिस ने बच्चे को रेस्क्यू कर आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। थाने लाकर काउंसलिंग की।

पुलिस की काउंसलिंग के दौरान जानकारी सामने आई कि बच्चा अपनी मां की तलाश में घर से निकल गया था। इस दौरान बच्चे को आरोपी कैलाश ने किडनैप कर लिया। डेढ़ महीने से आरोपी कैलाश ने बच्चे को शिप्रापथ इलाके में परमहंस मार्ग स्थित सुनसान मकान 73/139 में बंधक बना रखा था, जहां वह बच्चे का कूकर्म कर रहा था और उसके साथ मारपीट भी करता था।

आरोपी ने क्रूरता की सारी हद पार कर दी थी। आरोपी कैलाश अपने घर में बच्चे को कंबल में दबा कर रखता था। जांच के दौरान सामने आया कि बच्चा मुंबई का रहने वाला है। मुंबई के वर्सोवा थाने में भी बच्चे की गुमशुदगी का मामला भी दर्ज है।

पुलिस ने आरोपी कैलाश चंद को धारा 365, 377 और पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को कोर्ट ने जेल भेज दिया। पुलिस ने मुंबई पुलिस को इसकी जानकारी दे दी है। बच्चे को चाइल्ड लाइन को सुपुर्द कर दिया है।

शिप्रा पथ थाना प्रभारी महावीर सिंह राठौड़ के मुताबिक आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ दो मामले भी दर्ज है। महावीर सिंह राठौड़ ने बताया कि अगर बच्चे का सही समय पर रेस्क्यू नहीं होता तो उसकी हत्या भी हो सकती थी। पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



शिप्रापथ थाना पुलिस ने सुनसान मकान में बच्चे को बंधक बनाकर रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **पडौसियों ने बच्चे के रोने और चिल्लाने की आवाजें सुनकर पुलिस को मामले की जानकारी दी थी**
- **पुलिस के मुताबिक अगर बच्चे का सही समय पर रेस्क्यू नहीं होता तो उसकी हत्या हो सकती थी**

## बच्ची से अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। वैशाली नगर पुलिस ने 11 साल की बच्ची से अश्लील हरकत करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर में 17 फरवरी की रात घर के पास दुकान पर बिस्किट लेने गई 11 साल की बच्ची से अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने पंकज कुमार मुखिया (19) निवासी बिहार को गिरफ्तार किया है। आरोपित पीड़िता का हाथ पकड़कर गली में ले गया और मुंह बंद कर ज्यादती की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया था।

## छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म किया

**जयपुर**। कालवाड़ इलाके में छात्रा का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। कालवाड़ थाने में 16 वर्षीया पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 16 फरबरी को स्कूल छोड़ने की कहकर भवानी सिंह मीणा कार में उसे ले गया। नशीला पदार्थ पिलाया और बेहोशी की हालत में किसी कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# 149 बाल वाहिनियां सीज की, 616 के चालान काटे

- **शनिवार को 12 जिलों में परिवहन टीमों ने 2576 बसों की जांच की**

**जयपुर** (कासं)। परिवहन विभाग की टीम ने 12 जिलों में कार्रवाई करके 149 बाल वाहिनियों को सीज किया, जबकि 616 बसों के चालान काटे।

12 प्रादेशिक परिवहन कार्यालयों की टीमों ने शनिवार को कुल 2576 बसों की जांच की। इस दौरान बिना सुरक्षा मापदंडों के संचालित बसों को चिन्हित करके यह कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जयपुर में सबसे ज्यादा 762 बसों की जांच की। यहां 76 बसों के चालान काटे, जबकि 18 बाल वाहिनियां सीज की। इसी प्रकार उदयपुर में 21, कोटा में 4, जोधपुर में 6, अजमेर में 36, चितौड़गढ़ में 7, सीकर में 26, दौसा में 2, पाली में 4, अलवर में 18 और बीकानेर में 7 बाल वाहनियां सीज की गईं हैं। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त महेन्द्र सोनी ने सभी प्रादेशिक और जिला परिवहन अधिकारियों को निरंतर बाल वाहिनियों की जांच करने और परिवहन नियमों की अवहेलना पाये जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। सोनी के बताया कि सभी आरटीओ और डीटीओ अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# ‘3-डी सॉल्यूशन की मदद से खिंचेगा विकास का खाका’



जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने 3-डी सॉल्यूशन प्रोजेक्ट देखा।

**जयपुर**। राजधानी जयपुर का 3-डी सॉल्यूशन प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इसके लागू होने से जेडीए को काफी राहत मिलेगी। बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास, परिवहन योजना, भू-कर और भूमि नियोजन, नगर नियोजन के अलावा योजना बनाने और उसे निष्पादित करने में आसानी हो जाएगी। यह जानकारी जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने दी है। उन्होंने शनिवार को आला अधिकारियों के साथ बैठकर सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की टीम द्वारा तैयार इस प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन देखा। इसमें जो खामियां हैं, उसको दूर करने के निर्देश भी दिए। प्रजेंटेशन में बताया कि प्लानिंग और आपदा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए ज्योग्राफिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम आधारित 3 डी मॉडल प्रोजेक्ट को तैयार किया है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों को संपूर्ण 3-डी जीआईएस उपलब्ध करवाना है। जेडीए के उपयोग में लाने के लिए रेवन्यू मैप व मास्टर प्लान विकास योजना-2025 को प्रोजेक्ट के साथ एकीकृत करेंगे।

## एलन जयपुर के 60 विद्यार्थी एनटीएसई स्कॉलरशिप के लिए चयनित

**जयपुर**। एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनटीएसई) स्टेज-2 के परिणामों में एलन जयपुर ने ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। एलन के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट सी.आर.चौधरी ने बताया कि एनटीएसई स्टेज-2 के परिणामों में एलन जयपुर के 60 विद्यार्थियों का चयन स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। ये परिणाम एलन के स्टूडेंट्स को नेशनल केवल पर तैयार करने के लिए दी जा रही स्ट्रांग अकेडमिक्स को दर्शाता है। राजस्थान में छात्रवृति के लिए सबसे ज्यादा विद्यार्थी एलन जयपुर से चुने गये है। चौधरी ने बताया कि इस परीक्षा में देशभर में कुल 2033 विद्यार्थियों को चयन हुआ, जिसमें एलन के 604 विद्यार्थी स्कॉलरशिप के लिए सुनिश्चित हुए है। क्लासरूप कोचिंग के 387, वर्कशॉप के 193 तथा दूरस्थ शिक्षा से 24 विद्यार्थी एलन से जुड़े हुए हैं।

# 10वीं की छात्रा से प्रधानाचार्य की अश्लील हरकतें, आरोपी गिरफ्तार

## बच्ची से छेड़छाड़ के विरोध में जब परिजन स्कूल पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें ही बदनाम करने की धमकी दे डाली

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के करणी विहार इलाके की एक स्कूल के प्रधानाचार्य ने शिक्षा के मंदिर को शर्मसार किया है।

कई वर्षों से प्रताड़ित 10वीं की छात्रा ने आखिरकार शुक्रवार को प्रधानाचार्य के खिलाफ परिजनों के सामने अपनी आपबीती बताई तो परिजन भी सन्न रह गए। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और स्कूल प्रधानाचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने फ़िलहाल आरोपी को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल करणी विहार इलाके निवासी एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी बेटी इलाके स्थित एक स्कूल में नर्सरी कक्षा से पढ़ रही है। फ़िलहाल वह 10वीं कक्षा में है। इस स्कूल का प्रधानाचार्य श्रवण कुमार चौपड़ा है। शुक्रवार सुबह बच्ची स्कूल गई थी। वह वापिस लौटी तो बड़ी बहन से लिपटकर रोने लगी और बताया कि कई वर्षों से स्कूल के प्रधानाचार्य उसे परेशान करते आ रहे है। शुक्रवार को भी प्रधानाचार्य ने अपने ऑफिस में बुलाकर उसे गोद में बिठाया और गाल पर किस कर मोबाइल में फोटो दिखाई। घटना के बारे में किसी को बताने पर बदनाम करने की धमकी दी। करीब 15 मिनिट बाद कक्षा में वापिस भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार शाम को प्रधानाचार्य घर पर आ गया और कहा कि ये तो छोटी सी बात है, अगर किसी को बताओगे तो मेरी स्कूल का नाम खराब होगा। इसके बाद वह चला गया। पीड़ित कुछ स्थानीय लोगों के साथ स्कूल पहुंचा तो प्रधानाचार्य श्रवण ने मोबाइल में कुछ वीडियो दिखाते हुए धमकाया कि मैं चाहूं तो तुम्हारे घर को बर्बाद कर सकता हूं। डीसीपी (वेस्ट) ऋचा तोमर ने बताया आरोपित के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। शुक्रवार रात को आरोपी श्रवण कुमार चौपड़ा (40) को शांतिभंग में गिरफ्तार किया था, जिसे अब पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया जाएगा।

## सार-समाचार

### जगदीश राज श्रीमाली ने पदभार संभाला



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान श्रम कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली ने शनिवार को हसनपुरा स्थित ऑफिस पहुंचकर कार्यभार संभाला। इस मौके पर श्रम आयुक्त अंतर सिंह नेहरा, अतिरिक्त श्रम आयुक्त पंताजली भू, राजीव सक्सैना और संयुक्त श्रम आयुक्त धर्मपाल चौधरी मौजूद थे। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, जयपुर दक्षिण अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, सलाहकार रामाशंकर गुर्जर समेत अन्य पदाधिकारियों ने बुके भेंट कर जगदीशराज श्रीमाली को बधाई दी। संजय सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली को श्रम कल्याण बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाना गौरव की बात है।

### शिविर में 265 यूनिट रक्त एकत्रित



**जयपुर**, (का.सं.)। बेस्ट केपिटल की ओर से शनिवार को सी-स्कीम स्थित लुहाड़िया टॉवर में आठवें रक्तदान शिविर में 265 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर करीब 100 रक्तदाओं ने अंगदान का भी संकल्प लिया। रक्तदान शिविर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने रक्त दानदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए सम्मानित किया। रक्तदान शिविर के आयोजक एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष अरुण बगड़िया ने बताया कि सात साल पहले रक्त की कमी से जूझते लोगों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। पहले रक्तदान शिविर में 74 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इसके बाद से हर साल 19 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान रोटरी क्लब के पीसी जैन, आर.के. गुप्ता, हरीश खतरी, हेमेंद्र शर्मा, रवि कामरा, बेस्ट केपिटल के रामविलास शर्मा, इंद्र सिंह भाटी, पंकज विजयवर्गीय, मोहन बगड़िया, हेमंत जांगिड़, जितेंद्र यादव, सुरेंद्र चांदावास सहित स्वास्थ्य कल्याण बल्ड बैंक टीम भी मौजूद रही।

### मोबाइल-बाइक चुराने वाले दो पकड़े

**जयपुर**। जवाहर नगर थाना पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग व दुपहिया वाहन चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से चोरी की दो दुपहिया वाहन सहित स्नेचिंग के चार मोबाइल फोन जब्त किए गए है। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने मोबाइल स्नेचिंग व दुपहिया वाहन चोरी के आधा दर्जन से अधिक वारदातों को खुलासा किया है। थानाधिकारी पन्नालाल मीणा ने बताया कि प्रदीप कुमार उर्फ दीपक उर्फ दीपू और गौरव उर्फ गोलू वाधवानी को गिरफ्तार किया है और दोनों ही जवाहर नगर के रहने वाले है। आरोपित नशे के आदि है और नशा पूर्ति के लिए मोबाइल स्नेचिंग व दुपहिया वाहन चोरी करते है।

### फोटोग्राफर युवक की संदिग्ध मौत

**जयपुर** (कासं)। सिंधी कैंप इलाके में फोटोग्राफी का काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। इस संबंध में सीकर जिले की नीमकाथाना पुलिस ने ज़ीरो नंबरी एफआईआर दर्ज कर सिंधी कैंप थाने भेजी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी गुंजन ने बताया कि मृतक दीपक पुत्र शंकर लाल कुमावत निवासी नीमकाथाना में फोटोग्राफी का काम करता था। उसके पिता शंकर लाल का आरोप है कि दीपक और उसकी पत्नी पूजा के बीच अनबन चल रही थी। जिसके चलते दीपक अपने दोस्त शिव कुमार के साथ ब्रह्मपुरी में फोटोग्राफी करने आया था। सिंधी कैंप क्षेत्र में वह बेहोशी की हालत में मिला। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने पत्नी पूजा दोस्त शिव कुमार और गजेंद्र पर शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फर्जी तरीके से नौकरी ली, मुकदमा दर्ज

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाने में इस्तगासे के जरिए एक भाई ने अपने ही भाई के खिलाफ रेल्वे विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी पाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार गांव चांदावास, रेवाड़ी (हरियाणा) निवासी राज सिंह का आरोप है कि उसके बड़े भाई चंदन सिंह ने असल जन्मतिथि 20 अप्रेल 1960 को छिपाते हुए 11 दिसंबर 1960 दस्तावेजों में फर्जी तरीके से अंकित कर रेल्वे विभाग में विद्युत फीटर की नौकरी प्राप्त कर ली। वह 31 दिसंबर 2020 को उत्तर पश्चिम रेल्वे मण्डल, रेल प्रबन्धक कार्यालय, मालवीय नगर से सेवानिवृत हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### एटीएम में नकदी कम डालने का आरोप

**जयपुर**। गलता गेट थाने में एटीएम मशीन में रूपए डालने वाली कंपनी के कर्मचारियों पर गबन का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार राइटर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि नीरज शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनकी कंपनी बैंकों के एटीएम में रूपए डालने का काम करती है। कंपनी की गाड़ी पर चालक बाबूलाल मीणा, गनमैन ब्रजेश कुमार सहित कर्मचारी देवेंद्र सिंह और गोविन्द नारायण की ड्यूटी है। आरोप है कि चारों कर्मचरियों ने गिरवर नगर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम मशीन में 6 लाख 62 हजार 100 रूपए डालने के बजाय केवल 3 लाख 21 हजार 600 रूपए ही डाले। इस तरह कर्मचारियों ने 3 लाख 40 हजार 500 रुपए का गबन किया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# झालाना में जुआ खेल रहे छह लोग गिरफ्तार

**जयपुर**। राजधानी के झालाना डूंगरी इलाके में डीएसटी और पुलिस ने दबिश देकर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद कई माफिया भूमिगत हो गए हैं। पुलिस चिन्हित कर बदमाशों की तलाश में जुटी है। डीसीपी (ईस्ट) प्रह्लाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि आरोपित नरेश धनवानी (40) निवासी खोह नागोरियान, विजय कुमार (35) निवासी न्यू जोशी कॉलोनी ब्रह्मपुरी, कल्लू (48) निवासी जनता कॉलोनी आदर्शनगर, मनीष जैन (45) निवासी जौहरी बाजार, गिरीश कुमार (36) निवासी डिग्गी बाजार अजमेर व भगवान दास (50) निवासी अग्रवाल फार्म मानसरोवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को काफी समय से झालाना डूंगरी में ई-112, स्थित हिस्ट्रीशीटर कैलाश मीणा के मकान में जुआ सट्टा खिलाने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने कैलाश मीणा के घर पर दबिश दी, जहां मकान में फर्श पर बिछी चद्दर पर घेरा बना कर 6 लोग ताश पत्तियों, गोटियों व कॉइन से रूपए दाव पर लगाकर जुआ खेलते मिले। इस पर पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 लाख 99 हजार रूपए बरामद किए। झालाना डूंगरी में जुआ सट्टा के अलावा अवैध शराब बिक्री के कई ठिकाने हैं। परचून की दुकान की आड़ में लोगों को शराब बेचीं जा रही है। जहां बिना किसी रोक टोक के आसानी से शराब मिल जाती है। पुलिस अब ऐसे माफियाओं पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

## आयुर्वेदिक डॉक्टर्स का सम्मान आज

**जयपुर**। राजस्थान औषधालय द्वारा पूरे भारत भर में चलाये जा रहे डॉक्टर्स सम्मान समारोह के तहत जयपुर जिले के उन आयुर्वेदिक चिकित्सकों का सम्मान करने जा रहा हैं, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान आमजन की निस्वार्थ भाव से सेवा कर कोविड-19 के मरीजों को लाभान्वित किया।

जयपुर जिले के आयुर्वेदाचार्य डॉ. मुकेश अटल ने बताया कि आरएपीएल गुरप मुम्बई द्वारा 20 फरवरी (रविवार) को सीकर रोड़ गीरधर कॉलोनी सोनी मनिपाल हॉस्पिटल के सामने स्थित नेगचार बाग बैन्क्यूट रेस्टोरेंट में सुबह 11 बजे डॉक्टर्स सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले भर के आयुर्वेदिक चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। आयुर्वेदाचार्य डॉ. सिताराम गुप्ता ने यह जानकारी दी है।

# आर्टिस्ट ने उकेरा लताजी का रूप-लावण्य

**जयपुर**। शहर के नामी आर्टिस्ट मुकेश अर्जुन प्रजापति ने स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का क्ले में हू-ब-हू पोर्ट्रेट बनाकर उन्हें हुनरमंद कला-अंजलि दी। यहां खजानेवालों का रास्ता स्थित अर्जुन आर्ट गैलेरी में शनिवार को हुए कला-अंजलि कार्यक्रम में लाइव डेमो की खासियत यह रही कि मरु कोकिला सीमा मिश्रा के सुरीले सुरों पर आर्टिस्ट मुकेश प्रजापति के हुनरमंद ताल से माहौल लता-मय हो गया। उन्होंने लाइव डेमो में लताजी के पोर्ट्रेट में रूप-लावण्य के साथ अपने कमाले फन से कला-अंजलि की खूबसूरत मिसाल पेश की।

इस मौके पर सोश्यल एन्टरप्रेन्योर अलका बत्रा ने शहर की नामी सिंगर सीमा मिश्रा को पहले लता मंगेशकर अवॉर्ड से सम्मानित किया। इससे पहले बड़े बेटे राजेन्द्र अर्जुन प्रजापति ने अपने पिता पद्मश्री मरहूम अर्जुन प्रजापति के संस्मरण सुनाए। उन्होंने बताया कि उनके पिता भी लाइव पोर्ट्रेट्स के लिए कलाप्रेमियों में खासा लोकप्रिय थे। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री जितेन्द्र मीणा समेत मशहूर टीवी एंकर व अभिनेत्री शिखा पारीक, नीलम सक्सेना आदि मौजूद रहीं।



नामी आर्टिस्ट मुकेश अर्जुन प्रजापति ने स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का क्ले में हू-ब-हू पोर्ट्रेट बनाकर उन्हें हुनरमंद कला-अंजलि दी।

## त्री-तंत्री के सुरों से नेट-थियेट गूंजा

**जयपुर**। नेट-थियेट की 82वीं श्रृंखला शास्त्रीय संगीत के संवद्धर्क पद्मश्री स्व. प्रकाश चंद्र सुराणा और कला मर्मज्ञ स्व. कौशल भार्गव को समर्पित तीन सितार एक सांझ में जब राग यमन के स्वर सितार के तारों से निकले तो सुरीले सुरों से शास्त्रीय संगीत गुलजार हुआ। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि राजस्थान में स्व. सुराणा एव स्व भार्गव ने कई दशकों तक शास्त्रीय संगीत के प्रचार प्रसार और संरक्षण के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया तथा देश के शास्त्रीय गायकों एवं बैले की विधाओं से जन साधारण को रूबरू करवाया।

# विवादित प्रश्नों पर जवाब मांगा

## सहायक वन संरक्षक और रेंज ऑफिसर परीक्षा का मामला

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सहायक वन संरक्षक और रेंज ऑफिसर पद के लिए आयोजित परीक्षा में कुछ विवादित प्रश्नों के मामले में आरपीएससी सचिव से जवाब मांगा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश गोविन्द तिवारी की याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि सहायक वन संरक्षक और रेंज ऑफिसर की परीक्षा गत वर्ष आयोजित की गई। परीक्षा में पूछे गए 9 प्रश्नों पर विवाद था। जिस पर याचिकाकर्ता ने आरपीएससी के समक्ष विवादित प्रश्नों को लेकर आपत्ति की, लेकिन आरपीएससी ने विवादित प्रश्नों पर दी गई आपत्तियों का निपटारा किए बिना ही उत्तर कुंजी जारी करते हुए 9 दिसंबर 2021 को परिणाम जारी कर दिया। याचिका में कहा कि जब तक विवादित प्रश्नों पर आपत्तियों का निपटारा नहीं होता तब तक आरपीएससी को परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया जाना चाहिए था। इसलिए मामले में विवादित प्रश्नों का निपटारा कर परीक्षा की उत्तर कुंजी पुनः जारी की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरपीएससी सचिव से जवाब मांगा है।

## ओपन जिम और हाईमास्क लाईट का उद्घाटन

**जयपुर** (कासं)। खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कलेक्ट्रेट सर्किल में ओपन एयर जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनहोंने हाईमास्क लाईट और जिम का उद्घाटन करते हुये कहा कि चांदपोल से कांतिचन्द्र रोड़ होते हुये कलेक्ट्री सर्किल से चिंकारा कैंटीन तक और स्टेशन रोड़ को ग्रीन कोरिडोर रोड़, आरपीए रोड को भी कोरिडोर रोड़ बनाया जा रहा है। सिविल लाईन्स विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी पार्कों में जिम लगाये गये हैं।

# आठ बाल श्रमिक छुड़वाकर दो कारखाना संचालक दबोचे

**जयपुर**। जयसिंहपुरा पुलिस ने 8 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है और दो कारखाना संचालकों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया कि लाल वास इलाके में कार्रवाई करते हुए आठ बालश्रमिको को मुक्त करवा कर परवेज आलम और मोहम्मद जाहिर को गिरफ्तार किया है दोनों ही आरोपित बिहार हाल लाल वास जयसिंहपुरा के रहने वाले है। इसी प्रकार जयसिंहपुरा थाना पुलिस ने लापता हुए दो नाबालिग बच्चों को दस्तयाब कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया गया है। थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया कि 15 फरवरी को थाना इलाके के जामडोली रोड से लापता हुए दो 16 वर्षीय बालक की अचानक लापता होने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जामडोली रोड, आगरा रोड, ट्रांसपोर्ट नगर,मानबाग, दिल्ली रोड, नाई की थड़ी और रामगढ़ रोड पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए दोनों बालकों को दस्तयाब किया।

# राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए जयपुर में दो दिन जुटेंगे विशेषज्ञ

- **राजस्थान विश्वविद्यालय के देराश्री शिक्षक सदन में आयोजित होगा कार्यक्रम, आठ सत्रों में होगी चर्चा**

**जयपुर** (का.सं.)। आजादी के 7 दशक से ऊपर समय गुजर जाने के बावजूद 13 करोड़ लोगों की मातृभाषा भाषा राजस्थानी की मान्यता को लेकर लंबे समय से संघर्षरत संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के देराश्री शिक्षक सदन में किया जाएगा।

राजस्थानी भाषा मान्यता की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्षरत राजस्थानी मोट्यार परिषद व छात्र मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 8 सत्र होंगे जिनमें पत्र वाचन, राजस्थानी भाषा की मान्यता को लेकर केंद्र सरकार से मांग राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शीघ्र अति शीघ्र शामिल किया जाए आदि होंगे। राजस्थान के लोगों को उनकी जुबान की आजादी प्रदान की जाए तथा साथ ही प्रदेश सरकार के सामने यह मांग रखी जाएगी कि राजस्थानी भाषा को प्रदेश की राजभाषा घोषित किया जाए आदि मुद्दों पर खुलकर चर्चा होगी।

राजस्थानी मोट्यार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवदानसिंह जोलावास के तत्वावधान में इस आयोजन में प्रदेश के करीब 100 से अधिक भाषा प्रेमी, युवा, साहित्यकार, विद्वान जन, आंदोलन से जुड़े मोट्ययार परिषद, छात्र मोर्चा के प्रतिनिधि भाग लेंगे। विशेष रूप से यह राजस्थानी संसद इस लिए महत्वपूर्ण है कि इसमें एक सत्र में राजस्थानी संसद नाम से एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा जिसमें राजस्थान की सभी लोकसभा की 25 और राज्यसभा की 10 सीटों से दो द्रो प्रतिनिधि पक्ष और विपक्ष के रुप में इस विषय पर खुलकर चर्चा करेंगे।

जिसके तहत राज्य सरकार व केंद्र सरकार को उन तथ्यों की प्रमाण सहित जानकारी दी जाएगी जिसके तहत राजस्थानी भाषा को शीघ्र अतिशीघ्र संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल किया जा सकता है तथा राज्य सरकार 10 मिनट के एक संक्षिप्त प्रस्ताव में राजस्थानी भाषा को राजभाषा घोषित कर सकती है। इसके लिए छत्तीसगढ़ व झारखंड के दो उदाहरण सप्रमाण प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम आयोजक एवं राजस्थानी मोट्यार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शिवदान सिंह जोलावास ने बताया कि विधानसभा, लोकसभा एवं उच्च सदन में जन प्रतिनिधियों की आवाज मायड भाषा में रखने पर अघोषित रोक लगा रखी है। करोड़ों प्रदेश वासियों को भाषायी सम्मान दिलाने के लिए संसंद में प्रश्नकाल, शुन्यकाल, ध्यानाकर्षण, चर्चा, प्रस्ताव, गैर सरकारी विधेयक और अभिभाषण के सत्र होंगे। श्रीमती सीमा राठौड़, डॉ गौरी शंकर प्रजापत, डॉ राम रतन लटियाल, डॉ गौरी शंकर निमिवाल, हरिराम विश्नोई, नारायण सिंह पीथल आदि कार्यवाही का संचालन करेंगे।

राजस्थानी संसद के सह संयोजक सुरेन्द्र कुमार स्वामी के अनुसार लोकसभा की तरह इस कार्यवाही का संचालन होगा जिसमें प्रदेश के बुद्धीजिवी शिक्षक विद्यार्थी बेरोजगार नौजवान मिडिया सिनेमा रंग कर्म से जुडे संस्कृतिकर्मी आसन सभापति के रूप होंगे। विश्वविद्यालय के शोधार्थी संघमित्रा राठौड़, प्रशान्त जैन, सीया चौधरी, जगदीश मेघवाल, हरप्रीत शंशाक, ललित सोनी, मघराज मेघवाल आदि पत्रवाचन करेंगे।



## World Whale Day

Giants of the ocean are celebrated on World Whale Day, which aims to raise awareness of these magnificent creatures, their beauty as well as their ecological value to the planet. The annual day, World Whale Day, was founded in Maui, Hawaii in 1980 to honour humpback whales, which swim off of the coast of this tropical island. This day was started as an idea by Greg Kauffman, founder of the Pacific Whale Foundation, to raise awareness about the threat of extinction faced by humpback whales.



#RESEARCH

# Reusing Soft Plastic Bottles



In new reusable bottles, close to 500 different substances remained in the water after an additional rinse. Over 100 of these substances came from the plastic itself.

Reusable bottles made from soft plastic release several hundred different chemical substances in tap water, research finds.

Several of these substances are potentially harmful to human health. There is a need for better regulation and manufacturing standards for manufacturers, according to the chemists behind the study.

"We were taken aback by the large amount of chemical substances we found in water after 24 hours in the bottles. There were hundreds of substances in the water-including substances never before found in plastic, as well as substances that are potentially harmful to health. After a dishwasher cycle, there were several thousand," says Jan H. Christensen, professor of environmental analytical chemistry at the University of Copenhagen's department of plant and environmental sciences.



Christensen and fellow researcher Selina Tisler detected more than 400 different substances from the bottle plastic and over 3,500 substances derived from dishwasher soap. A large portion of these are unknown substances that the researchers have yet to identify. But even among the identified chemicals, the toxicity of at least 70% remains unknown.

Photo-initiators are among the toxic substances in the water which worry the researchers. These are known to have potentially harmful effects on health in organisms, such as being endocrine disruptors and carcinogens. Furthermore, the researchers found a variety of plastic softeners, antioxidants, and release agents used in the manufacture of the plastic, as well as Diethyltoluamide (DEET), commonly known as the active substance in mosquito spray.

They tested three different types of drinking bottles, all of which are found in Danish stores. Two of the bottles are made of biodegradable plastic, according to the manufacturer. Both new and heavily used bottles were used. The bottles were tested both before and after machine washing, and after five extra rinses in tap water.

The researchers carried out a so-called non-target screening (NTS) using a liquid chromatograph and a mass spectrometer, where, as with traditional methods, it is not limited to analyzing the substances that are suspected to be present, but instead screen for all substances present.

In their experiments, the researchers mimicked the ways in which many people typically use plastic drink bottles. People often drink water that has been kept in bottles for several hours. The researchers left ordinary tap water in both new and used drinking bottles for 24 hours, both before and after machine washing, as well as after the bottles had been in the dishwasher and rinsed thoroughly in tap water.

"What is released most after machine washing are the soap substances from the surface. Most of the chemicals that come from the water bottle itself remain after machine washing and extra rinsing. The most toxic substances that we identified actually came after the bottle had been in the dishwasher-presumably because washing wears down the plastic and thereby increases leaching," explains Tisler, a postdoctoral researcher in the department of plant and environmental sciences.


In new reusable bottles, close to 500 different substances remained in the water after an additional rinse. Over 100 of these substances came from the plastic itself.

She emphasizes that they have yet to conclude whether the water in the bottles is harmful to health, as they currently have only an estimate of the concentrations of the substances and toxicological assessments have yet to be completed.

The researchers suspect that bottle manufacturers only add a small proportion of the substances found intentionally. The majority have inadvertently occurred either during the production process or during use, where substances may have been converted from other substances. This includes the presence of the mosquito repellent DEET, where the researchers hypothesize that as one of the plastic softeners degrades, it converts into DEET.



What would you call COVID-19? A pandemic or something else? Though epidemics and pandemics have been a part of the world history since the beginning of time, what was so special about this pandemic that brought the entire world to a grinding halt? Was it that dangerous a virus? These questions riled Brian Pottinger to such an extent that this retired journalist from South Africa lost his temper and decided to find the answers which resulted in an eye-opening book "States of Panic: Covid 19 and the New Medieval"



# Was Shut-Down Ever Essential? (...1)







Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

#COVID

When the first lockdown was imposed in March 2020 in India, most people agreed to the lockdown because everyone was so scared of dying. These measures were soon followed by predictions by experts and media that this menacing virus will kill billions of people world over. Did it really live up to those predictions or was it someone crying wolf-wolf?

### Viral Questions

Was Covid man-made? Was it accidental or natural? Who really benefited from this entire fiasco which brought the world to a standstill? Brian Pottinger, a retired journalist based in South Africa became obsessed with these questions and set out to find the answers. An alumnus of Harvard University, Brian worked as the editor and publisher of South African Sunday Times for decades before he retired and settled on KwaZulu Natal North Coast. Brian's relentless search for answers resulted in his eighth book, "States of Panic: Covid 19 and the New Medieval".

### Terror Or No Terror

Brian Pottinger thinks that Covid was not a terror attack. He says, "I in my research found nothing which I would put in my book and say that it was a terror attack."

But how was it that the virus never spread to Shanghai or Beijing from Wuhan but travelled all over the world?

Brian says, "Initially people argued that this virus was transmitted by droplets but then they started saying that it was an airborne (transmitted through air) infection. No matter what the medium may be, I don't think that masks by any means can completely stop the transmission. However, where masks really help is that they help in stopping the transmission of the disease from the wearer to the other person. In that sense, the Chinese habit of wearing masks dates back to the breakout of the SARS (severe acute respiratory syndrome) epidemic in 2002. Since that pandemic, the Chinese people have been quite particular about wearing masks in public places. I think the discipline that the Chinese population has about wearing masks was the prime reason that helped in controlling the virus. The Chinese quickly isolated the area of Wuhan and locked down the population. Moreover, the biggest factor that helped in arresting this virus in that country is that China predominantly has a young and healthy population unlike UK or USA."

### Novel Virus Not So Novel

The book says, "The rate of discovery of new viruses has been about 3.37 species per year although there has been a discernible decrease in the recent years. The important point to grasp is that the emergence of a new or "novel" virus (one that has never been recorded before) is neither exceptional nor necessarily daunting. We have annually been discovering new and novel viruses on an uninterrupted basis since 1901 when the first "filterable agent" was uncovered in yellow fever virus. New and novel viruses have been hitting us every year for the last 120 years, but we have never found it necessary to close down the world. So why did we do it for COVID-19?"

> Why were we so terrified when we knew very early on that more than 80 percent of those infected would get it so mildly that they might not even notice and that less than five percent would suffer seriously enough to lead to hospitalization, that its target group was overwhelmingly the elderly and then 77% of the fatalities had prior severe underlying conditions?"


Brian further writes, "What was so "novel" about COVID-19 that we had to close the world when three to four new or novel viruses hit us every year and at least once a decade our species is subject to a virulent infection of some nature that claims millions of fatalities?"


"Why were we so terrified when we knew very early on that more than 80 percent of those infected would get it so mildly that they might not even notice and that less than five percent would suffer seriously enough to lead to hospitalization, that its target group was overwhelmingly the elderly and then 77% of the fatalities had prior severe underlying conditions, the category of patient that was in any case sadly predisposed to die from complications?"

In his book, the author questions, "Why did we ignore the fact that total linked fatalities from COVID-19 linked deaths six months into the pandemic were still in the range of annual influenza -related deaths according to the World Health Organizations own models and were lower than the fatalities of the Asian Flu of 1956-58 and the Hong Kong Flu of 1968-69? Let us not talk about real communicable disease killers such as AIDS-HIV at one million a year and Tuberculosis at 1.3 million."



Predictions overblown






### We Are Closed!

The author says that he has never discounted that the virus did infect millions of people and kill hundreds of thousands of people. He even goes on to acknowledge that the virus was nasty to the elderly and people with underlying conditions. However, his main bone of contention is that COVID-19 was not a killer disease on a scale that remotely justified closing down the world.

### Historically Speaking

In his book, the author has devoted a chapter on each of the epidemics that has hit human race so far in the recent history.

The first in his list was the Black Death that was a plague caused by bacteria that infected people in Europe from 1347 to 1352 which had the case fatality rate or CFR (the proportion of people diagnosed with a certain disease, who end up dying of it) of about 60. He says that the estimated deaths from that plague in today's context were about 265 to 400 million people. He talks about how when nothing helped, people started blaming God and Jews for the plague. Similarly, the Spanish Influenza which lasted from 1918 to 1920 which was an N1H1 strain of coronavirus that swept to Europe took away 17 million people (which was about one percent of the world's population). Though the disease was called Spanish Influenza because the King of Spain was one of its earliest victims, the author says that it is widely believed that the disease originated in China or its military hospitals. The CFR was high at about 2.5 not just because of the disease but also the prevailing conditions of poverty and ill health as a result of the world war. However, the interesting thing according to the author is that it was this Spanish Influenza that in 2020 was used by an epidemiologist named Neil Ferguson to lay down the guidelines for battling COVID 2020.

Brian also talks about severe acute respiratory syndrome (SARS-CoV-1), another illness that had its origins in China and besieged the world in 2002-2003. It had a CFR of 11 % which was way more than Covid-19 which has a CFR ranging from 0.1% to 1%. However, during this period, the Chinese authorities were quite late in informing the international community about this novel coronavirus which still has no vaccine till date. The virus mainly attacked the elderly and people with previously underlying conditions. Nevertheless, the world was not locked down despite the high CFR.




Black Death

The author further states that in 2012, Middle Eastern Respiratory Syndrome or MERS-CoV killed 866 out of 2519 people that it had infected in the Saudi Arabia. Interestingly though the CFR was 36, there were no lockdowns or public attention since it was in Saudi Arabia, a country which wasn't as important or media savvy as UK or USA.

Brian talks about Swine Flu (H1N1) which 2009-10 killed 18449 people out of the 1,63,2710 people it had infected in United States and Europe. This caused the US government to declare a public health emergency which led to the popularization of Roche's Tamiflu as a vaccine all over the world. The World Health Organization or WHO which led to the setting up of call centres where agents who had no knowledge of anything remotely associated with medicine handled calls from millions of people who were advised to take Tamiflu and rest. The author says that though it had been clear from the initial research that this was a relatively benign strain of the seasonal flu, WHO declared this as a global pandemic. Later on, a lot of authorities in Germany and other parts of Europe publicly accused WHO of creating public hysteria by declaring normal flu cases as a start of the new pandemic to serve the interests of big pharmaceutical companies which according to the author was a feat that was repeated in 2020.

***To be continued...***

writetoarbit@rashtradoot.com



Spanish Flu

#LOVE

Some nicknames may seem odd at first glance, but they are always meant to convey love. Here are some pet names people around the world call their sweethearts.



# Nicknames From Around The World

Long lines in front of flower shops, people with boxes of chocolate tucked under their arms, maybe along with a love note – lovers in many countries all over the world celebrated February 14, Valentine's Day. That goes hand in hand with the terms of endearment reserved for that special significant other, with every culture having a different idea of what the ideal pet name should sound like.

### Heart and Liver: Body Parts Are Essential

There is no need to be offended if a Chinese calls you "heart liver." On the contrary, you might want to feel flattered and seriously ponder whether that person is "the one." Calling someone heart liver, "xin gan" in Chinese, is a sign of affection and love. Just as a person cannot live without these two organs, a "xin gan" is someone you can't imagine living without.


People in the countries of East Africa who speak Kiswahili also turn to body parts for terms of endearment. A hug is guaranteed if you call someone "nyongo mkalia ini. "Nyongo" means gallbladder and "ini" means liver. "Mkalia" can be translated as "sitting." If you are someone's "nyongo mkalia ini," you are literally their gallbladder sitting on the liver.

The gallbladder is located under the liver and because the two organs are so difficult to separate, it's easy to apply that to life as a couple. What could then be a better way to show love than to whisper "nyongo mkalia ini" in someone's ear?

### Love 'Goes Through The Stomach'

Besides flowers, chocolate is a popular gift on Valentine's Day, because love and food go hand in hand - according to a German idiom, "love goes through the stomach." Pet names in some countries suggest that food is love and love is food: "my licorice" (dropje) in Dutch and "plum" (sveske) in Danish. Licorice is a national favourite in the Netherlands, so the pet name seems logical. Plums in Denmark sound more exotic, which just might be the intention. In English, it is not uncommon to hear people say "pumpkin," "cupcake" or "sweetie."

It gets interesting when you turn to francophone countries. French cuisine has a very upscale reputation, including world-famous red wines and elaborate dishes. A favourite pet name, however, is "my cabbage" (mon chou), and of course, the intention is the same, it is a term of endearment.




Italy is another country known for its culinary delights. "A man without a woman is like spaghetti without Parmesan," is a common Italian saying. The nickname "little onion" seems a bit strange. Certainly, any dish sautéed with onions tastes delicious, but chopping the vegetable is not always a pleasure. It's the same with love - you have to put in the effort to make it taste and work in the end.

Speaking of affectionate names involving food: In Spanish, "my fatty" is supposed to be a term of endearment. It seems a couple would have to be looking back at many years together for that to be okay, because quite honestly, how would you react if you were called "fatty" on a first date, regardless of the intention?

### Rabbits and Lambs

In Germany, for example, classic pet names include "Schatz" (treasure), "Hase" (rabbit), "Mäuschen" (little mouse) or "Bärchen." In Russian, people like to call a loved one "my swallow" while in Polish, the term of endearment would be "Zabka "(little frog).

In Bulgaria, the choice of pet name depends on the status of the relationship. In cases of young love, partners are often affectionately called "little lamb," a term that can eventually become "sheep" over time. And if love is not on the horizon, Bulgarians have a plan B for Valentine's Day. According to the Orthodox calendar, February 14 is Trifon Day, a celebration to honour the winemakers – with great amounts of wine. Bulgarians celebrate and drink a lot that day, either for love or to nurse heartbreak.

Some languages come up with terms that use diminutives to the fullest – the smaller the scale, the more a person is loved. Poles, for instance, are true masters of diminutives, usually using them for first names. Loved ones also imply become a "sloneczko," or little sun.


It seems the phenomenon of what becomes a pet name has not really been analyzed by researchers.

"Clearly, really very questionable words can take on the function of pet names," says Dietlind Kremer, head of the Names Advisory Service at the University of Leipzig. That "intimate world of names" needs more research, she told DW, in particular with "regard to unchanging or changing interpersonal relationships, seniority, subordination, and cooperating at eye level."

In the meantime, whatever you call your sweetheart, remember the words of 20th-century German author Hermann Hesse: "Happiness is love, nothing else."




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# झुंझुनूं जिले के शिमला ग्राम में पैंथर की दस्तक से दहशत का माहौल

## नन्हें शावक को दीवार पर बैठा देख महिला ने समझा बंदर का बच्चा

**खेतड़ी,** (निसं)। झुंझुनूं जिले के शिमला ग्राम में पैंथर आने से दहशत का माहौल बना हुआ है। रेंजर विजय कुमार फगेडिया के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। साथ ही पैंथर को ट्रकुलाइज करने के लिए जयपुर से टीम को भी बुलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब दस बजे रामप्रताप अपने घर में बने पशु चारा के मकान में था, महिला सोनू यादव बाहर निकली तो पैंथर निकल कर दीवार फांद कर सरसों के खेतों की ओर चला गया।

शीशराम ने बताया कि यह पैंथर करीब चार - पांच रोज से क्षेत्र में ही घूम रहा है। शनिवार सुबह पैंथर दिखाई दिया तो ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर फॉरेस्टर संजय कुमार, रतन सिंह, नरेश कुमार, रणजीत सिंह, अशोक कुमार व टीम मौके पर पहुंचकर पैंथर के पग मार्ग को देखकर खेतों में तलाश शुरू की लेकिन सरसों व चने के खेतों में



झुंझुनूं जिले के शिमला ग्राम में पैंथर दिखने की सूचना पर लोग मौके पर जमा हो गए।


तलाश के बावजूद पैंथर का पता नहीं चल पाया। वन विभाग की टीम ने सरसों के खेतों में दूर दूर तक पटाखे चलाकर धमाका किया, लेकिन शाम तक कोई पता नहीं लग पाया। रेंजर विजय फगेडिया ने बताया की पैंथर मिलने की सूचना पर जयपुर से ट्रेंकुलाइजर टीम को भी बुलाया गया है, जल्द ही पैंथर का रेस्क्यू कर लिया जाएगा। 8-8 घंटे से 2-2 कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और उनका हेड क्वार्टर चिरानी नर्सरी बना दिया गया है जैसे ही कोई सूचना लगती है तुरंत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पैंथर का रेस्क्यू करेगी।

- पैंथर को ट्रेंकुलाइज करने के लिए जयपुर से भी टीम को बुलाया
- वन विभाग ने किया सर्च ऑपरेशन शुरू

शिमला ग्राम निवासी महिला का कहना है कि एक दिन पूर्व एक नन्हा शावक दीवार पर बैठा था, जिसे उसने बंदर का बच्चा समझा, लेकिन दूसरे दिन सुबह एक बडा पैंथर गाय भैंस के लिए बने चारे के कमरे से निकलकर पेड पर चढा और दीवार फांद कर खेतों में कूद गया। महिला की मानें तो वहां पर दो पैंथर है जिससे कयास लगाए जा रहे हैं वहां पर एक मादा पैंथर के साथ एक नन्हा शावक है जो कि मां और बेटा हो सकते हैं।

# बदमाशों ने टेंट व्यवसायी और उसके नौकर की निर्मम हत्या की

## कमरे में लगाया ताला, परिजनों के तलाशने पर हुआ मामले का खुलासा



घटना के बाद एसपी मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली।

**बामनवास,** (निसं)। थाना क्षेत्र के नगरपालिका के गढ़ मोरा रोड पर वर्धमान स्कूल के सामने रहने वाले टेंट व्यवसायी गिर्राज प्रसाद गौतम एवं उनके यहां काम करने वाले युवक विपिन पुत्र हरिमोहन मीणा की शुक्रवार रात बदमाशों ने निर्मम हत्या कर दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया।

बदमाश कमरे के बाहर से ताला बंद कर फरार हो गए। अज्ञात बदमाशों द्वारा टेंट व्यवसाई के सिर पर वार कर एवं उसके नौकर के सिर पर वार करने के साथ नौकर के पांव बांधकर निर्मम हत्या की वारदात को अंजाम दिया। घटनास्थल पर बदमाशों द्वारा ताला लगा देने से परिजनों को भी पता नहीं लगा। शनिवार दोपहर तक जब गिर्राज प्रसाद को नहीं देखा गया। तब परिजनों ने उनकी तलाश की। मोबाइल पर कॉल किया तो स्विच ऑफ आया। इसके बाद गिर्राज प्रसाद के भाई शीतल प्रसाद एवं रमेश गौतम ने कमरे का ताला तोड़ा तो अंदर दोनों के शव पड़े हुए थे। सूचना पर जायजा लेने के बाद पुलिस अधीक्षक सुनील बिश्नोई ने मौके पर उपस्थित परिजन एवं लोगों को आश्वस्त किया कि संभवतया प्रथम दृष्टया दोनों की हत्या लूट के मकसद से की गई प्रतीत हो रही है और पहचान होने के चलते ही उनकी हत्या की गई होगी। मामले को लेकर मौके पर काफी जनसमुदाय जमा हो गया एवं तुरंत हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

# गोकुल विहार में चोरी की वारदात, दहशत में लोग

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की गोकुल विहार कॉलोनी में चोरों ने एक फायनेंसर व उसके पड़ौसी के घर को निशाना बनाते हुए नकदी, सोने-चांदी के जेवरात व इलेक्ट्रोनिक्स उपकरणों सहित लाखों रुपये का माल चुरा लिया। उधर, पुलिस ने वारदातस्थल का जायजा लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

फायनेंसर बाबुलाल पुत्र कन्हैयालाल माली ने बताया कि उनका फायनेंस का काम है। अभी वह डी-52 गोकुल विहार में रह रहे हैं। शुक्रवार को वे बनेड़ा में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में शरीक होने के लिए शाम 6 बजे बनेड़ा चला गया था। इसके बाद से ही उसका मकान सूना था। शनिवार सुबह पड़ौसी ने मकान के ताले टूटे देखे और फोन से इसकी सूचना उसे दी। वह बनेड़ा से भीलवाड़ा आये और देखा तो मकान के मेनगेट सहित दो कमरों के ताले टूटे

- पुलिस ने वारदात स्थल का जायजा लेकर चोरों की तलाश शुरू की

मिले। अंदर रखी आलमारी का लॉक भी टूटा था और सामान बिखरे पड़ा था।

सार-संभाल की तो सवा लाख रुपये कीमत की सैमसंग कंपनी की एलईडी, दो तोला सोने का मंगलसूत्र, चेन, अंगूठी, चांदी के पायजैब व 65 हजार रुपये नगदी के साथ ही दीवार घड़ी सहित अन्य सामान गायब मिला। साथ ही पड़ौसी सत्यनारायण पुत्र गोवर्धन सैन के मकान में भी चोरी की वारदात सामने आई। सैन के घर से चोर एलईडी चुरा ले गये। उधर, माली की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और वारदातस्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास कर रही है।

# भीलवाड़ा में रेलवे ट्रेक पर मिली युवक की लाश

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की कावांखेड़ा कच्ची बस्ती के सामने शनिवार सुबह एक युवक की रेलवे ट्रैक पर लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान बावलों का खेड़ा के तेजमल बैरवा के रूप में कर ली गई है। युवक की पत्नी नाते चली गई। वह अकेला ही शहर में रहकर मजदूरी कर गुजर-बसर कर रहा था। रात को युवक लघुशंका के लिए किराये के मकान से निकला था। पुलिस इसे हादसा मानते हुये जांच कर रही है।

कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने बताया कि कावांखेड़ा कच्ची बस्ती क्षेत्र स्थित सगस जी की पुलिया क्षेत्र में लोगों ने रेलवे ट्रैक पर

- हादसा या आत्महत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस

युवक की लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां 26 वर्षीय युवक का शव मिला। उसके हाथ पर तेजमल गुदा हुआ था। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो युवक के गुलाबपुरा क्षेत्र के बावलों का खेड़ा निवासी तेजमल पुत्र हीरालाल बैरवा होने का पता चला। परिजनों को पुलिस ने सूचना दी गई, इस पर तेजमल का भाई मुकेश बैरवा एमजी अस्पताल पहुंचा, जहां उसने शव की पहचान अपने भाई तेजमल के रूप में कर ली। दीवान राजेंद्र ने परिजनों के हवाले से बताया कि तेजमल शादीशुदा था। तीन-चार साल पहले उसकी पत्नी नाते चली गई। इसके बाद तेजमल शहर आ गया और यहीं किराये से रहकर मजदूरी कर अपना गुजर-बसर कर रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद तेजमल का शव उसके भाई मुकेश को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि तेजमल बीती रात लघुशंका के लिए घर से निकला था, जो लौटकर नहीं आया। सुबह उसकी लाश मिली। पुलिस प्रथमदृष्टया इसे हादसा मानते हुये जांच कर रही है।

# राजसमंद जिले में फिर एक कोरोना संक्रमित की मौत

**राजमसंद,** (निस)। जिले में कोरोना संक्रमण की दर भले ही कम हो रही है। लेकिन खतरा अब भी बना हुआ है। जिले में शनिवार को प्राप्त कोरोना सेम्पल की जांच रिपोर्ट में 49 नये संक्रमित सामने आए जबकि एक कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हो गई। इसी के साथ राजसमंद में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में मरने वालों की संख्या भी बढ़ कर 11 हो गई है। इससे कोरोना संक्रमण से जिले में 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

इससे पूर्व जिले में पहली व दूसरी लहर में जिले में 168 मरीज अपनी जान गवां चुके थे। वहीं जिले में अब 545 एक्टिव मामले है। जिनका उपचार जारी है। सीएमएचओ डॉ. पीसी शर्मा के अनुसार शनिवार को जिले में 423 लोगों के सेम्पल लिए गए जिसमें से 105 की आरएटी जांच की गई। जबकि 318 सेम्पल आरटीपीसीआर जांच के लिए लेब भेजे गए। वहीं जांच रिपोर्ट में 49 नये संक्रमित सामने आए। इनमें से सबसे अधिक 15 मरीज भीम ब्लॉक से है। जबकि आमेट ब्लॉक में 8 मरीज, देवगढ़ ब्लॉक में 9 मरीज, खमनोर ब्लॉक में 4 मरीज, केलवाड़ा ब्लॉक में 3 मरीज, रेलमगरा ब्लॉक से 7 मरीज एवं नाथद्वारा शहरी ब्लॉक से 3 मरीज मिले। वहीं राजसमंद ग्रामीण ब्लॉक एवं राजसमंद शहरी ब्लॉक से एक भी मरीज नहीं मिला।

वहीं राजसमंद शहरी क्षेत्र के सुंदर कोलोनी में एक 86 वर्षीय संक्रमित वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिले में अब तक कुल 2 लाख 54 हजार 473 लोगों के सेम्पल लिए जा चुके है। जिसमें से कुल 23 हजार 50 मरीज मिले। वहीं अब तक कुल 22 हजार 328 मरीज रिकवर हो चुके है तथा अब जिले में कुल 548 एक्टिव मरीज है जिनका होम आईशोलेनशन में रखते हुए उपचार जारी है।

# युवा क्रिकेट खिलाड़ी संदीप पालीवाल को शहर ने दी अंतिम विदाई

**राजसमंद,** (निस)। जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप पालीवाल एवं पूर्व सभापति आशा पालीवाल के पुत्र और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की आयोजन समिति के सदस्य संदीप पालीवाल का शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में निधन हो गया था। पालीवाल को आज गमगीन माहौल के बीच शहर वासियों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। पालीवाल के अंतिम यात्रा के दौरान शहरवासियों का सैलाब उमड़ पड़ा।

संदीप पालीवाल को उनकी 12 साल की पुत्री जिज्ञाशा ने गमगीन माहौल में मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में मंतक संदीप की माता आशा पालीवाल, पत्नि राखी, बहन गरीमा एवं पुत्री जिज्ञाशा ने पार्थिव देह को कंधा दिया। इससे पहले शुक्रवार रात को सडक हादसे में ऑडन इलाके में पालीवाल का निधन हो गया था उनके शव का शनिवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर



मृतक संदीप पालीवाल

परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिला मुख्यालय के राणाराजसिंह नगरं स्थित पालीवाल के निवास से उनकी अंतिम यात्रा रवाना हुई जिसमें बडी संख्या में शहरवासी और गणमान्य लोग मौजूद थे। शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई अंतिम यात्रा सलूस रोड स्थित मोक्षधाम में पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर राजसमंद

- मासूम बेटी जिज्ञाशा ने दी पिता के पार्थिव देह को मुखाग्नि

विधायक दिप्ती माहेश्वरी, सभापति अशोक टांक, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, पूर्व चैयरेमन अशोक रांका, सुरेश पालीवाल, महेश पालीवाल, सघन क्षेत्र विकास समिति अध्यक्ष दिग्विजयसिंह राठौड, भामाशाह नरेन्द्र बोहरा, नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा, पूर्व बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एडवोकेट भावना पालीवाल, एडवोकेट प्रेम कुमावत, एडवोकेट शीतल नंदवाना, पुष्पेन्द्र कावडिया, ओम पुरोहित, घनश्याम बागोरा, अर्जुन पालीवाल, किशन सुरेचा, जयदेव कच्छावा, प्रमोद गौड, विजय बहादुर जैन, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, पार्षद हेमंत रजक, कमलेश पहाडिया, हिम्मत कीर और शहरवासी मौजूद थे।

# चोरी का प्रयास करने वाले चार गिफ्तार

**नसीराबाद,** (निसं)। मांगलियावास थाना अंतर्गत ग्राम सराधना निवासी अनुज कुमार सेठी ने गत 17 फरवरी को मांगलियावास थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी गांव में किराने की दुकान और बस स्टैंड के पास गोदाम है तथा 10 फरवरी की रात्रि को दो मोटरसाइकिल पर आए चोरों द्वारा गोदाम का शटर तोड़ने का प्रयास करते हुए चोरी करने का प्रयास किया।

परंतु तभी वहां पर मांगलियावास थाना पुलिस की गस्ती की गाड़ी पहुंचने से अज्ञात चोर मोटरसाइकिलों को मौके पर ही छोड़कर भाग छूटे। जिस पर मांगलियावास थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की और मांगलियावास थाना पुलिस ने माखुपुरा निवासी सुखपाल रावत, विकास रावत, नरेंद्र सिंह रावत, चैन सिंह रावत को गिरफ्तार कर शनिवार को नसीराबाद न्यायालय में पेश किया जहां से सभी आरोपियों को 21 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर लिया।

# 'हिजाब को लेकर अराजकता फैलाना राष्ट्रविरोधी कृत्य'

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जिन लोगों को हिजाब पहनना है, वे स्कूलों की बजाय मदरसों में जाएं। यह देश संविधान से चलेगा, ना की शरीयत से। संविधान के अनुसार स्कूल, कॉलेज और ऑफिसों में जो ड्रेस कोड लागू हो, वही पहनना होगा। हिजाब को लेकर देशभर में जो अराजकता का वातावरण पैदा किया जा रहा है, वह राष्ट्रविरोधी कृत्य है।

देवनानी ने अपने निवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अल्पसंख्यकों द्वारा कर्नाटक में जिस तरह हिजाब पर एक स्कूल से लेकर देशव्यापी वातावरण बनाया जा रहा है और धरने-प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वह सरासर विभाजनकारी व राष्ट्रविरोधी कृत्य है। आजादी के पहले भी ऐसे ही कुछ तत्वों ने इस तरह का प्रयास किया

- कांग्रेस द्वारा हिजाब का समर्थन किए जाने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

था, जिससे देश का विभाजन हुआ। कर्नाटक से शुरू हुई ये लपटे में अब पूरे देश में फेल रही है। आज वहीं तत्व, जिनमें मुख्य रूप से इस्लामिक संगठन पीएफआई है, के नेतृत्व में मोदी विरोधी और राष्ट्रविरोधी आंदोलन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पीएफआई को कोटा में रैली करने की इजाजत देकर हिजाब का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के कैम्पस उत्कृष्ट शिक्षा के माध्यम बनें, ना कि एक खास पहचान वाले अलगाववादी वेशभूषा के। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के विधायक भी हिजाब का समर्थन कर रहे हैं।

देवनानी ने कहा कि मुस्लिम बच्चियों को समान रूप से शिक्षा दी जाए, इसके लिए उनके हाथों में किताबें दिया जाना बहुत जरूरी है। किसी भी शिक्षण संस्थान में शरीयत लागू नहीं हो, क्योंकि भारत में संविधान के अनुसार काम होगा। घर-बाजार में कुछ भी पहना जा सकता है, लेकिन स्कूल, कॉलेज और ऑफिसों में तो ड्रेस कोड ही लागू होगा। उन्होंने कहा कि हिजाब को लेकर इस प्रकार अशांति फैलाना सामाजिक सौहार्द्र को खत्म करना है। यह बहुत ही निंदनीय और राष्ट्रविरोधी है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, कम है।

देवनानी ने अल्पसंख्यकों से अपील की कि वे सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले और राष्ट्रविरोधी तत्वों से सावधान रहें। राष्ट्र के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को आगे बढ़ाने के जो कार्य हो रहे हैं, उनको समर्थन दें।

# चंपालाल महाराज की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया

**नसीराबाद,** (निसं)। राजगढ़ निवासी अविनाश सेन ने सदर थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसके चाचा चंपालाल महाराज मसानिया भैरव धाम के मुख्य उपासक हैं। किसी असामाजिक तत्वों द्वारा धाम के गरिमा वह महाराज की छवि को धूमिल करने की हैसियत से गुरुजी मसानिया भैरव नाथ के नाम से सोशल मीडिया फेसबुक पर एक फर्जी अकाउंट बना रखा है जिसमें महाराज की फोटो लगा रखी है जिस पर गुरुजी मसानिया भैरव नाथ काशी विश्वनाथ उज्जैन लिखा है वह मोबाइल नंबर दिया हुआ है।

उक्त व्यक्ति द्वारा लोगों से राजगढ़ धाम के नाम से फर्जीवाड़ा करके लूट रहा है ऐसे असामाजिक तत्व जोकि राजगढ़ धाम की छवि को खराब करने में लगे हुए हैं उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

# 'महाराणा प्रताप से अकबर की तुलना करना दुर्भाग्यपूर्ण'

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने महाराणा प्रताप व अकबर के बीच हुई लड़ाई को सत्ता संघर्ष बताने संबंधी दिए गए बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डोटासरा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए अल्पसंख्यकों के वोट बटोरने के लिए शूरवीर महाराणा प्रताप की शौर्यता और बलिदान का अपमान कर रही है।

शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए देवनानी ने कहा कि डोटासरा का बयान उनकी कुंठित मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने कभी भी वीरों का सम्मान नहीं किया। वह केवल एक ही परिवार को आगे रखने के कारण भारत के सारे शूरवीरों का अपमान करती रही है और अब भी कर रही है। तुष्टिकरण के लालच में कांग्रेस ने हमेशा मातृभूमि के गौरव के संघर्ष को सत्ता का संघर्ष कहकर महाराणा प्रताप के स्वर्णिम इतिहास को कलंकित करने का प्रयास किया है। कांग्रेस का यह कृत्य बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है।

देवनानी ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ी थी। अकबर की ना

- महाराणा प्रताप व अकबर के बीच हुई लड़ाई को सत्ता संघर्ष बताने पर देवनानी ने कांग्रेस के खिलाफ खोला मोर्चा

तो कभी भी महाराणा प्रताप से तुलना की जा सकती है और ही बराबरी की जा सकती है। महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व के आगे तो अकबर कुछ भी नहीं था। यही कारण है कि भाजपा शासनकाल में हमने विद्यार्थियों को यह पढ़ाना और बताना शुरू किया कि अकबर महान नहीं था, बल्कि महाराणा प्रताप महान थे। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर व पराक्रमी महाराणा प्रताप का अपमान करना किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता है। कांग्रेस केवल अल्पसंख्यकों के वोट पाने और तुष्टिकरण की नीति पर चलने के कारण इस प्रकार महाराणा प्रताप का अपमान कर रही है। कांग्रेस और उससे जुड़े नेता यह भूल जाते हैं कि महात्मा गांधी ने गोलमेज सम्मेलन में महाराणा प्रताप की सराहना की थी। उन्होंने कहा कि यदि महाराणा प्रताप के अपमान की कीमत कांग्रेस को जरूर चुकानी पड़ेगी और अगले विधानसभा चुनाव में जनता उसे सत्ता से बाहर कर देगी।

# ट्रोले की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, एक अजमेर रैफर

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर में जयपुर बाईपास पर राजस्थान रिसोर्ट के पास एक ट्रोले की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए जिसमें एक की हालत गंभीर होने के कारण अजमेर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार शंकरलाल पुत्र हर जी गुर्जर देवलिया कला निवासी और राकेश पुत्र रघुनाथ गोविंदगढ़ निवासी दोनों बुड्ढा पुष्कर फार्महाउस में कोई काम से जा रहे थे कि राजस्थान रिसोर्ट के पास सामने से तेज गति से आ रहे ट्रोले ने बाइक को चपेट में ले लिया और बाइक सवार शंकर लाल को 4 किलोमीटर घसीटते ले गया और श्यामा हॉस्पिटल के पास लोगों को पता लगा तब तुरंत प्रभाव से शंकरलाल को अस्पताल पहुंचाया तो वहीं राकेश राजस्थान रिसोर्ट के पास घायल अवस्था में पड़ा था। जिसे लोगों ने तुरन्त अस्पताल पहुंचाया। वहीं शंकरलाल की हालत गंभीर होने के कारण तुरंत प्रभाव से अजमेर रेफर कर दिया। वहीं ट्रोला चालक ट्रोला लेकर मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों युवक पुष्कर के मजदूर मिष्ठान में कार्य करते हैं।

# हुंडई शोरूम के कार यार्ड से कार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने चुराई गई 20 लाख की कार भी बरामद की

**अजमेर,** (कासं)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र जयपुर रोड घूघरा स्थित हुंडई शोरूम के कार यार्ड से कार चुराने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार भी बरामद कर ली है। वहीं मांगलियावास थाना क्षेत्र में गत दिनों एक गोदाम से चोरी का प्रयास करने वाले चार आरोपियों को मांगलियावास थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ में जुटी है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी अरविंद सिंह चारण ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा द्वारा शहर में बढ़ती चोरी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की धरपकड़ सख्त दिशा निर्देश दिए हुए हैं। चारण ने बताया कि शुक्रवार को हुंडई कार शोरूम के मैनेजर विकास शर्मा ने कार चोरी की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को देते हुए अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज शिकायत में मैनेजर शर्मा ने बताया कि हुंडई कम्पनी के घूघरा घाटी जयपुर रोड स्थित कार गार्ड से एक बिना नम्बरी नई कार को रोहित कुमार नाम युवक चोरी कर ले गया, चोरी गई कार की कीमत



अजमेर सिविल लाइंस थाना पुलिस की गिरफ्त में कार चोरी का आरोपी तथा बरामद कार।

लगभग बीस लाख रुपए बताई थी, जिस पर सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

एसपी विकास शर्मा ने एएसपी विकास सागवान, डीएसपी छवि शर्मा के नेतृत्व में सिविल लाइन थाने के सीआई अरविन्द सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने शोरूम में लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना वाले दिन निरीक्षण किया, जिसमें कार चोरी करके जाते हुए एक युवक को देखा, जिसके आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान करते हुए आरोप युवक शिव मंदिर के पास जटिया हिल्स दाता नगर क्रिश्चियन गंज निवासी रोहित कुमार पुत्र महावीर प्रसाद मेघवंशी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक हुंडई कार शोरूम में ही काम करता था, जिसे नौकरी से विगत दिनों हटा दिया गया था।

मांगलियावास थाना अधिकारी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सदर बाजार सराधना निवासी अनुज कुमार सेठ पुत्र विमल कुमार सेठी ने थोन में शिकायत दर्ज कराई थी कि सराधना स्थित उनके गोदाम में अज्ञात चोरों ने चोरी की प्रयास किया है, गश्ती पुलिस दल के पहुंचने से चोर वहां से भाग छूटे थे। चोरी वहां जल्द बाजी में मौके पर दो मोटर साइकिल भी छोड़ भागे थे। पुलिस ने मोटर साइकिल नंबरों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की तो पुलिस के हत्थे सेंदरिया रोड कलात का बाडिया माखुपुर निवासी सुखपाल रावत पुत्र गोम सिंह रावत तथा उसका भाई नरेंद्र सिंह उर्फ राहुल के अलावा चंदेरिया रोड माखुपुरा निवासी चैन सिंह पुत्र शंकर सिंह रावत तथा गांव बडलिया हाल आईटीआई के सामने पटेल कॉलोनी माखुपुरा निवासी विकास रावत पुत्र कैलाश सिंह रावत को गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को अदालत में पेश करते हुए दो दिन का रिमांड लिया। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एसपी विकास शर्मा ने पुलिस उपअधीक्षक वृत्त ग्रामीण आरपीएस राजेंद्र सिंह बुरडक् के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम में मांगलियावास थाने के एएसआई बदरुद्दीन, हैड कांनि. संजीव चारण व कानि. राजेंद्र सिंह, अनिल कुमार, गिरधारी, अविनाश कुमार व मुन्नाराम शामिल थे।

## संक्षिप्त

### बकाया बिल वसूली अभियान कल से

**निवाई, ( निसं )।** जन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार से पेयजल आपूर्ति के बकाया बिल को लेकर बकाया राशि वसूली अभियान चलाया जाएगा। विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि शहरी जल योजना के अंतर्गत कई उपभोक्ताओं के पेयजल आपूर्ति के बिल बकाया चल रहे हैं। जिनकी वसूली के लिए टीम का गठन किया है। उन्होंने बताया कि गठित टीम द्वारा बकाया राशि वसूली अभियान के दौरान बकाया बिल जमा किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जो भी उपभोक्ताओं बकाया बिल जमा नहीं करवाएंगे उनके जल संबंध विच्छेद किए जाएंगे।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**बहरोड/नीमराणा, (निसं)।** कस्बे के नजदीकी ग्राम दुघेडा स्थित राजकीय विद्यालय परिसर में 20 फरवरी रविवार को प्रातः 9 बजे से सांय 3 बजे तक राधेश्याम यादव एंव सपना एनजीओ के तत्वावधान में महात्मा गांधी अस्पताल अलवर के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। समाजसेवी अशोक यादव ने बताया कि शिविर में निःशुल्क जांच के पश्चात ऑपरेशन फेंको तकनीक से किए जाएंगे। 20 फरवरी को चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए अलवर ले जाया जाएगा तथा ऑपरेशन पश्चात 22 फरवरी को वापस दूघेड़ा गांव छोड़ दिया जाएगा। ऑपरेशन वाले मरीजों के लिए आवास खाना व्यवस्था बिल्कुल निःशुल्क रहेगी।

### समन्वय समिति की बैठक

**टोंक, (निसं)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक की परामर्श दात्री समिति एवं समन्वय समिति की प्रथम बैठक का आयोजन परामर्शदात्री समिति के संयोजक शम्भूदयाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महामंत्री संगठन विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि समिति की बैठक में जिलाध्यक्ष पं. शैलेन्द्र शर्मा ने पूर्व में की गई संगठनात्मक नियुक्तियों की जानकारी दी एवम तहसील स्तर पर अध्यक्ष एवं प्रभारियों के मनोनयन को लेकर विचार विमर्श किया। साथ ही आने वाले माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो पर भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर परा प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा, मुख्य समन्वयक भंवर लाल शर्मा, अमीन ज्ञानेन्द्र श्रोती, वैद्य राधेश्याम शर्मा, दुर्गा शंकर शर्मा, जगदीश बेनाम, शिव प्रसाद शर्मा, विष्णुबाबू शर्मा, राजेन्द्र पारीक, उमाशंकर उपाध्याय, गोविंदनारायन पुरोहित मौजूद रहे।

### शांतिभंग में चार जने गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना पुलिस ने शनिवार को दौराने गश्त के नगर व पचेवर कस्बे से चार जनो को शांतिभंग के आरोप मे गिरफतार किया। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार को दौराने गश्त के मिली सूचना पर पुलिस टीम ने नगर पहुंच जमीनी विवाद को लेकर लडाई-झगडा करते जयराम व जगदीश जाट को शांतिभंग के आरोप मे गिरफतार किया। वही आरिफ निवासी निवासी भैरू नगर सोडाला व इरफान निवासी नरेना को पचेवर कस्बे से शांतिभंग के आरोप मे गिरफतार किया।

# ढीबरू बांध के पेटे में बने कुएं में युवक की लाश मिली



पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला।

**टोंक/मालपुरा, (निसं)।** जिले के थाना टोडारायसिंह क्षेत्र के ढीबरू बांध के पेटे में बने कुएं में गांव जेकमाबाद निवासी युवक की लाश मिली है। सूचना पर मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार गांव

■ पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा

जेकमाबाद निवासी 42 वर्षीय भीमराज पुत्र धन्नालाल दरोगा बीती रात मछली पकडने के लिए गया था। इस दौरान हरिराम मीणा निवासी जेकमाबाद साथ के साथ सांसियों ढ ाणी में शराब पी। शराब पीने के बाद हरिराम मीणा वापस चला गया और मतृक भीमराज ढ ीबरू बांध के पेटे में बने बैरवा के कुए पर चला गया।

रात भर नहीं आने पर परिजनों ने आस पास तलाश की, लेकिन नहीं मिलने पर सुबह किसी ने ढ ीबरू बांध में शव तैरता दिखाई दिया। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करने के बाद भीमराज पुत्र धन्नालाल दरोगा की पहचान की गई। मौके पर परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर टोडारायसिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करवा शव को परिजनों को सौंप दिया।

## बालीनाथ मेले को लेकर पूर्व तैयारी बैठक आज

**मंडावरी, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय संत महर्षि बालीनाथ समाधि स्थल पर बनाए गए बालीनाथ मंदिर परिसर में महर्षि बालीनाथ राष्ट्रीय मेले को लेकर रविवार को पूर्व तैयारी बैठक आयोजित की जाएगी।

समिति के राष्ट्रीय संस्था संस्थापक सदस्य गिरधारी लाल बैरवा एवं किशनलाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की अखिल भारतीय बैरवा महासभा एवं अखिल भारतीय महर्षि बालीनाथ बैरवा विकास समिति के तत्वावधान में 1 मार्च को महर्षि बालीनाथ मेले के होने वाले आयोजन को लेकर आयोजन व समिति से जुडे पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महर्षि बालीनाथ मेले आयोजन को लेकर पूर्व तैयारी बैठक में इस मेले की भव्यता एवं आदर्शों को लेकर चर्चा की जाएगी।

## 25 दुपहिया वाहनों पर कार्यवाही कर 10 बाइक जब्त की

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा सहित संपूर्ण क्षेत्र में प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट वाले वाहन, ट्रिपल लोडिंग वाले वाहन को जब्त किया गया।

जब्त वाहनों को संबंधित थाना में रखा गया है। जानकारी के अनुसार प्रागपुरा थाना क्षेत्र मे वाहन जांच अभियान चलाकर जानकारी के अनुसार प्रागपुरा थाना क्षेत्र में कुल 25 दुपहिया वाहनो पर कार्यवाही कर पुलिस द्वारा 10 दुपहिया वाहनों को जब्त किया गया है। कुछ लोग वाहन के साथ रास्ता बदल कर यात्रा करते देखे गए। प्रागपुरा थाना हेड कांस्टेबल रमेश कुमार व पाव टा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार व उनकी टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान कुल 10 मोटरसाइकिल जब्त की गई। कई वाहन मालिकों द्वारा आवश्यक कागजात दिखाने के बाद वाहन को छोड दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कानून का पालन नहीं करने वाले चालकों से जुर्माना वसूला जाएगा।

# नर सेवा को नारायण सेवा मानकर युवा समाज सेवा करें: संत ज्ञानदास

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा के होटल चंद्रमहल बस स्टैंड के पास शनिवार को स्वर्गीय प्रभाती देवी मीणा की पुण्यतिथि व भगवान सहाय मीणा की पुण्य स्मृति में संत शिरोमणि ज्ञानदास महाराज के सानिध्य में चंद्र भगवान जनकल्याण संस्थान राजस्थान के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच जिसमे नाक कान गला परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जैन ईएनटी चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा 252 मरीजों का इलाज हुआ। मरीजों को इलाज के साथ ही साथ निःशुल्क दवा भी दी गई। शिविर का उद्घाटन संत शिरोमणि ज्ञानदास महाराज ने किया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए संत ज्ञान दास महाराज ने कहा कि नर सेवा को नारायण सेवा मानकर युवा वर्ग देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाये। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट ीय अनुसूचित



शिविर में चिकित्सकों द्वारा 252 मरीजों का इलाज हुआ।

जाति जनजाति विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा ने चिकित्सक दल एवं समाजसेवियों का इस मौके पर अभिनंदन करते हुए विश्वास

■ स्वास्थ्य शिविर में 252 मरीजों का इलाज हुआ

दिलाया कि चंद्र भगवान जन कल्याण संस्थान के माध्यम से किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों को आगे भी बढ-चढ कर के करते रहेंगे एवं युवा वर्ग से अपील करते हैं कि सभी लोग समाज सेवा को माध्यम करें मांगते हुए जनसेवा करें। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों और आम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हमारा लक्ष्य है। हमारा चंद्र भगवान जनकल्याण संस्थान राजस्थान निरंतर स्वास्थ्य शिविर लगाता रहेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी गिरिराज मीणा, पुष्कर शर्मा, सुरेश शर्मा, बहादुर जांगिड, किशोर, देवेंद्र मीणा, मनोज माहेश्वरी, दीपक मालाकार सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

## बारात की कार को रोक मारपीट व हमले में आधा दर्जन चोटिल

**मालपुरा, (निसं)।** शुक्रवार की रात्री को कुहाडा खुर्द से शादी समारोह में शिरकत कर भीलवाडा की ओर जा रही एक बोलेरो कार को टोडारायसिंह कस्बे मे मालपुरा रोड पैट्रोल पम्प के पास तकरीबन दो दर्जन लोगो ने रोक बोलेरो मे सवार लोगो से की गई मारपीट मे आधा दर्जन बाराती चोटिल हो गये तथा हमलावर मौके से फरार हो गये। शनिवार को नागरिको ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम रूबी अंसार को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की।

मामले को गंभीरता से देखते हुए टोडारायसिंह कस्बे मे पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। करण सिंह राजपूत निवासी इंद्रपुरा थाना शम्भुगढ भीलवाडा ने पुलिस को दिये पर्चा बयान मे अवगत करवाया कि इसके साले के पुत्र दुर्गेश की शादी के लिए बारात कुहाडा खुर्द आई थी। रात्री मे वापस बाराती गांव लौट रहै थे इसी दौरान बावडी के पास रोड पर खडे एक ट्रक पर ड्राईवर व खलासी तिरपाल लगा रहै थे जिन्है साईड देने को लेकर कही बात पर दोनो जनो ने गाली-गलोच कर

■ लोगों ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

मारपीट शुरू कर दी। वो लोग उनके चंगुल से निकल गांव के लिए रवाना हुए कि पैट्रोल पम्प के पास खडे दो दर्जन लोगो ने उनकी गाडी रोक लाठियो से मारपीट कर 90 हजार रूपये व 3 तोला सोने की चैन एंव मोबाईल छीन लिया तथा गाडी पर पथराव भी किया।

इसी दौरान पहुंची पुलिस जीप को देख वो लोग मौके से भाग छुटे। शनिवार को नागरिको द्वारा सौंपे ज्ञापन के बाद प्रेसवर्ता कर एएसपी राकेश कुमार बैरवा,डीवाईएसपी सुशील मान ने बताया कि मामले मे दोनो पक्षो की और से मामला दर्ज करवाने पर अब्दुल कलाम,शाहरूख खान व श्रवण निवासी हिंडोला को शांतिभंग के आरोप मे गिरफतार किया गया है तथा मामले मे अनुसंधान शुरू किया गया।

# शराब की होलसेल बिक्री आरएसजीएसएम को देने की मांग

**अलवर, (निसं)।** आबकारी नीतियों के विरोध में शनिवार को राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल के कर्मचारियों ने रीको इंडस्ट्रियल एरिया एमआई ए में स्थित गोदाम पर बडा धरना प्रदर्शन किया।

राजस्थान स्टेट शुगर मिल्स के अलवर मदिरालय प्रभारी अमित वशिष्ट व आरएसजीएसएम की

■ विदेशी मदिरा का निर्गम देने पर सरकार को करोडों का राजस्व मिलेगा'

यूनियन की मांग है कि आरएसजीएसएम के पास देसी मदिरा निर्गम का कार्य पूर्व के अनुसार ही रहने दिया जाए। साथ ही यदि सरकार के वरिष्ठ अधिकारी एकल होलसेल को सफलतम रूप से लागू करना चाहते हैं तो विदेशी मदिरा का निर्गम भी आरएसजीएसएम को दे दिया जाए अगर ऐसा होता है तो सरकार को



आबकारी नीतियों के विरोध में राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

प्रतिवर्ष ढ ाई सौ से तीन सौ करोड का राजस्व प्राप्त होगा एवं सरकार जो आरएसबीसीएल को चलाने में प्रतिवर्ष 56 करोड व्यय करती है उसकी भी बचत होगी। प्रदेश में गंगानगर शुगर मिल्स के अलवर मदिरालय प्रभारी अमित वशिष्ट के साथ गोविंद राम सैनी ओमप्रकाश मीणा दीप चंद मीणा राजकुमार यादव दुर्गा प्रसाद बालकिशन ओमप्रकाश मीणा गिर्राज प्रसाद मीणा त्रिलोकी रुढ सिंह लल्लू राम मीणा जगदीश प्रसाद हुकम चंद सैनी मेवाराम मनोज कुमार व अन्य कार्मिकों ने विरोध व धरना प्रदर्शन किया।

# सांभर को जिला बनाने के लिये सौंपा गया प्रतिवेदन कई सालों से विचाराधीन

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर उप जिला को जिला घोषित करवाने के लिये नवीन जिला बनाओ समिति के अध्यक्ष रहे रिटायर्ड आईएसएस जीएस संधु को स्थानीय बार एसोसिएशन की ओर से वर्ष 2012 में विस्तृत ब्यौरे व फोटोग्राफ के साथ पुस्तक के रूप में तैयार कर सौंपा गया। प्रतिवेदन आज भी विचाराधीन चल रहा है। यूं तो सांभर को जिला घोषित करवाने के लिये लगातार छह दशकों से निरस्तर प्रयास किया जाता रहा है, लेकिन वर्ष 1960 से लेकर अभी तक प्रदेश में सरकार ने अनेक नवीन जिलों का सृजन किया गया लेकिन सांभर को सरकार की ओर जिला घोषित करवाने का हर बजट में बेसब्री से क्षेत्रवासियों को इंतजार बना रहता है।

वर्ष 2012 में बार एसोसिएशन के भूतपूर्व अध्यक्ष शेख शमीमुलहक, सचिव नरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला बनाओ संयोजक समिति के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय सत्यनारायण मिश्रा के सानिध्य में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सरकारी आवास पर उन्हें इस आशय का उक्त प्रतिवेदन सौंपा गया था तो उन्होंने खुद ने पुस्तक के रूप में संजोये गये प्रतिवेदन की तारीफ करते हुये इसके लिये आश्वासन भी दिया था। इसके बाद पुनः बार एसोसिएशन के बनैर तले निवर्तमान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समक्ष फिर से उक्त प्रतिवेदन सौंपकर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास व क्षेत्रवासिसयों की साठ साल पुरानी प्रबल मांग को

■ विस्तृत विवरण व फोटोग्राफ के साथ बार एसोसिएशन ने सीएम को दिया था प्रतिवेदन

दृष्टिगत रखते हुये जिला घोषित करवाने के लिये ठोस आधारों के साथ अनुरोध किया था लेकिन कोरे आश्वासन ही आज तक मिलने से इस क्षेत्र का प्रशासनिक व राजनीतिक दृष्टि से भला नहीं हो पा रहा है। सांभर को जिला बनाये जाने के पक्ष में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों की ओर से इसके लिये खुद की तरफ से लिखकर दिया गया था जो प्रतिवेदन भी आज भी संकलित है। फुलेरा विधानसभा के विधायक निर्मल कुमावत ने भी विपक्ष में रहते हुये दो दफा विधानसभा में सांभर को जिला बनाने के लिये आवाज उठायी थी, लेकिन सरकार ने उसका भी कोई सकारात्मक उत्तर नहीं दिया।

# माता-पिता एवं आचार्य बालकों के उज्जवल भविष्य निर्माण में सहयोगी बने : महिमा पौद्दार

**चाकसू, (निसं)।** आजादी के 75 साल बाद भी भारत में आधी से अधिक आबादी भूख एवं अशिक्षा से पीड़ित हैं। माता-पिता एवं आचार्य बालकों को उनकी योग्यता पहचानते हुए उनके उज्जवल भविष्य निर्माण में सहयोगी बन सकते हैं। बालकों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं एवं उनमें आत्मविश्वास जगाने की आवश्यकता है।

यहां उपस्थित सभी अभिभावक, आचार्य एवं बालक-बालिका यह दृढ संकल्प लें कि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा को निखारते हुए देश के निर्माण में सहभागी बनेंगे। यहां उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू में

■ नवनिर्मित पौद्दार भवन का लोकार्पण समारोह

पौद्दार परिवार के आर्थिक सहयोग से नवनिर्मित पौद्दार भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए उक्त विचार मुख्य अतिथि महिमा पौद्दार ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाकसू प्रधान उगन्ता देवी जाट ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री



स्थानीय समिति के सदस्यों ने अतिथियों एवं भामाशाहों को शाल, साफा, माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

शिवप्रसादजी ने शिक्षा क्षेत्र में संघ की सकारात्मक भूमिका से अवगत कराते हुए नवीन शिक्षा नीति के अनुसार सृजनात्मक एवं संस्कारों से युक्त शिक्षा देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर आदर्श शिक्षा परिषद जयपुर के अध्यक्ष अमरनाथ चंगोत्रा, व्यवस्थापक जयपुर समिति रामदयाल सैन,स्थानीय समिति के अध्यक्ष नाथूलाल खंडेलवाल एवं जयपुर से पधारे भामाशाहों की उपस्थिति में सर्वप्रथम नवनिर्मित भवन का महिमा पौद्दार ने विधिवत लोकार्पण किया। स्थानीय समिति के सदस्यों ने अतिथियों एवं भामाशाहों को शाल, साफा,माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मातृवंदना, सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। स्थानीय समिति के अलावा शिक्षा परिषद से संबंधित सभी पदाधिकारी एवं आसपास के विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्य एवं आचार्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत ने विद्यालय की सतत प्रगति एवं भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। जयपुर आदर्श शिक्षा समिति के व्यवस्थापक रामदयाल सैन ने चाकसू विद्यालय को जिले में श्रेष्ठ विद्यालयों में से एक बताते हुए समिति, आचार्य, अभिभावकों को विद्यार्थियों को बधाई दी।

## सार-समाचार

### बूथ विस्तार कार्यक्रम



**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तर बलवान सिंह यादव ने पार्टी का विस्तार करते हुए मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भिवाडी मंडल अध्यक्ष पवन सिंह चौहान व बूथ अध्यक्ष अनूप राठौड की अध्यक्षता में नए बूथ व बूथ कार्यसमिति के गठन के साथ ही कमल एप को डिजिटल अपलोड करने के लिए निर्देशित किया। तत्पश्चात आजीवन समर्पण निधि में सहयोग राशि एकत्रित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ -चढ कर योगदान दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप दायमा, महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष चित्रा शर्मा, सोशल मीडिया जिला संयोजक पंडित वीरू भारद्वाज, सह संयोजक कंचन तिवारी, मंडल महामंत्री धारासिंह, केंद्र संयोजक शीला चौहान एवं प्रभारी डॉक्टर अनिल सिंह, अजमेर सिंह, बीपी कपूर, संजय त्रिपाठी, रजनी सिंह, मोना जाटव, मंडल संयोजक बृजेश सिंह शेखावत, कमल यादव आदि मौजूद रहे।

### दीक्षा दिवस को लेकर श्रीफल भेंट

**निवाई, (निसं)।** दिगंबर जैन समाज द्वारा शनिवार को शांतिनाथ मंदिर में गणाचार्य विरागसागर महाराज की शिष्या विभाश्री माताजी को दीक्षा महोत्सव के लिए श्रीफल भेंट किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला, राकेश संघी व सुनील भाणजा ने बताया कि विभाश्री माताजी के 28 वें दीक्षा दिवस के विशाल आयोजन को लेकर शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को मंदिर अध्यक्ष सुशीलकुमार जैन, सुरेश भाणजा, दिनेश चंवरिया, रामपाल जैन, विष्णु बोहरा, महेन्द्र चंवरिया, नवरतन टोंग्या सहित समाज के श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट किया। उन्होंने बताया कि दीक्षा महोत्सव के दौरान रविवार को महामस्तकाभिषेक और पंचामृत अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 108 स्वर्ण और रजत कलशों से भगवान शांतिनाथ की शांतिधारा की जाएगी। दीक्षा महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गुरू उपकार महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव में कोटा, नागौर, कुचामन, टोंक, किशनगढ , सीकर, शिवाड, फागी, मालपुरा, केकडी सहित विभिन्न स्थलों से श्रद्धालु शामिल होगें। कार्यक्रम के दौरान लक्की ड्रा कूपन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें। दीक्षा जंयती महोत्सव में संगीतकार अजीत पाड्या कुचामन द्वारा भक्ति संगीत प्रस्तुत करेगें । तथा कार्यक्रम का मंच संचालन बंसत जैन किशनगढ द्वारा किया जाएगा। शाम को विभाश्री माताजी की 1008 दीपकों से महाआरती की जाएगी

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा

**निवाई, (निसं)।** गांव देवपुरा में गणेश मूर्ति रामजानकी शिव पंचायत व राधागोपाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को गांव में स्थित देव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा को आचार्य रामकल्याण शास्त्री के सानिध्य में मंत्रोचार के साथ पवित्र जल से भरे 251 कलशों की पूजा अर्चना के साथ महिलाओं ने कलशों को सिर पर धारण कर गाजे-बाजे के साथ देव मंदिर से होते हुए गांव के मुख्य मार्गों से होकर राधागोपाल मंदिर परिसर पहुंची जहां कलशों को स्थापित किया गया। सांवरमल जाट ने बताया कि रविवार को मूर्तियों का जलाभिषेक किया जाएगा। सोमवार को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने बताया कि रात्रि भजन संध्या एवं अतिथि स्वागत समारोह का आयोजन होगा। इस अवसर पर सरपंच देवलाल गुर्जर, शिवराम जाट, हीरालाल जाट, राधाकिशन जाट, जगदीश नारायण जाट, रामचंद्र जाट, मेघराज जाट, दिनेश जाट, रामजीलाल, नंदकिशोर, शिवराज, राजेश, सुरेंद्र, विकास, तुलसीराम जाट सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### सिंधी सर्टिफिकेट कोर्स की परीक्षा आज

**खैरथल,(निसं)।** राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के सिंधी लैंग्वेज लर्निंग कोर्स स्कीम के तहत सिंधी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी। भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश मंत्री गिरधारी लाल ज्ञानानी ने बताया कि खैरथल में सेठ गोपालदास मेमोरियल स्कूल और समीपवर्ती इस्माइलपुर में अर्जुन पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इनमें 526 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी केंद्रों पर परीक्षा सामठाी उपलब्ध करा दी गई है। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के निर्देशों के अनुसार ही परीक्षा आयोजित करवाई जा रही है और समस्त निर्देशों की पालना हेतु ऑनलाइन मीटिंग करते हुए सुपरवाइजर को आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु एक टीम गठित की गई है जिसमे प्रतापसिंह कटहरा, भगवान दास दादवानी, राजकुमार दादवानी, लक्ष्मण दास भूरानी, नीतु खजनानी, निशा बालानी, सुश्री शिल्पा नाजवानी, टीकमदास केवलानी, योगेश केवलरामानी, शिवदयाल वासवानी आदि को शामिल किया गया है

### एसएमसी व एसडीएमसी प्रशिक्षण संपन्न

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती प्रागपुरा स्थित महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित दो दिवसीय एसएमसी व एसडीएमसी प्रशिक्षण शिविर का समापन कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी के मुख्य आतिथ्य व विद्यालय प्रधानाचार्या शिवानी शर्मा की अध्यक्षता मे हुआ। प्रशिक्षण में 6 विद्यालयो क्षेत्र के कुल 36 सदस्यों ने भाग लिया। वही एसएमसी व एसडीएमसी सचिव रमेश वशिष्ठ ने एसएमसी व एसडीएमसी के गठन, सदस्यता, कार्य प्रणाली, विद्यालय विकास में योगदान, सामुदायिक उत्तरदायित्व, सदस्यों की भूमिका की जानकारी दी। वही मुय अतिथि अजय सैनी ने प्रशिक्षण मे संभागियो की संया को देखकर सराहना करते हुए कहाँ कि आप लोगो के सहयोग से ही राजकीय विद्यालय विकास कर पाते है। बच्चो की अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आप लोग समय समय पर विद्या लय जाते रहे ताकि विद्या लय सही दिशा मे कार्य कर सके। अंत मे शिविर की अध्यक्षता कर रही संस्थाप्रधान शिवानी शर्मा ने सबका धन्यवाद ज्ञापित कर समापन की घोषणा की।

### रक्तदान शिविर आज

**बहरोड/मुंडावर, (निसं)।** अलवर जिले के प्रसिद्ध शीतलदास महाराज आश्रम जो कि ततारपुर चौराहे से मुंडावर रोड पर पहाडों की तलहटी में स्थित है। रेणागिरि गांव के पास आश्रम में बाबा शीतलदास महाराज की 151वीं जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शीतलदास महाराज की गद्दी के महंत बालकदास ने बताया कि गुरुदेव की यादगार में क्षेत्र के लोगों से गुरु महाराज की 151 वीं जयंती पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज के समय की आवश्यकता को ध्यान में हुए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करने से मानवता की भलाई के लिए सबसे बडी सेवा है। इसी क्रम में आश्रम सेवक ईश्वर ने बताया कि आश्रम पर सेवा करने वाले सभी सेवकों की इच्छा थी, कि महाराज जी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करें जिससे सभी सेवक रक्तदान की सेवा का लाभ लेकर रक्तदान कर सकें।

### संयुक्त राष्ट्रसंघ मिशन के लिए ममता चयनित

**मालपुरा,(निसं)।** संयुक्त राष्ट्रसंघ मिशन अन्तर्गत देशभर से सीआरपीएफ की 25 महिला जवानों के किये गये चयन मे मालपुरा निवासी सीआरपीएफ जवान ममता पत्नि रामकिशन वर्मा निवासी शास्त्री नगर मालपुरा का भी 25 जवानों की टीम मे चयन किये जाने पर परिजनो व शहरवासियो ने ममता को बधाई दी। सीआरपीएफ महिला जवान ममता का इससे पूर्व नक्सल प्रभावित क्षैत्र पश्चिमी बंगाल एवं आंतकवादी क्षैत्र श्रीनगर मे तैनातगी टीम मे भी अपनी सेवाए दे मालपुरा का प्रतिनिधित्व किया है।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

**टोंक, (निसं)।** टोंक जिले के 86 गांवों के किसानों ने शहीद स्मारक पर धरना देकर अपनी बरसों पुरानी मांग बीसलपुर बांध के ओवर फ्लो पानी को टोरडी सागर, घारेडा बाध में डालने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। शनिवार को किसान महापंचायत के नेता प्रदेश मंत्री किसान महापंचायत रतन खोखर ने बताया कि गांव टोंक जिले के 86 गांवों का दौरान कर किसानों ने धरना में उपस्थि रहे है। धरना प्रदर्शन में किसान नेता प्रदेशमंत्री किसान महापंचायत रतन खोखर, छोटूलाल चौधरी, सरपंच गीता, प्रधान चौधरी, राजाराम, हनुमान सैन, गौर्वधन जाट, रामनिवास, माधोलाल कल्याणपुरा, प्रहलाद मोर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### निकिता पारीक का यूजीसी नेट में चयन



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बा श्रीमाधोपुर निवासिनी निकिता पारीक पुत्री अशोक कुमार पारीक का यूजीसी नेट राजनीति विज्ञान परीक्षा में चयन हुआ है।ज्ञात रहे कि निकिता पारीक उच्च माध्यमिक परीक्षा मे मैरिट मे आई थी. निकिता की उपलब्धी पर अलायंस क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, अभाविप, विप्र फाउंडेशन, विप्र सेना, खाण्डल विप्र विश्व परिषद आदि संस्थाओ ने निकिता को बधाई देते हुए प्रसन्नता प्रकट की है।

### सज्जन फैलोशिप के लिए चयनित



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** हाल ही में दिसंबर माह में यूजीसी द्वारा नेट की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें दिवराला निवासी सज्जन कुमार सैनी पुत्र पप्पू सैनी का जूनियर रिसर्च फैलोशिप में चयन हुआ है। सैनी वर्तमान में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आरपी मीणा के निर्देशन में पीएचडी कर रहे हैं । सैनी छात्र राजनीति में काफी सक्रिय हैं । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन के जिला संयोजक रह चुके हैं । छात्र हितों के मुद्दे पूर्ण भागीदारी से उठाते हैं। इनका उद्देश्य अच्छी शिक्षा ठाहण करके लोगों को अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना हैं।

### फरार दुष्कर्मी शिक्षक गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र की बौंली पुलिस ने 15 नवंबर 2021 में दर्ज नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 3 माह से फरार चल रहे एक आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई के निर्देश पर गठित टीम में शामिल पुलिस उपाधीक्षक तेज कुमार पाठक बौंली सर्किल इंस्पेक्टर श्री किशन मीणा पुलिस जवान रामकिशोर, गुलशेर, व श्रवण कुमार ने कडी मेहनत के प्रयास से दुष्कर्म के आरोपी मुबीन खान जाति मेव मुसलमान उम्र 33 वर्ष निवासी नांगल नांगली थाना रामगढ़ जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 2019 में एक नाबालिग छात्रा के साथ घर पर पढ़ाने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की भी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### दो शव मिलने से सनसनी

**बौंली-बामनवास (निसं)।** क्षेत्र के पट्टी खुर्द बामनवास कस्बे में स्थित एक टैंट हाउस की दुकान पर शनिवार को दो शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर काफी भीड इकट्ठी हो गई। जानकारी के अनुसार टेंट हाउसदुकान मालिक गिर्राज प्रसाद शर्मा व उनकी दुकान पर कार्यरत विपिन मीणा के यह शव शिनाख्ती में पाए गए हैं। सूचना पाकर बामनवास थाना प्रभारी बृजेश मीणा मय दल के मौके पर पहुंचे एवं उच्चाधिकारियों को सूचना देकर जांच के लिए एफ एस एल टीम को गंगापुर से बुलाया गयाहै। मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है दोनों के शव दुकान में कपडों से ढके मिले हैं। प्रथम दृष्टया से मामला हत्या का ही माना जा रहा है।

### आज बंद रहेगी पेयजल आपूर्ति

**निवाई, (निसं)।**जलदाय विभाग द्वारा शहर के मालियों के मोहल्ले में स्थित भेरुजी वाली टंकी का मरम्मत कार्य किया जाएगा जिससे 1 दिन पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि मालियों के मोहल्ले में स्थित भेरुजी वाली टंकी का मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर रविवार को शहर की कल्याण कॉलोनी, मालियों का मोहल्ला व राधे विहार कॉलोनी के आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी।

### मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन आज

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत व अन्य सघं तथा आमजन के संयुक्त तत्वावधान में दो सूत्रीय मांगों को लेकर दो घण्टे का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि संघ के द्वारा दो सूत्रीय मांगो को लेकर किये जा रहे सामूहिक धरना प्रदर्शन में फुलेरा हिरनोदा, आसलपुर, जोबनेर, ढीण्ढा, नरेना, सांभर लेक के दैनिक यात्री व आमजन शामिल रहेंगे।

# गोवंश से भरा कंटेनर पकड़ा, गौतस्कर फरार

**नारायणपुर, (निसं)।** नारायणपुर पुलिस ने शुक्रवार देर रात्रि को गो तस्करों के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए तालवृक्ष के जंगल से गोकशी के लिए ले जाते गोवंश से भरा कंटेनर को पकडा है।

बंद बॉडी कंटेनर ट्रक में 24 गोवंश के मुँह और पैर बांधकर डाला हुआ था। जिसके कारण 5 गोवंश की मौत हो गई।

- 19 गाय-बछड़े मुक्त कराये, 5 की मौत

जीवित 19 गाय, बछडों को गो सेवा समिति मुण्डावरा में भेज दिया गया। थानाधिकारी अजय सिंह शेखावत ने बताया कि डीएसटी टीम द्वारा सूचना मिली की कुशालगढ़ से नारायणपुर की और एक कंटेनर आ रहा है। उसमे गोवंश हो सकता है। इस सूचना पर रात्रि गस्त कर रहे जाप्ता और थाने से अतिरिक्त जाप्ता भेजकर तालवृक्ष में नाकाबंदी कराई गई। पुलिस को देखकर गो तस्कर करीब 100 मीटर पहले ही कंटेनर को छोडकर भाग गये।

पुलिस ने गो तस्करों को पकडने का प्रयास किया लेकिन अँधेरा व घना जंगल होने के चलते गो तस्कर हाथ नही आए। पुलिस ने हरियाण नम्बरों के कंटेनर को जब्त कर अज्ञात लोगों के खिलाफ गो तस्करी का मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। मृत 5 गोवशों को दफनाया गया और घायलों का गोशाला में उपचार चल रहा है।



पुलिस ने मृत पांच गोवशों को दफनाया और घायलों का गोशाला में उपचार चल रहा है।

## पालिका की बैठक में बजट अनुमोदन पर विचार विमर्श

**देवली,(निसं)।** नगरपालिका मण्डल देवली की साधारण सभा शनिवार को पालिकाध्यक्ष नेमीचन्द जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि उक्त बैठक में वर्ष 2021-22 के संशोधित अनुमान व वर्ष 2022-23 के बजट अनुमोदन पर विचार विमर्श किया गया।

इसी प्रकार नवीन मास्टर प्लान तैयार करवाए जाने पर विचार विमर्श, कर्मचारियों के स्थायीकरण एवं अन्य प्रकरणों पर विचार विमर्श, नगरपालिका क्षेत्र में करवाए जाने वाले विकास कार्यो, घुमन्तु जाति परिवारों को निःशुल्क भूखण्ड आवंटन विचार विमर्श प्रस्ताव रखे गए। इस दौरान सदन द्वारा विचार विमर्श कर नगरपालिका देवली का वर्ष 2021-22 का संशोधित 31.63 लाख तथा 2022-23 का 45 करोड 26 लाख का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष सौरभ जिन्दल, पार्षद भीमराज जैन, दुर्गेश साहू, संजय सिंहल, पालिका के सहायक अभियंता पी.एस.गुर्जर, आशीष खण्डेलवाल कनिष्ठ लेखाकार, महमूद अली आदि मौजूद थे।

## विधायक इंद्राज आज 27 सड़कों का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगे

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर जो अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ पूरे जिले में प्रगति कार्यों के लिए जाने जाते है। ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों और किसानों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए करोडो रूपये की लागत से बनने वाली सडकों की सौगात दी है। जिसका भूमि पूजन के साथ शिलान्यास विधायक इंद्राज गुर्जर के करकमलों द्वारा आज सपन्न होगा। विधायक इंद्राज गुर्जर के प्रयास से ग्रामीणों को करोडो रूपये की सडकों की सौगात मिली है। बजट घोषणा 2022-23 सडक योजना के अंतर्गत बनने वाली नगरपालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र व विराटनगर मे 8 करोड की लागत से बनने वाली 27 विभिन्न सडकों में प्रागपुरा सुभाष चौक, पावटा नगरपालिका, विराट नगर डाक बंगला सहित अन्य सडके लाखो रुपयों से बनकर तैयार होगी। वहीं लोकनिर्माण विभाग द्वारा जो सडक बनने वाली है उनमें इन सभी मार्गो का विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में उनके करकमलों से भूमिपूजन होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

# राम कथा व भव्य कलश यात्रा के साथ महाशिवरात्रि पर्व का आगाज



कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

- केशव सागर धर्मशाला सुभाष चौक से प्रारंभिक कलश यात्रा निकली

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम में 19 फरवरी से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर 27 फरवरी तक चलने वाले श्री राम कथा का शुभारंभ शुक्रवार की सुबह पावटा सुभाष चौक केशव सागर धर्मशाला से सात दिवसीय विराट संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी टोरडा धाम महंत मंगल दास महाराज व भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम महंत केशव दास महराज, गोपाल भैया मंदिर महंत मोहन दास रामायणी के सानिध्य में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ।

यात्रा पावटा केशव सागर धर्मशाला के ठाकुर जी के मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम कार्यक्रम स्थल पहुंची। शोभायात्रा में पूज्य शांति श्रिया सहित मंदिर महंत गाडी रूपी रथो पर सवार थे वही दूसरी और जहां हजारो महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी तो एक और भक्तगण संगीतमय भजनों की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस दौरान पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी सिर पर पवित्र श्री रामायण जी लेकर चल रहे थे जिनके साथ विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, भामाशाह रामेश्वर सैन, पवन गोयल, जमन राठी, राजेश शर्मा मांजूकोट वाले, विमल गर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, पूर्व कृषि मंडी कोटपूतली चेयरमेन सुरेश गिठाला, बद्रीप्रसाद चौहान, नीरज सैन सहित हजारो श्रद्धालु मौजूद रहे जिनका भक्ति उत्साह देखते ही बन रहा था।

श्रीराम नाम की भक्ति व उत्साह में यात्रा कार्यक्रम स्थल बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पर पहुंची। जहां कथा वाचक पूज्य शांति श्रिया, मंगलदास, केशव दास, मोहनदास महाराज, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर रामकथा का शुभारंभ किया गया एवं क्षेत्रवासियों के अच्छे स्वास्थ की कामना कर बाबा भूतनाथ कमेटी का आभार व्यक्त किया। विराट संगीतमय श्रीराम कथा पूज्य शांति श्रिया के मुखारविंद से सुनाई जाएगी।

कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड उमडी। आयोजक बाबा भूतनाथ कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा, रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, सुशील गौड, आकाश शर्मा, अमन शर्मा, विजय शर्मा, लोकेश टांक, गोपाल टांक, अमित शर्मा, विकास पुजारी, महेंद्र कुमावत, प्रदीप टांक, विनय गोयल, विनीत शर्मा, कालूराम, अमित बटवाल, प्रधुमन चौहान सहित कार्यकर्ताओ ने बताया कि 19 फरवरी से 27 फरवरी तक नित्य दोपहरः 12 से 4 तक श्रीराम कथा का प्रतिदिन वाचन होगा जिस पर सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से प्रतिदिन कार्यक्रम में पधार कर कथा श्रवण करने की अपील की। वही सात दिवसीय विराट संगीतमय श्रीराम कथा का समापन 27 फरवरी को बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर में होगा।

## चिकित्साकर्मियों को सीएमएचओ कार्यालय में उपस्थिति के आदेश

**मालपुरा, (निसं)।** निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव आशुतोष एटी पैडणेकर व निदेशक अराजपत्रित मुकुल शर्मा के हस्ताक्षरों से समानीकरण के लिए शुक्रवार को जारी एक आदेश मे सीएचसी व पीएचसी सेन्टरो पर कार्यरत अधिशेष चिकित्सक व नर्सिंग कर्मियों को तत्काल प्रभाव से उक्त स्थान से कार्यमुक्त करने हेतु सम्बन्धित प्रभारी को निर्देश जारी कर सीएमएचओ कार्यालय टोंक मे उपस्थिति के निर्देश जारी किये गये है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनो राष्ट्रदूत अंक मे 16 डॉक्टर व 40 नर्सिंग स्टफ के बावजूद चरमराई मालपुरा अस्पताल की व्यवस्थाए शीर्षक से समाचार प्रकाशित होने के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिला से भी प्रकाशित खबरो को गंभीरता से लेते हुए।

चिकित्सा सचिव द्वारा जारी आदेशो मे आमजन को सहज व सुलभ चिकित्सा सेवा मुहेया करवाने के साथ-साथ जनहित को ध्यान मे रखते हुए यह आदेश जारी किये गये है। सुत्रो से मिली जानकारी मे चिकित्सा सचिव के जारी आदेशो मे मालपुरा सीएचसी पर कार्यरत अधिशेष चिकित्सक डॉ. अनिल गुप्ता जो कि मालपुरा सीएचसी मे उपस्थिती दे मासिक भुगतान झालावाड से ले रहै थे तो डॉ. अनिल मीणा मासिक भुगतान टोंक मुख्यालय से ले रहै थे। वही डॉ. रोहिताश मीणा व डॉ. प्रियंका परिहार का भी मासिक भुगतान अन्य स्थान से हो रहा था। चारो चिकित्सक मालपुरा सीएचसी मे अधिशेष चिकित्सक कार्यरत है। जो कि अब सीएमएचओ कार्यालय टोंक मे मय विकल्प पत्र के साथ अपनी उपस्थिति देगें। इसी प्रकार सीएचसी पर कार्यरत आधा दर्जन नर्सिंग कर्मचारी भी सीएमएचओ कार्यालय में उपस्थिति देगें।

## आशा सहयोगिनी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**टोंक, (निसं)।** आशा सहयोगिनी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को राजस्थान प्रदेश आशा सहयोगिनी, साथिन कर्मचारी संघ के संयोजक अजमल खान देवपुरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य शासन सचिवालय में आशा सहयोगिनी को लेकर दोनो विभागो की साझा बैठक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माननीय परसादी लाल मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग की माननीय ममता भूपेश एवं दोनों विभागों के निर्देशक एवं संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह साझा बैठक हुई। बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री ने 52 हजार से अधिक आशा सहयोगिनीयों को प्रशासनिक नियंत्रण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तहत करने की सहमति प्रदान की है। बैठक में संघ के संस्थापक अजमल खान ने सभी आशा सहयोगिनी यों को विश्वास दिलाया कि संगठन कभी भी आपकी हितों रक्षा करेंगा कोई हानि नहीं होने देगा। सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के मंत्री एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से 21 फरवरी को 1 बजे गांधी पार्क में इकट्ठे होकर ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में मंजू जैन, शांति भार्गव, नफीसा खान, मंजू, विमला, उमा, मधु, नरेश, ममता एवं सैकडों महिलाएं उपस्थित थी।

# पुलिस से डरे नहीं, पुलिस आपकी मित्र है : सुभाष मिश्रा

**टोंक, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय टोंक में शनिवार को जिला पुलिस प्रशासन द्वारा आवाज दो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सी.एल.मीना एवं सम्पत सिंह मीना ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य

- आवाज दो अभियान कार्यक्रम आयोजित

महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना है जिससे उनका सशक्तीकरण किया जा सके। कार्यक्रम में एडिशनल एस.पी सुभाष मिश्रा ने छात्राओं से कहा की पुलिस से डरे नहीं पुलिस आपकी मित्र है जो हर स्तर पर आपकी मदद करने के लिए तैयार है। मिश्रा ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा के लिए विद्यालय एवं महाविद्यालयों में छुट्टी के समय महिला पुलिसकर्मी की गश्त रहती है। डीएसपी सलेह मोहम्मद ने आवाज दो कार्यक्रम छात्राओं के दैनिक जीवन में किस प्रकार सहायक हो सकता है इसके बारे में बताया है।

इसके बाद हेड कांसटेबल अंजना एवं मधु ने प्लेस्टोर से छात्राओं को स्पीक अप ऐप डाउनलोड करवाया जहां वे अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.एस.आशा ने छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहते हुए पढाई पर ध्यान केन्द्रित करने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. बैरवा ने आवाज दो कार्यक्रम के लिए पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया।



कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

## मांगों को लेकर सीएम को पत्र प्रेषित

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे के विकास के लिए विभिन्न बिन्दुओं को बजट 2022 में शामिल करने को लेकर कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी व शिक्षाविद् शक्ति सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र प्रेषित किया है।

पत्र में सिंह ने बताया कि कस्बा उपखण्ड सांभरलेक का केन्द्र बिन्दु है। वहीं उत्तर पश्चिम रेलवे का मुख्य जंक्शन भी है। साथ ही फुलेरा से बिचून 18 किलोमीटर, हिरनोदा 11 किलोमीटर, सांभरलेक 5 किलोमीटर व नरैना 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसी क्रम में कस्बे के आसपास स्थित गांव, ढाणी व मजरे की कुल आबादी 70 हजार के लगभग है। यहां से जयपुर, रींगस, मेडता व अजमेर आदि स्टेशनों के लिए रेलमार्ग गुजरते है। कस्बे की भौगोलिक स्थिति भी कस्बे के विकास तथा क्षेत्र के निवासियों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पूर्णरूप से उपयुक्त है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी कस्बे में चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, उद्योग, व्यापार व यातायात आदि क्षेत्रों में विकास नहीं के बराबर है। साथ ही कस्बे से 4 किलोमीटर दूर स्थित जलभराव क्षेत्र नलियासर में प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों के लिए पक्षी विहार का निर्माण करवाना एवं कस्बे में सार्वजनिक पार्क का पूर्ण अभाव है।

## सार-समाचार

### मंत्री जूली ने श्याम बाबा के दर्शन किये




**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने जैतपुर स्थित श्याम बाबा मंदिर तथा गांव हुडियाकलां में बाबा दयाल जी महाराज के दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। कैबिनेट मंत्री जूली ने बताया कि प्रदेश में अमन, चैन, शांति एवं भाईचारा बना रहे इस उद्देश्य से उन्होंने देव दर्शन कर प्रदेशवासियों की उन्नति की प्रार्थना की है। इस अवसर पर सरपंच ज्योति श्रीराम,अनिता मोहित, संजीव बारेठ, अशोक बोहरा, राकेश यादव,पुरुषोत्तम कुमार, अजीत कुमार, सियाराम शर्मा कर्मवीर यादव, सत्येंद्र सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आईओबी ने वार्षिकोत्सव मनाया



**देवली, (निसं)।** यहां शनिवार को इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा ने अपना वार्षिक उत्सव मनाया। जानकारी के अनुसार इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा देवली ने यहां अपने स्थापना दिवस की 12वीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर बैंक शाखा प्रबंधक मनेष मीणा एवं हरिराम मीणा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी गणमान्य उपभोक्ताओं का स्वागत किया। वही शाखा स्थापना दिवस पर प्रबंधक मीणा ने शहर के उद्योगपति संजय सिंघल एवं महेश मंगल के हाथों से केक कटवा कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर शहर के उद्योगपति रामपाल गर्ग ,संजय सिंघल महेश मंगल चंद्रकांत गोयल सुखबीर गर्ग मनोज बोहरा कुलदीप टाक ज्योतिष मंगल गौरव माहेश्वरी पारस जैन मुजफ्फर अली विजय नारायण मंगल जय किशन सोनी इंद्र राज जोशी गोविंद सिंह सेठी इत्यादि बैंक उपभोक्ता उपस्थित रहे।

### सांभर डिप्टी को पट्टा सौंपा

**सांभरझील, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान आमजन व सरकारी कार्यालयों को उनके भवनों का नियमानुसार पट्टा दिये जाने के आदेशों के अनुसरण में शुक्रवार को सांभर की पुलिस उपाधीक्षक सुश्री लक्ष्मी सुथार को डिप्टी ऑफिस के भवन का पट्टा सौंपा गया। इस मौके पर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्णा, चेयरमैन बालकिशन जांगिड़, नगर कांग्रेस महामंत्री व पूर्व पार्षद नाथूलाल गट्टानी, सहायक अभियन्ता रवि कुमार कुमावत, पार्षद पति टीकमचन्द कुमावत की मौजूदगी रही। ईओ शिवराज कृष्णा ने बताया कि जिन सरकारी भवनों के उनके कार्यालय में पट्टा चाहने हेतु आवेदन किया हुआ है उनको भी नियमानुसार 99 वर्षीय लीज का पट्टा प्रदान किया जायेगा, कोई भी विभाग उनके कार्यालय से सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुसार पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्रावली पेश कर सकता है।

### स्काउटिंग शिविर का उद्घाटन

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ लालसोट के तत्वावधान में संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित पाँच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आगाज हुआ। शिविर का उद्घाटन शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष परीक्षित शर्मा ने किया। इस अवसर पर परीक्षित शर्मा ने कहा कि समाज सेवा की नींव स्काउटिंग की इमारत पर टिका हुआ है । स्काउटिंग से शिविर संचालक विष्णु गुप्ता ने बताया कि शिविर में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल डिडवाना, राउमावि लालपुरा, राउप्रावि राहूवास तिबारा, अशोक महान विद्यालय, अपेल अकेडमी, एवीपी अकेडमी, राबाउमावि लालसोट, राउमावि इंदावा, राउमावि होदायली, श्री अशोक के स्काउट गाइड भाग ले रहे है साथ ही राजेश पायलट महाविद्यालय के रोवर रेंजर प्रशिक्षण ले रहे है। इस अवसर पर जितेंद्र सैनी, राममोहन मीना, बलराम मीना, अविनाश शर्मा, नविता गौत्तम, अनीश खान, राम खिलाडी मीना आदि उपस्थित थे।

### छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार

**देवली,(निसं)।** स्थानीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं के साथ छेड़छाड कर उन पर स्कूटी चढाने का मामला शनिवार को सामने आया। घटना को लेकर छात्रावास की छात्राओं में गुस्सा देखने को मिला। घटना को लेकर छात्रावास की वार्डन ने देवली पुलिस थाने में छात्रा के साथ पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवा दी। वहीं पुलिस ने तत्परता बरतते हुए तत्काल दोनों आरोपी छात्रों को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई। वही छात्रों के साथ छेडछाड के मामले पर कस्तूरबा गांधी छात्रावास की वार्डन ने बताया कि वह स्वयं छात्राओं की लाइन बनाकर उन्हें बालिका स्कूल छोडने के लिए जा रही थी। इस बीच मुख्य मार्ग स्थित टीवीएस शोरूम के समीप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली के दो छात्र ने। सरेआम लाइन में चल रही छात्राओं के साथ छेडखानी की तथा उन पर स्कूटी चढ़ाने का प्रयास किया। घटना दौरान दो छात्राओं के चोटे आ गई।

### प्रतिभावान विद्यार्थी पुरस्कृत

**निवाई, (निसं)।**श्रीराम ट्रांसपोर्ट फायनेंस कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शनिवार को नकद राशि और प्रमाण पत्र वितरित गए। समारोह के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचंद बोहरा रहे । समारोह की अध्यक्षता ट्रक यूनियन के अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि एएसआई राजेश वर्मा व विनोद शर्मा रहे। कंपनी शाखा प्रबंधक नगेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि कंपनी कार्यालय परिसर में शनिवार को कम्पनी की ओर से प्रतिभावन 50 विद्यार्थियों को नकद राशि व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि कंपनी के सीआरएस फंड के तहत राजकीय विद्यालयों में कक्षा सात से दस तक के 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनके खाते में नेफ्ट से तीन हजार रुपये हस्तातंरित कर प्रणाम पत्र दिये गए। इसी प्रकार कक्षा 11 और 12 के 25 विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने पर साढे तीन हजार रुपये उनके अकाउंट में ट्रांसफर कर प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान कंपनी के कलेक्शन मैंनेजर राजेश पारीक सहित कई लोग मौजूद थे।

### चिरंजीवी शिविर में 360 लोग लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूंडरू में मुख्यमंत्री चिरंजीवी निरोगी शिविर का आयोजन किया गया। पीएचसी प्रभारी डाक्टर मुकेश चौधरी ने बताया कि शिविर में कुल 360 लोग लाभांवित हुए। जिनमें 240 महिलाओं व 120 पुरषों को निःशुल्क परामर्श व उपचार दिया गया व तीन बच्चों को रेफर किया गया तथा 86 लोगों की आंखों की जांच की गयी साथ ही 27 लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। शिविर में अजीतगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फिजिशियन डा एम पी सैनी, विजय कुमार सैनी, मनीष जांगिड़, दंत चिकित्सक विजय कुमार तथा मूंडरू अस्पताल की टीम उपचार व परामर्श दिया। पीएचसी प्रभारी डाक्टर मुकेश चौधरी तथा डाक्टर अभिषेक यादव के द्वारा लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।



यह काफी अजीब अनुभव था यह कम्प्यूटर गेम की तरह महसूस होता है। यह वास्तविक नहीं लगता। जैसे फुटबाल मैनेजर ट्रांसफर होते हैं लेकिन जब अनुबंध मिलता है तो यह काफी वास्तविक भी होता है।

-मार्कवुड

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज, आईपीएल नीलामी में मिली राशि को लेकर

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — नोवाक जोकोविच



दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाडी सर्बिया के नोवाक जोकोविच 20 फरवरी को एक्शन में लौट आएंगे। वह यहां दुबई चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। दुबई टेनिस स्टेडियम में शनिवार को टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी किया गया। इसके तहत जोकोविच पहले राउंड में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से भिडेंगे, जो पिछले हफ्ते रॉटरडैम ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। ग्रुप में टूर्नामेंट के 2018 सीजन के चैंपियन स्पेन के इनफॉर्म खिलाडी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत के साथ रखे जाने के कारण जोकोविच को अपना छठा दुबई चैंपियनशिप खिताब जीतने के लिए कडी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... जिम्माब्वे के तातेन्द्र तेबू ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

# रोहित शर्मा बने टेस्ट कप्तान, पुजारा और रहाणे बाहर

## श्रीलंका के खिलाफ टैस्ट श्रृंखला के लिए टीम घोषित



मुंबई, 19 फरवरी। भारतीय क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अनुभवी बल्लेबाज़ चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को टीम से बाहर कर दिया है जबकि रोहित शर्मा टीम की कप्तानी और जसप्रीत बुमराह उपकप्तानी संभालेंगे। चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने शनिवार को बताया कि दोनों बल्लेबाज़ों को इस फ़ैसले की जानकारी दी गई थी और उन्हें रणजी ट्रॉफी में रन बनाने के लिए कहा गया था। पुजारा और रहाणे के अलावा अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ इशांत शर्मा और विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है। अपनी लय प्राप्त करने के लिए उन्हें भी रणजी ट्रॉफ़ी में हिस्सा लेने को कहा गया है। दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ के बाद कप्तानी पद से विराट कोहली के इस्तीफ़े के बाद रोहित शर्मा को टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई है। साथ ही हरफ़नमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की भारतीय टीम में वापसी हुई है। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घर पर खेले गए पहले टेस्ट मैच में जडेजा चोटिल हुए थे और तब से वह टीम से बाहर रहे थे। तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को टी20 अंतर्राष्ट्रीय टीम के साथ-साथ टेस्ट टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। बेंगलुरु में स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में चोट से पुनर्वास कर रहे रविचंद्रन अश्विन को पूर्ण फिटनेस प्राप्त करने के अधीन इस टीम में जगह दी गई है। चेतन ने बताया कि मोहाली में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले चिकित्सा टीम उनकी देखभाल करेगी और टीम प्रबंधन द्वारा उनका मूल्यांकन किया जाएगा। इस 18 सदस्यीय दल में कुलदीप यादव की भी वापसी हुई है। स्पिन गेंदबाज़ी की भरमार वाली इस टीम में उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज़ सौरभ कुमार को भी मौक़ा दिया गया है। जयंत यादव अपना स्थान बरक़रार रखने में क़ामयाब हुए है। तेज़ गेंदबाज़ी का भार बुमराह, मोहम्मद शमी, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज के कंधों पर होगा।

**टेस्ट टीमः**-रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, प्रियांक पांचाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, शुभमन गिल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जाडेजा, जयंत यादव, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, सौरभ कुमार, रविचंद्रन अश्विन (यदि वह फ़िट होते हैं)

## 'ड्राप चारों खिलाडियों को बता दिया गया था कि उन्हें टेस्ट सीरीज के लिए नहीं चुना जाएगा'

मुंबई, 19 फरवरी। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने कहा कि उन्होंने ड्रॉप किए गए चारों खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ के तुरंत बाद बता दिया था कि उन्हें इन दो टेस्ट मैचों के लिए नहीं चुना जाएगा।

चेतन ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट और टी 20 सीरीज की घोषणा के बाद शनिवार को यह भी बताया कि उन्होंने उनसे रणजी ट्रॉफ़ी के मैच खेलने का आग्रह किया था ताकि चयनकर्ताओं को उनके फ़ॉर्म और फ़िटनेस का अंदाज़ा हो। रहाणे ने गत चैंपियन सौराष्ट्र के ख़िलाफ़ शतक जड़ा जबकि पुजारा शून्य पर आउट हुए। वहीं इशांत और साहा ने पहले चरण के मुक़ाबलों में हिस्सा नहीं लिया।

कुछ समय से पुजारा और रहाणे के फ़ॉर्म की आलोचना हो रही थी। पुजारा ने आख़िरी बार 2018-19 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शतक जड़ा था। अक्तूबर 2019 के बाद से रहाणे के बल्ले से भी एक ही शतक निकला है। सभी खिलाड़ियों के उपलब्ध होने पर साहा और इशांत एकादश में जगह नहीं बना पा रहे हैं। हालांकि चेतन ने कहा कि इनमें से किसी भी खिलाड़ी के लिए दरवाज़े हमेशा के लिए बंद नहीं किए गए हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या यह खिलाड़ी टेस्ट टीम में वापसी कर सकते हैं, चेतन ने कहा, ''क्यों नहीं? उन्होंने कई वर्षों से भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अजिंक्य ने कल शतक जड़ा। एक खिलाड़ी का करियर उतार-चढ़ाव से गुज़रता रहता है। चयनकर्ताओं के लिए यह आवश्यक है कि हम बुरे दौर का सामना कर रहे खिलाड़ियों का समर्थन करें। आप एक झटके में उन्हें दरकिनार नहीं कर सकते हैं। चेतन ने आगे कहा हमने उन्हें कहा था कि उन्हें इस दो टेस्ट मैचों के लिए नहीं चुना जाएगा। इसमें कोई ग़लत बात नहीं है। हम भविष्य में उनके चयन पर विचार ज़रूर करेंगे। इस दौरान यह देखते हैं कि अन्य खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं।

# वेस्ट इंडीज को क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

कोलकाता, 19 फरवरी । भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को यहां ईडन गार्डन्स के मैदान पर तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में जीत दर्ज कर वेस्ट इंडीज को 3-0 से क्लीन स्वीप करने के मकसद से उतरेगी। भारत के पास फिलहाल सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है।भारत ने इससे पहले वनडे सीरीज को भी 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

भारत अगर यह मैच जीतता है तो वह वेस्ट इंडीज को पूरे दौरे में क्लीन स्वीप कर देगा और इस तरह की यह उसकी दूसरी उपलब्धि होगी। इससे पहले 2017 में विराट कोहली के नेतृत्व में भारतीय टीम ने श्रीलंका दौरे पर तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे, टी-20) में मेजबान श्रीलंका को 9-0 से क्लीन स्वीप किया था। उसके अलावा पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ने दो-दो, जबकि ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज ने एक-एक बार ऐसा किया है। भारतीय टीम अच्छे फॉर्म में लग रही है, खासतौर पर बल्लेबाजी अच्छी हो रही है। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में हालांकि कुछ कमी दिख रही है, लेकिन पूरी टीम के प्रयासों से इसका कुछ ज्यादा प्रभाव नहीं पड रहा है।

बल्लेबाजी की बात करें तो रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत और वेंकटेश अय्यर बल्ले के साथ अच्छे दिख रहे हैं, हालांकि कोहली और पंत के तीसरे और आखिरी मैच से बाहर होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में तीसरे मैच में श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़ और दीपक हुड्डा को मौका मिल सकता है। वहीं गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, आवेश खान और कुलदीप यादव को मौका दिया जा सकता है। उधर वेस्ट इंडीज की टीम ने लय तो पकडी है, लेकिन वह जीत तक नहीं पहुंच पा रही है। विकेटकीपर निकोलस पूरन वन मैन शो दिखा रहे हैं। पूरन ने पहले मैच में जहां 43 गेंदों पर 61, वहीं दूसरे मैच में 41 गेंदों पर 62 रन की तूफानी पारी खेली। वहीं रोवमैन पॉवेल ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में 36 गेंदों पर 68 रन बनाए। वेस्ट इंडीज की गेंदबाजी हालांकि फीकी नजर आ रही है। अनुभव गेंदबाजों की कमी कहीं न कहीं टीम को खल रही है, लेकिन फिर भी वेस्ट इंडीज को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। तीसरे और आखिरी टी-20 में वह भारत को कड़ी चुनौती दे सकता है और इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि वह क्लीन स्वीप होने से बच जाए।

# श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज़ के लिए सैमसन और जडेजा की वापसी

मुंबई,19 फरवरी। श्रीलंका के ख़िलाफ़ 24 फ़रवरी से लखनऊ में शुरु हो रही तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ के लिए रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन की भारतीय टीम में वापसी हुई है।

जडेजा और सैमसन चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं, जबकि शार्दुल ठाकुर को टी20 और टेस्ट सीरीज़ के लिए आराम दिया गया है। वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ सफ़ेद गेंद की घरेलू सीरीज़ के लिए आराम दिए जाने के बाद जसप्रीत बुमराह की बतौर उपकप्तान टीम में वापसी हुई है।

वह अब तेज़ गेंदबाज़ी क्रम की अगुआई करेंगे जिसमें भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, मोहम्मद सिराज और अनकैप्ड खिलाड़ी आवेश ख़ान शामिल हैं। वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ दूसरे टी20 में भारत की जीत के बाद विराट कोहली और ऋषभ पंत को अंतिम टी20 के लिए आराम दिया गया था। वह बायो-बबल छोड़कर जा चुके हैं और उन्हें श्रीलंका के ख़िलाफ़ भी टी20 सीरीज़ से आराम दिया गया है।

टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, इशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, युज़वेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, आवेश खान।

# एशियाई खेलों में संभवतः टीम नहीं भेजेगा बीसीसीआई

नयी दिल्ली,19 फरवरी। इस साल होने वाले एशियाई खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) शायद ही इसमें अपनी कोई टीम भेजे। ऐसा महिला और पुरुष टीमों के व्यस्त शेड्यूल को देखते हुए किया जाएगा।

एशियन गेम्स सितंबर में होने हैं जबकि टी20 विश्व कप अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया में होना है। कॉमनवेल्थ खेलों में भाग लेने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी एशियाई खेलों में संभवतः नहीं खेलेगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, एशियाई खेलों में टीम भेजने का अंतिम निर्णय लेना अभी बाक़ी है। हम महिला और पुरुष दोनों टीमों का शेड्यूल देखकर ही कोई निर्णय लेंगे।' ये खेल तब होंगे जब महिला टीम तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों के लिए इंग्लैंड के दौरा करेगी। शाह ने कहा कि हम द्विपक्षीय सीरीज़ को प्राथमिकता देंगे।

# चेतन शर्मा ने कहा- हार्दिक से पूछिए कि वह रणजी ट्रॉफी में क्यों नहीं है

मुंबई, 19 फरवरी। भारत की राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने शनिवार को स्पष्ट किया कि आलराउंडर हार्दिक पंड्या के नाम पर शत प्रतिशत फिट होने पर ही विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह यह भी नहीं जानते कि बड़ौदा का यह खिलाड़ी रणजी ट्राफी में क्यों नहीं खेल रहा, जहां उनकी फिटनेस को परखा जा सकता था। हार्दिक ने भारत की सीमित ओवरों की टीम में वापसी पर ध्यान देने के लिये 17 फरवरी से शुरू हुई रणजी ट्राफी में नहीं खेलने का फैसला किया। शर्मा से पूछा गया कि हार्दिक रणजी ट्रॉफी में क्यों नहीं खेल रहे हैं, उन्होंने कहा, यदि कोई खेलना नहीं चाहता है, तो चयन समिति राज्य के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करती है। उन्होंने कहा, आप हार्दिक से पूछ सकते हैं कि वह रणजी ट्रॉफी में क्यों नहीं खेल रहे हैं। हमारी नजर उन खिलाड़ियों पर है, जो रणजी में खेल रहे हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। शर्मा से हार्दिक की उपलब्धता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब तक उनकी गेंदबाजी फिटनेस की स्थिति के बारे में स्पष्ट पता नहीं चलता उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

चयन समिति के अध्यक्ष ने कहा, हार्दिक निश्चित तौर पर भारतीय टीम का अहम हिस्सा था। लेकिन चोटिल होने के बाद हम अभी यही कहेंगे कि यदि वह शत प्रतिशत फिट हो जाता है, खेलने के लिये तैयार रहता है और अगर वह गेंदबाजी करता है और मैच फिटनेस हासिल कर लेता है तो हम तुरंत ही उसके नाम पर विचार करेंगे।


## 'मैं टीम के प्रदर्शन से खुश हूं'

कोलकाता, 19 फरवरी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्ट इंडीज से दूसरा टी-20 जीतने के बाद शुक्रवार को कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना हमेशा खतरनाक होता है। हम जानते थे कि मैच अंत तक जाएगा और अंतिम गेंद तक टीम के अच्छे प्रदर्शन से मैं खुश हूं। रोहित ने मैच के बाद कहा,सीनियर गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और संयम के साथ गेंदबाजी की। हमें उनकी काबिलियत पर पूरा विश्वास है। विराट ने बढिया बल्लेबाजी की जो देखकर बहुत अच्छा लगा। इसके बाद ऋषभ पंत और वेंकटेश अय्यर ने पारी का अंत किया।

इस उम्र में अपने कौशल पर आत्मविश्वास जताना और सारी भूमिकाओं को अच्छे से निभाना वेंकटेश की बहुत अच्छी बात है। अंत में उन्होंने मुझसे कहा कि वह गेंदबाज़ी करना चाहते हैं। हम अच्छी फील्डिंग टीम बनना चाहते हैं। अगर हम वह कैच लपक लेते तो शायद नतीजा कुछ और होता लेकिन हम इससे सीखेंगे और बेहतर होते जाएंगे।

अपनी अर्धशतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने गए ऋषभ पंत ने कहा, मैं टीम की जरूरत के अनुसार कहीं भी बल्लेबाज़ी करने को तैयार हूं।

पॉवेल का कैच भुवी का था इसलिए मैं रुक गया। मैं स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करने में विश्वास रखता हूं। अभ्यास करने से मैं अपने शॉट में बेहतर होता जा रहा हूं। वेंकटेश से मेरी यही बातचीत हुई कि हम चीजों को सरल रखेंगे और हर गेंद को सोच-समझकर खेलेंगे। क्वारंटीन के साथ सभी मैच खेलना मुश्किल होता है लेकिन मैं हमेशा से भारत के लिए खेलना चाहता था। पॉवेल गोली की रफ्तार से गेंद को मार रहे थे। पीछे रहकर मुझे ख़ुशी हो रही थी क्योंकि वह मेरे साथ दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे लेकिन अंत में आप भारत के लिए हर एक मैच जीतना चाहते हैं।




**जयपुर पोलो सत्र में शनिवार को खेले गये राजमाता पद्ममिनी देवी इंटरनैशनल शील्ड प्रदर्शन मैच में वाटर मैट स्टेलोंस इंडिया ने डाइकोलर इंटरनैशनल को 7-5 से हरा प्रदर्शन पोलो मैच का मुकाबला जीता। रविवार को सैमूर कप का खिताबी मुकाबला सुजान इंडिया टाइगर्स और सहारा वॉलयिर्स के बीच खेला जाएगा।**

## विंडीज के खिलाफ तीसरा और आखिरी टी-20 नहीं खेलेंगे कोहली और पंत

कोलकाता, 19 फरवरी। पूर्व कप्तान विराट कोहली और मौजूदा उप कप्तान एवं विकेटकीपर ऋषभ पंत वेस्ट इंडीज के खिलाफ मौजूदा टी-20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच नहीं खेलेंगे। ऐसी खबरे हैं कि भारतीय टीम प्रबंधन ने दोनों बल्लेबाजों को रविवार को ईडन गार्डन्स मैदान पर खेले जाने वाले आखिरी टी-20 मैच के लिए आराम दिया है और दोनों को टीम के बायो-बबल से रिलीज कर दिया गया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों खिलाडियों को रिलीज करने का निर्णय टीम प्रबंधन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिया है, क्योंकि टीम में पर्याप्त संख्या में खिलाडी हैं और भारत ने सीरीज जीत ली है। भारत तीन मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे है। यह भी समझा जाता है कि कोहली और पंत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए भी आराम दिया जाएगा जो 24 फरवरी को लखनऊ में शुरू होगी। क्रिकबज ने इससे पहले शुक्रवार को बताया था कि कोहली को श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम दिया जा सकता है। क्रिकेट विशेषज्ञों के मुताबिक यह निर्णय अपेक्षित भी है, क्योंकि श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर जैसे निपुण और रुतुराज गायकवाड तथा दीपक हुड्डा जैसे होनहार बल्लेबाज मौके के इंतजार में बेंच पर बैठे हैं। राहुल द्रविड के साथ रात को मैच के बाद कुछ खिलाडियों को रिलीज करने के लिए चर्चा हुई थी। जहां तक श्रीलंका श्रृंखला के लिए उन्हें आराम देने की बात है, यह चयन समिति पर निर्भर है, जो कोच और कप्तान से सलाह लेने के बाद फैसला लेगी। बेशक वर्कलोड को व्यवस्थित करना हमारी प्राथमिकता रही है। इस बीच सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि श्रीलंका श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए आज चयन समिति की बैठक हो सकती है।

## राजस्थान के बड़े लक्ष्य के सामने आंध्र का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया

तिरुवनन्तपुरम, 19 फरवरी (भाषा) कप्तान अशोक मनेरिया (79) और महिपाल लोमरोर (79) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से राजस्थान ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ई मैच में शनिवार को यहां आंध्र के सामने 368 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। आंध्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 100 रन बनाये हैं। वह अभी लक्ष्य से 268 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय रिकी भुई 31 और येरा संदीप 32 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले सुबह राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 97 रन से आगे बढ़ायी। आदित्य गरवाल (38) के जल्दी आउट होने के बाद उसकी पारी लोमरोर और मनेरिया के इर्द गिर्द ही घूमती रही। ग्रुप के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने सेना के खिलाफ जीत सुनिश्चित कर दी है। उत्तराखंड ने 133 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 94 रन बना लिये थे और अब वह लक्ष्य से केवल 39 रन दूर है। कप्तान जय बिस्टा 54 और कुणाल चंदेला 17 रन पर खेल रहे हैं। इससे पहले सेना ने अपनी दूसरी पारी एक विकेट पर 29 रन से आगे बढ़ायी लेकिन उसकी टीम 204 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से हार्दिक सेठी ने सर्वाधिक 56 रन बनाये।

## चम्बल स्पोर्टस की जीत में रोहन व हर्षवर्धन चमके

जयपुर - 19 फरवरी। चम्बल स्पोर्टस ने नागर मल खींची की स्मृति में आयोजित जयपुर स्पोर्टस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये मैच में संस्कार एकेडमी को 140 रनों से हराया। संस्कार ग्राउण्ड पर संस्कार एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले चम्बल सपोर्टस को बल्लेबाजी के लिए आंमत्रित किया। चम्बल स्पोर्टस ने ऑफताबुदीन के 24 रन, लोकेश सैनी के 27 रन, रोहन राजभर के 56 रन, मिहित अग्रवाल के 21 रन, वाजिद खान के 43 रन व हर्षवर्धन वाष्णेय के 35 रनों की पारीयों से 47 ओवर में 252 रन बनाए। संस्कार एकेडमी के लिए विभोर टेमानी ने 45 पर 4, प्रशान्त यादव ने 48 पर 3 व आदित्य झाला ने 55 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में संस्कार एकेडमी की टीम आदित्य झाला के 28 रन, प्रशान्त यादव के 12 रन, आर्यन मीणा के 14 रन व अनिरुध कौशिक के 19 रनों से 34.4 ओवर में 112 रन बनाकर आउट हो गई। चम्बल स्पोर्टस के लिए हर्षवर्धन वाष्णेय ने 28 पर 4, पूरव शर्मा ने 25 पर 2, रितिक शर्मा ने 30 पर 2, वाजिद खान व रोहन राजभर ने एक - एक विकेट लिया।

## विक्टोरियन्स ने जीता तीसरा बीपीएल खिताब

ढाका, 19 फरवरी। सुनील नारायण (57 रन, 15 रन पर दो विकेट) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत कोमिला विक्टोरियन्स ने शुक्रवार को यहां फाइनल मैच में फॉर्च्यून बरिशल पर एक रन से रोमांचक जीत के साथ तीसरा बीपीएल (बंगलादेश प्रीमियर लीग) खिताब जीत लिया। कोमिला विक्टोरियन्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और सुनील नारायण के विस्फोटक अर्धशतक और मोईन अली की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 151 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में फॉर्च्यून बरिशल शायकत अली की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट 150 रन बना सका और महज एक रन के अंतर से अपने पहले बीपीएल खिताब से चूक गया।

## बीसीबी का फ्रेंचाइजी को कारण बताओ नोटिस

ढाका, 19 फरवरी। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) फ्रेंचाइजी फॉर्च्यून बरिशल को अपने कप्तान शाकिब अल हसन को एक शूट में शामिल होने के लिए बायो-बबल प्रोटोकॉल तोडने की अनुमति देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीसीबी के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। दरअसल शाकिब ने बीपीएल फाइनल से पहले गुरुवार को कप्तानों के आधिकारिक फोटो शूट और प्रशिक्षण सत्र को छोड़ दिया था, ताकि वह एक सॉफ्ट ड्रिंक कंपनी के लिए एक टीवीसी की शूटिंग में भाग ले सकें।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जताई प्रसन्नता

नयी दिल्ली, 19 फरवरी। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2023 के अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र के लिए भारत को मेजबान के रूप में चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मोदी कहा यह जानकर खुशी हो रही है कि भारत को वर्ष 2023 के अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र की मेजबानी के लिए चुना गया है। मुझे विश्वास है कि आईओसी का यह सत्र यादगार होगा और विश्व के खेल जगत के लिए सकारात्मक परिणाम देगा: पीएम नरेंद्रमोदी एकतामेंशक्ति।उनके इस बयान को प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया। भारत ने शनिवार को बीजिंग में आयोजित आईओसी की 139वीं बैठक में 2023 आईओसी सत्र की मेजबानी का अधिकार प्राप्त किया। वीडिया कांफ्रेंस के माध्यम से मेजबानी की दावेदारी प्रस्तुत करने वाले भारतीय दल में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, आईओसी की सदस्य नीता अंबानी, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष डॉ. नरिंदर बत्रा, और भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता (बीजिंग 2008, निशानेबाजी) अभिनव बिंद्रा शामिल थे।

# आईओसी के 2023 सत्र की मेजबानी करेगा भारत

मुंबई, 19 फरवरी। भारत अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 2023 सत्र की मेजबानी करेगा। भारत ने शनिवार को बीजिंग में आयोजित 139वें आईओसी सत्र में वर्चुअल रूप से भागीदारी देते हुए 2023 आईओसी सत्र की मेजबानी के लिए बोली जीती। आईओसी की सदस्य नीता अंबानी, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष डॉ. नरिंदर बत्रा, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता (बीजिंग 2008, निशानेबाजी) अभिनव बिंद्रा की मौजूदगी वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आईओसी सत्र के दौरान वर्चुअल रूप से आईओसी सदस्यों के सामने बोली प्रस्तुति की और भारत को 2023 में होने वाली आईओसी सत्र की मेजबानी को लेकर हुए मतदान में वैद्य 76 वोटों में से 75 वोट मिले। 2023 सत्र मुंबई के 'जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर' में होगा। उल्लेखनीय है कि भारत में चार दशकों बाद आईओसी सत्र का आयोजन होगा।

## न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

क्राइस्टचर्च, 19 फरवरी। तेज गेंदबाजों मैट हेनरी और टिम साउदी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को महज ढाई घंटे में दक्षिण अफ्रीका पर पारी और 276 रन से जीत हासिल करते हुए दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 शून्य की अजेय बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने आज सुबह अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 34 रन से आगे खेलना शुरू किया। इस वक्त वह न्यूजीलैंड से 353 रन पीछे था। और उसे दिन की अच्छी शुरुआत की जरूरत थी, लेकिन न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के आगे दक्षिण अफ्रीकी टीम की एक न चली।

## जमशेदपुर को पहले सेमीफाइनल की राह में मिलेगी चेन्नइयन से चुनौती

वास्को ,19 फरवरी। जमशेदपुर एफसी हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के शीर्ष चार पर बने रहने के लिए रविवार को वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में चेन्नइयन एफसी का सामना पूरे आत्मविश्वास के साथ करेगी। वहीं, दो बार की पूर्व चैम्पियन चेन्नइयन लीग मुकाबला जीतकर जमशेदपुर को झटका देने की कोशिश करेगी। जमशेदपुर 15 मैचों से 28 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज है और लीग लीडर हैदराबाद एफसी और दूसरे स्थान पर मौजूद एटीके मोहन बागान से केवल एक अंक पीछे हैं। दोनों शीर्ष टीमों को शनिवार को अपने-अपने मैच खेलने है। हैदराबाद ने एक मैच ज्यादा खेला है जबकि बागान और जमशेदपुर ने बराबर मैच खेले हैं।

कोच ओवेन कोयले की टीम ने अपने पिछले दो मैच जीते हैं और चेन्नइयन के खिलाफ जीत से अपनी हैट्रिक पूरी करने की कोशिश करेगी। वहीं, चेन्नइयन पिछले पांच मैचों में जीत से दूर रही है। इस कारण चेन्नइयन अपने अंतरिम कोच साबिर पाशा की देखरेख में पहली बार उतरी थी और उसने पिछले मैच में ओडिसा एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोका था लेकिन पूर्व चैम्पियनों की सेमीफाइनल की उम्मीदें खत्म हो गई।

# हमारा ध्यान क्वालीफायर में जगह बनाने पर केंद्रित है

बेंगलुरु,19 फरवरा। जीएमआर ग्रुप की प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) फ्रैंचाइज़ी यूपी योद्धा ने लीग मैचों में उतार चढ़ाव के बाद, चौथे सीज़न के प्ले-ऑफ़ चरण में जगह बना ली है। पिछले कुछ मैचों में उनके प्रदर्शन ने अन्य फ्रेंचाइजी के लिए अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। इस सीज़न में उनकी सफलता की कुंजी सुपरस्टार प्रदीप नरवाल थे, जिन्होंने अंतिम पांच मैचों में चार सुपर 10 अर्जित किए और वर्तमान में अपने विरोधियों पर इस तरह की नौ सुपर रेड करते हुए सुपर रेड्स तालिका में दूसरे स्थान पर हैं।

नरवाल और उनके साथियों के प्रदर्शन ने यूपी योद्धा को पीकेएल की सबसे आकर्षक फ्रैंचाइजी में से एक बना दिया है। योद्धा के आंकड़े बताते हैं कि उन्होंने सबसे अधिक संख्या में रेड, सुपर टैकल, सुपर रेड एवं दूसरे सबसे अधिक नंबर पे टोटल पॉइंट्स अर्जित करते हुए टीम के रूप में चौतरफा प्रदर्शन किया है।

दुबकी किंग के नाम से लोकप्रिय, प्रदीप नरवाल सोनीपत (हरियाणा) के एक छोटे से गाँव के रहने वाले हैं और उन्होंने अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए आठ साल की उम्र में अपनी कबड्डी की यात्रा शुरू की थी। उन्हें जल्द ही राज्य कबड्डी टीम का हिस्सा बनने के लिए चुना गया, जिसने सुपरस्टार की कबड्डी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंततः उन्हें पीकेएल में चुन लिया गया। कुछ ही समय में प्रदीप नरवाल रिकॉर्ड ब्रेकर प्रदीप नरवाल बन गए। प्रदीप ने कहा,''पिछले कुछ मैचों में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं, खासकर इसलिए कि इससे मेरी टीम को जीत हासिल करने में मदद मिली है परंतु अभी और सुधार की गुंजाइश है और मैं एलिमिनेटर में अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। हम नॉक आउट में किसी भी प्रतिद्वंद्वी का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और निश्चित रूप से अपने प्रशंसकों को खुश होने के लिए और मौके ज़रूर देंगे। प्रतियोगिता अब और कठिन होती जा रही है और हमारा एकमात्र लक्ष्य क्वालीफायर में जगह बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है।''

प्रदीप ने हाल ही में अपनी पीकेएल यात्रा में सबसे अधिक 67 सुपर 10 और 61 सुपर रेड्स के साथ 1300 रेड पॉइंट हासिल करते हुए एकमात्र रेडर बनने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने आगे कहा, ''इन रिकार्ड्स को मैं सीजन के पहले चरण में ही हासिल कर सकता था लेकिन इंजरी के कारण इसमें अधिक समय लग गया। लेकिन अब मैं देश के सर्वश्रेष्ठ कबड्डी रेडर की श्रेणी में आकर खुश हूं।''

अपने प्रदर्शन में बदलाव लाने के बाद प्रदीप ने कहा, ''मैंने अपनी गति (स्पीड) पर बहुत काम किया है जो रेडों के लिए थोड़ी काम थी। शुरुआती दौर में, मैं अच्छा नहीं कर रहा था, इसलिए कोच साहब ने इसे बहुत अच्छी तरह से परखा और मुझे अपनी गति पर काम करने के लिए कहा और मैंने उनकी सलाह का पालन किया। चोटों के उपचार के साथ-साथ मेरे प्रदर्शन में सुधार आया और अब मैं गति पर और भी सुधार करने की योजना बना रहा हूं।''

अपने प्रशिक्षण के बारे में बात करते हुए, प्रदीप ने कहा, हम यूपी योद्धा बीके कबड्डी अकादमी में पिछले एक साल से शिविरों (कैम्प) में थे और अपने कोच और सहायक कोच के मार्गदर्शन में एक टीम के रूप में अभ्यास करते आये हैं।

एक टीम के रूप में अभ्यास करते हुए, इसने हमें एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों के बारे में जानने में मदद मिली है। और मैं सभी कबड्डी प्रशंसकों और उभरते हुए कबड्डी खिलाड़ियों को बताना चाहता हूं कि मैंने अपने जीवन में बीके अकादमी जैसी शानदार कबड्डी अकादमी नहीं देखी है। अकादमी में मैट प्रेमियों और मिट्टी प्रेमियों के लिए भी अलग-अलग अभ्यास क्षेत्र हैं। और ठहरने से लेकर प्रशिक्षण तक, इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित सब कुछ सुपर क्लास है।



हिमालय प्रदेश में चम्बा जिले की भरमौर तहसील में बुधिल घाटी की तलहटी में स्थित है खूबसूरत मणिमहेश झील। पूर्व दिशा में इसका जलग्रहण क्षेत्र कांगड़ा जिले को और पश्चिम दिशा में लाहौल स्पीती को छूता है। यह क्षेत्र धौलाधर और ज़स्कर पर्वत श्रृंखला के बीच में है। इस अण्डाकार झील में आसपास के ग्लेशियर्स से पानी आता है। सितम्बर तथा मई महीनों के बीच बर्फ गिरने के कारण यहाँ पहुँचना मुश्किल होता है। मणिमहेश कैलाश चोटी (5656 मीटर), जिसे चम्बा पीक भी कहते हैं, के बेस में स्थित यह झील भगवान शिव को समर्पित है। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार मणिमहेश चोटी पर भगवान शिव वास है। अगस्त-सितम्बर महीनों में, चंबा के लक्ष्मीनारायण मंदिर से, प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा शुरू होती है। हर साल मानसून के महीनों में, जन्माष्टमी से राधा-अष्टमी तक, लाखों तीर्थ यात्री पवित्र स्नान के लिए यहाँ आते हैं। हिमाचल प्रदेश के लोग झील को बहुत पवित्र मानते हैं, विशेषरूप से इस क्षेत्र की गद्दी जनजाति। भाद्रपद मास में शुक्ल पक्ष की अष्टमी को यहाँ मेला भरता है जिसमें हज़ारों की संख्या में लोग आते हैं। झील को लेकर कई किंवदन्तियाँ हैं। एक किंवदंती के अनुसार देवी पार्वती से विवाह के बाद भगवान शिव ने मणिमहेश झील का निर्माण किया।

# भारत में पहली बार सेमीकण्डक्टर एवं डिजिटल चिप निर्माण इण्डस्ट्री शुरु होगी

## केन्द्र सरकार के अनुसार भारत में जॉइंट वैंचर शुरु करने के लिए कई देशी एवं विदेशी कंपनियों ने आवेदन प्रस्तुत किया है

- **गौरतलब है कि, भारतीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय इण्डस्ट्री बीते डेढ़-दो साल से सेमीकण्डक्टर एवं डिजिटल चिप शॉर्टेज का सामना कर रही है**
- **सेमीकण्डक्टर व डिजिटल चिप शॉर्टेज की वजह से ऑटोमोबाइल इण्डस्ट्री द्वारा बहुत बड़े पैमाने पर कारों का निर्माण बाधित हुआ है या यूं कहें कि लगभग रुक सा गया है।**

नई दिल्ली,19 जनवरी (वार्ता)। देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले के विनिर्माण की नई सुविधाएं स्थापित करने के लिए सरकार को पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिनमें कुल 20.5 अरब डॉलर (153,750 करोड़ रुपए) के बराबर निवेश की योजना है।

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा, इस नए क्षेत्र में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए आक्रामक समय सीमा के बावजूद इस स्कीम को अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। इस क्षेत्र में निवेश के लिए पहले दौर के आवेदन 15 फरवरी तक आमंत्रित किए गए थे।

तीन कंपनियों वेदांता-फौक्सकॉन संयुक्त उद्यम, आई.जी.एस.एस. वेंचर्स सिंगापुर और आई.एस.एम.सी. ने सेमीकंडक्ट फैब इकाई स्थापित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कुल 13.6 अरब डॉलर के अनुमानित निवेश के साथ 28 एन.एम. से 65 एन.एम. सेमीकंडक्टर फैब बनाने की सुविधाएं लगाने का प्रस्ताव किया है जिनकी क्षमता लगभग 120,000 वेफर प्रति माह होगी। उनकी केंद्र सरकार से लगभग 5.6 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की मांग है।

इसी तरह दो कंपनियों-वेदांता एवं इलेस्ट ने 6.7 अरब डॉलर के अनुमानित निवेश के साथ डिस्प्ले फैब के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं जिनमें केंद्र सरकार से लगभग 2.7 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता मांगी जा रही है।

सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण को बढ़ाने एवं विस्तारित करने तथा एक मजबूत एवं टिकाऊ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परितंत्र का विकास सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 15 फरवरी 2021 को 76,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम को मंजूरी दी थी।

स्मार्टफोन तथा क्लाउड सर्वर से लेकर आधुनिक कारों,औद्योगिक आटोमेशन, महत्वपूर्ण अवसंरचना तथा प्रतिरक्षा प्रणाली तक के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल होता है। अनुमान के मुताबिक भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2020 में 15 अरब डॉलर का था और इसके 2026 तक 63 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सेमीकंडक्टर विनिर्माण, सेमीकंडक्टर वेफर बनाने की एक जटिल, पूंजीगत तथा प्रौद्योगिकी केंद्रित प्रक्रिया है।

डिस्प्ले इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत के डिस्प्ले पैनल बाजार के 7 अरब डॉलर होने का अनुमान है तथा इसके 2025 तक बढ़कर 15 अरब डॉलर हो जाने की उम्मीद है। भारत में डिस्प्ले फैब की स्थापना के लिए स्कीम के तहत, अत्याधुनिक एमोलेड डिस्प्ले पैनल जिनका उपयोग आधुनिक स्मार्ट फोनों में किया जाता है, के विनिर्माण के लिए जेन 8.6 टी.एफ.टी. एल.सी.डी. डिस्प्ले फैब तथा छठी जनरेशन डिस्प्ले फैब की स्थापना के लिए आवेदन दायर किए गए हैं।

## पुराने ट्रक व ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पर चलने वाले वाहन जब्त कर लिये जायेंगे तथा उनके मालिकों पर भारी जुर्माना किया जायेगा।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस सम्बन्ध में 2 फरवरी को सम्बन्धित ड्राफ्त की गजट अधिसूचना जारी की है तथा आम जनता से आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित किये हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि नये नियम पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के लिये लागू किये जाने हैं।

- **नये कायदे-कानून के अनुसार आठ साल से ज्यादा पुराने ट्रकों व बसों को हर साल फिटनेस सर्टिफिकेट लेना होगा, सरकार द्वारा अधिकृत ''फिटनेस स्टेशनों'' से।**

जब आप अपने वाहन को फिटनेस के लिये ले जायेंगे तो फिटनेस स्टेशन वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा उसके मालिक का नाम, पता तथा मोबाइल नम्बर दर्ज करेगा तथा उसे सेन्ट्रल डेटा सेन्टर पर अपलोड कर देगा, जिससे वह सरकार के रिकॉर्ड का हिस्सा बन सकें तथा सरकार उसके आधार पर सही समय पर फिटनेस सर्टिफिकेट के पुन:नवीनीकरण के लिये आपके पास ''अलर्ट मैसेज'' भेज सकें।

# मुख्यमंत्री ने 15 से ज्यादा अधिकारियों को नियुक्तियां दे दीं, अब मुख्यमंत्री के सलाहकार कह रहे हैं अधिकारियों को तवज्जो देना ठीक नहीं

## कांग्रेस के बंद अधिवेशन में डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा, सरकार कार्यकर्ताओं की वजह से आती है, अधिकारियों की वजह से नहीं

- **मंत्री गोविंद मेघवाल बोले-अधिकारियों को टिकट नहीं देना चाहिए।**
- **पीसीसी अध्यक्ष बोले-जो सामने बैठे हैं, उनकी वजह से सरकार बनती है। बाहर आकर कार्यकर्ता बोले-यह भी बताना चाहिए कि सरकार जाती किसकी वजह से है।**
- **प्रभारी अजय माकन नहीं आए, मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ही अधिवेशन छोड़कर जाते रहे मंत्री- विधायक।**

जयपुर, 19 फरवरी (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार कैसे रिपीट हो, इस बात को लेकर जयपुर में प्रदेश कांग्रेस का खुला अधिवेशन रखा गया था, लेकिन अधिवेशन शुरू होने के साथ ही बंद हो गया। यानी कि जो बातें खुले में होनी थी, वे बंद हॉल में शुरू हुई, जहां मीडिया की एंट्री नहीं दी गई। हालांकि जो भी बातें हुई वह सब मीडिया तक कांग्रेसजनों के द्वारा ही पहुंच गई। इस अधिवेशन की सबसे खास बात यह रही कि सरकार रिपीट करवाने के सुझाव तो कम आए,बल्कि जो नेता सरकार के हिस्सेदार हैं या भागीदार है,वह अपनी कमजोरियों को लेकर अपना दर्द बांटते रहे।स्पष्ट हो गया कि जब सत्ता में भागीदार नेताओं की स्थिति ऐसी है, तो आम कांग्रेसजन की स्थिति कितनी कमजोर होगी।

अधिवेशन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सलाहकार डॉ. राजकुमार शर्मा ने अधिकारियों को तवज्जो देने पर उंगली उठाई और कहा कि सत्ता कार्यकर्ताओं की वजह से आती है, अधिकारियों की वजह से नहीं। चूंकि डॉ. राजकुमार शर्मा मुख्यमंत्री के सलाहकार हैं, इसलिए उनकी बात काफी गंभीर है और गंभीर इसलिए भी है कि हाल ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से अपने सलाहकार बनाने और अन्य राजनीतिक नियुक्तियों में करीब डेढ़ दर्जन रिटायर्ड आईपीएस/आईएएस अधिकारियों को नवाजा गया है। डॉ. राजकुमार शर्मा ने यह भी कहा कि मंत्रियों को ध्यान रखना चाहिए कि कार्यकर्ताओं के भी निजी काम होते हैं। ऐसे में उनका ध्यान रखना भी जरूरी है। शर्मा ने राजस्थान के राजनीतिक उठापटक के समय की फिर याद दिलाते हुए कहा कि ''हमें पता है कि उस वक्त कितना प्रलोभन दिया गया था, लेकिन कोई विधायक छोड़कर नहीं गया। इतना प्रलोभन दिया जाए, तो पति पत्नी को पत्नी पति को छोड़कर चले जाएं।''

इसी बात से अपनी बात मिलाते हुए मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने भी अधिकारियों के खिलाफ बोला और कहा कि ''अधिकारी पहले तो नौकरी करते हैं फिर राजनीतिक पार्टी ज्वाइन करके टिकट ले लेते हैं, जबकि अधिकारियों को टिकट नहीं देना चाहिए।'' उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में बीकानेर से मदन मेघवाल को कांग्रेस ने टिकट दिया था,जो रिटायर्ड अधिकारी है। वहीं कांग्रेस के खिलाफ बस्सी से चुनाव लड़कर जीते रिटायर्ड अधिकारी लक्ष्मण मीणा को भी राजनीतिक नियुक्तियों में नवाजा गया है। इसी तरह पूर्व पुलिस महानिदेशक हरीश मीणा भी कांग्रेस का टिकट लेकर विधायक बने हैं। अधिकारियों के खिलाफ अन्य नेताओं का भी दर्द निकल कर सामने आया। इसके बाद खुद कांग्रेस के कार्यकर्ता ही यह कहते नजर आए कि ''जब इन बड़े नेताओं को ही अधिकारी तवज्जो नहीं देते, तो फिर हमारी स्थिति क्या है,इस बारे में ज्यादा कहने की जरूरत नहीं है।''

दूसरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सामने जो लोग बैठे हैं, सरकार उनकी वजह से आती है, लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा कि सरकार जाती किस की वजह से है। यह बात भी बता देते तो बात में दम आता। वही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का एक दर्द ओर उभर कर सामने आया और उन्होंने कहा कि हमारा माउथ मीडिया बहुत कमजोर है और यदि भाजपा का नेता एक ट्वीट करता है तो उसके साथ में 100 ट्वीट हो जाते हैं, लेकिन हमारे यहां माउथ मीडिया को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि रीट मामले को लेकर जब भाजपा नेता गोविंद सिंह डोटासरा पर हमलावर हुए थे, तब ना तो सत्ता और संगठन के नेताओं ने और ना ही कार्यकर्ताओं ने उनका साथ दिया था। महाराणा प्रताप और अकबर पर दिए गए गोविंद सिंह डोटासरा के बयान को लेकर भी ऐसा ही देखने में आया, जब उन्हें कांग्रेस का ज्यादा साथ नहीं मिला। ऐसे में उन्होंने खुले मंच से खुद की माउथ मीडिया को कमजोर बताते हुए अपना दर्द बयां कर दिया। हालांकि मंच से मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने महाराणा प्रताप और अकबर के युद्ध को लेकर यह जरूर कहा कि यह युद्ध स्वाभिमान के लिए लड़ा गया था और भाजपा इसे धार्मिक रंग देना चाहती है।

इस अधिवेशन में प्रदेश के प्रभारी महासचिव अजय माकन नहीं आए उन्होंने सिर्फ विजुअल भाषण देकर औपचारिकता निभाई। कहा जा रहा है कि राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर अजय माकन, जिन लोगों को मौका देना चाहते थे,उन्हें मौका नहीं दिया गया। ऐसे में वे सहज नहीं है और यही उनके नहीं आने का कारण है। हालांकि इस बात पर खुलकर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिवेशन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी के बावजूद मंत्री और विधायकों ने रुचि नहीं दिखाई और जो मंत्री-विधायक या हाल ही बोर्ड-निगमों के बने अध्यक्ष बने लोग भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी के बावजूद कार्यक्रम में आने की औपचारिकता निभा कर वापस चले गए। वही एक महत्वपूर्ण बात यह भी रही कि जिस अधिवेशन को खुला अधिवेशन कहा जा रहा था, उसमें मंच से सिर्फ उन्हीं लोगों को बोलने का मौका दिया गया जो कि आज से पहले भी सरकार के प्रति सकारात्मक बयान देते रहे हैं।

## गत चार महीनों...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इलैक्ट्रिक कार व स्कूटर के इस्तेमाल हेतु प्रेरित करने के लिए दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, पुणे, सूरत, अहमदाबाद, बैंगलुरू और हैदराबाद में इलैक्ट्रिक वीकल चार्जिंग स्टेशन खोलने की पहल की गई है।

इन नौ शहरों में 940 ई.वी. चार्जर्स होंगे, जिनमें 678 वे हैं जिन्हें अक्टूबर 2021 के बाद चार महीनों में स्थापित किया गया है। ये उन 1640 क्रियाशील सरकारी ई.वी. चार्जिंग स्टेशनों में है जिन्हें पूरे भारत में स्थापित किया गया है।

इन मेगा सिटीज में ई.वी. इन्फ्रारटट्रन्चर का पूर्ण गठन करने के बाद सरकार की योजना पर वृहद रूप से इनका अन्य शहरों में विस्तार करने की है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि ''सरकार ने प्रमुख शहरों और हाइवेज़ पर 22 हजार ई.वी. चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का कार्य भी इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन के जरिए सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों जैसे टीजेई जोगजैस्ट 10,000 को सौंपा है। भारत में इलैक्ट्रिक वाहनों की खरीद के प्रति उदासीन रवैये का एक प्रमुख कारण चार्जिंग के लिए पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर की अनुपलब्धता रही है।''

# रूस ने यूक्रेन सीमा पर हाइपरसॉनिक क्रूज मिसाइल्स की टैस्टिंग शुरु की

## रूस ने ऐसा करके हमले की संभावना और प्रबल बनाई

कीव/मॉस्को, 19 फरवरी। यूक्रेन को लेकर लगातार जारी तनाव के बीच रूस किसी भी तरह से पीछे हटने को तैयार नहीं है। इसी कड़ी में उसने शनिवार को अपनी अत्याधुनिक हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। न्यूज एजेंसी ए.एफ.पी. ने क्रेमलिन के हवाले से इस मामले में जानकारियां दी हैं।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जानकारी देते हुए बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल का अभ्यास किया जा रहा है।

रूस के इस कदम के बाद यूक्रेन को लेकर मामला और गरमाता जा रहा है। इस समय यूक्रेन की सीमा पर 1.5 लाख के करीब रूसी सेना तैनात है। क्रेमलिन ने अपने बयान में कहा कि सभी हाइपरसोनिक मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को भेदने में सफलता पाई है। अभ्यास ड्रिल में टीयू-95 बॉम्बर्स और सबमरीन्स को भी शामिल किया गया था। चीफ ऑफ जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव ने बताया कि इस ड्रिल का मकसद दुश्मन के खिलाफ हमारी तैयारी को दर्शाता है। इस बयान के बाद ये कयास लगाए जा रहे हैं कि रूस इस मसले पर पीछे हटने को तैयार नहीं है और मिसाइलों का परीक्षण उसकी आगे की रणनीति के लिए खुद को तैयार करने के लिए एक बड़ा कदम है। इसी बीच यूक्रेन के एक अलगाववादी नेता ने आक्रमण के बढ़ते डर के बीच सैन्य लामबंदी का आदेश दिया है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, यूक्रेन के लुहान्स्क विद्रोही नेता ने सैन्य लामबंदी की घोषणा की है।

बता दें कि शुक्रवार को एल.पी. आर. और स्व-घोषित डोनेटस्क पीपुल्स रिपब्लिक (डी.पी.आर.) ने संपर्क लाइन पर तनाव बढ़ने पर रूस के रोस्तोव क्षेत्र में अपने नागरिकों को निकालने की घोषणा की थी।

## कश्मीर में शनिवार को मुठभेड़ में दो सैनिक शहीद

श्रीनगर, 19 फरवरी (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के दक्षिणी जिले शोपियां में शनिवार को सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो सैनिक शहीद हो गये जबकि इस दौरान लश्कर-ए-तैयबा का एक आंतकवादी मारा गया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के चेरमार्ग जैनापोरा गांव में सेना को कुछ आंतकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी और इसके बाद सेना ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) और प्रदेश पुलिस के साथ संयुक्त रूप से इलाके में खोज अभियान शुरू किया। इसी दौरान आंतकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ शुरू हो गयी।आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए।

# केन्द्र सरकार ने कुमार विश्वास को वाई कैटेगिरी की सुरक्षा दी

नई दिल्ली 19 फरवरी (वार्ता)। सरकार ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सनसनीखेज बयान देने वाले कवि और एक समय केजरीवाल के भरोसेमंद साथी रहे कुमार विश्वास को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार विश्वास को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) द्वारा वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी जिसमें उनके साथ हमेशा चार सुरक्षाकर्मी रहेंगे। यह निर्णय विश्वास द्वारा केजरीवाल पर हाल ही में लगाए गए आरोपों के बाद लिया गया है। विश्वास ने कहा है कि केजरीवाल की पंजाब में खालिस्तानी संगठनों के साथ सांठगांठ है।

विश्वास ने इस निर्णय के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें इसके बारे में पता चला है लेकिन अभी सरकार से या सी.आर.पी.एफ. से किसी तरह की जानकारी उन्हें नहीं मिली है।

सूत्रों ने कहा है कि सुरक्षा एजेंसियों को इस तरह की जानकारी मिली है कि विश्वास की जान को इन संगठनों से खतरा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि वह इन आरोपों के बारे में जानकारी लेंगे और किसी को भी देश की एकता तथा अखंडता के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

शाह ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को दिए जवाब में कहा है कि किसी राजनीतिक दल के लिए राष्ट्र विरोधी अलगाववादी और प्रतिबंधित संगठन से संबंध रखना और चुनाव में उनसे समर्थन लेना देश की एकता और अखंडता के लिए गंभीर मामला है। इस तरह के तत्वों का एजेंडा देश के दुश्मनों से अलग नहीं है।

चन्नी ने इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि यह बेहद गंभीर मामला है और इसकी विस्तार से जांच की जानी चाहिए। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इन आरोपों को गंभीर बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया की है।

केजरीवाल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि वह एक ऐसे 'आतंकवादी' हैं जो स्कूल और अस्पताल बनवाते हैं तथा लोगों को मुफ्त बिजली देते हैं।

## विदेश में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जब भारत में जातीय एवं लैंगिक भेदभाव की तरफ विदेशों का ध्यान गया है तथा पश्चिम में इन बिन्दुओं पर बहस शुरू हो गई है।

कोलकाता के दैनिक द टैलीग्राफ ने आई.आई.एम. बैंगलोर के प्रो. दीपक मल्धन को उद्धत करते हुए लिखा कि ''सरकार स्पष्ट रूप से पगला गई है और पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों के विद्वानों द्वारा भारत में बहुसंख्यक अधिनायकवाद के बढ़ते प्रवाह को लेकर उठाए जा रहे प्रश्नों से विचलित है।

मंत्रालय ने हाल ही एन.ओ.एस. स्कीम के तहत आगामी 31 मार्च तक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन दिए थे। यह स्कीम उन अभ्यर्थियों के लिए भी है, जिनके परिवार की सालाना आय 8 लाख रूपयों से कम है और वह भी आवेदन करने की तिथि से पूर्व समय की।

# प्रशांत किशोर की नीतीश कुमार के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के सरकारी आवास पर हुई थी।

नीतीश कुमार ने दिल्ली में पत्रकारों के समक्ष इस डिनर मीटिंग की पुष्टि की, लेकिन यह भी कहा कि उनके और प्रशान्त किशोर के पुराने संबंध हैं तथा इस मीटिंग का कुछ अन्य एवं खास उद्देश्य नहीं समझना चाहिये।

किशोर उर्फ पी.के. ने कहा कि यह एक ''शिष्टाचार मुलाकात'' थी, जिसमें अनौपचारिक बातचीत होती रहीं। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार को ओमक्रॉन-संक्रमण हो गया था, तो उन्होंने उनके स्वास्थ्य संबंधी समाचार पूछने के लिये उनको फोन किया था। उन्होंने कहा कि उस समय नीतीश कुमार ने मुझसे मिलने की इच्छा व्यक्त की थी तथा यह मुलाकात कल हो गई।

किशोर ने मीटिंग के किसी भी प्रकार के तत्काल निष्कर्षों संबंधी प्रश्नों को खारिज कर दिया तथा जोर देते हुये कहा कि राजनैतिक रूपसे वे दोनों बिल्कुल भिन्न हैं।

चुनाव रणनीतिकार किशोर, जिनकी रणनीति को ममता बनर्जी की बंगाल की जीत से बड़ी प्रशंसा एवं सम्बल मिला था, 2024 के राष्ट्रीय चुनावों के लिये भाजपा, जो नीतीश का मित्र दल है, के विरूद्ध विपक्षी दलों को एकजुट करने के प्रयासों में विशेष रूचि ले रहे हैं। किशोर की अब तक की एकमात्र राजनैतिक सम्बद्धता, जो नीतीश के जनता दल यूनाइटेड के साथ-साथ रही थी, में चन्द महीनों में ही खटास आ गई थी तथा आखिरकार वे पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से हटा दिये गये थे। लेकिन हाल ही के इन्टरव्यूज़ में किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री के साथ अपने स्नेहपूर्ण संबंध बताये हैं तथा उन्हें उन चन्द लोगों में बताया है, जिनके साथ वे फिर से जुड़ना पसंद करेंगे।

बहुत से लोगों का कहना है कि यह अप्रत्याशित एवं एकाएक हुई मीटिंग किशोर के उस एम.ओ. का हिस्सा है कि हर व्यक्ति इसके बारे में सोचे तथा अनुमान लगाये। उल्लेखनीय है कि यह मीटिंग एक ऐसे समय पर हुई है जब ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के साथ उनके संबंधों तथा निबाह में कुछ असहजता आ रही है।

उनका राजनैतिक परामर्श ग्रुप-आई- पी.ए.सी. जो गत वर्ष के बंगाल चुनावों के वक्त से ही तृणमूल के साथ काम कर रहा है, ममता बनर्जी तथा दिन-पर-दिन महत्वाकांक्षी होते जा रहे उनके भतीजे के बीच चल रही खींचतान के बीच फँस गया था।

यह मीटिंग नीतीश के लिये भी उनके गहरे प्रयोजनों के लिये अनुकूल एवं उपयोगी हैं। मुख्यमंत्री के नजदीकी सूत्रों का कहना है कि नीतीश ने प्रशांत के साथ हुई इस मीटिंग की खबर को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया था ताकि भाजपा जो विभिन्न बिन्दुओं पर उनकी खुली आलोचना कर रही है, तक वांछित संदेश जा सके।

चूँकि 2020 के बिहार चुनावों में, काफी कम सीटें होने के बावजूद, भाजपा के साथ बनी गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी वापसी के कारण, नीतीश कुमार को भाजपा को नियंत्रण में रखने के लिये काफी संघर्ष करना पड़ा है।

## एन.आई.ए...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इनपुट शेयर कर चुका है। उसने बताया कि करीब 7 से 8 लोगों की टीम थी। इनमें दो आई.पी.एस. भी थे।

एन.आई.ए. की तरफ से बताया गया कि कश्मीर घाटी सहित दिल्ली में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के मामले से यह दबिश जुड़ी है। इस मामले में एन.आई.ए. अब तक 28 लोगों को पकड़ चुकी है। साजिश में लश्करे-तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन, अलबद्र सहित कुछ संगठनों के तार जुड़े हैं। एन.आई.ए. की टीमों ने इन लोगों के पास से आतंकी हमलों की साजिश से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

## अभी भी 63 ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हैं कि आज तक 95.97 करोड़ (एकदम सही संख्या-95,97,88,888) लोगों को टीके लग चुके हैं, जबकि दोनों खुराक ले चुके लोगों की संख्या 76.73 करोड़ (सही संख्या-76,73,20,601) है, जबकि तीसरी प्रीकॉशन खुराक 1,84,90,152 लोगों को दी जा चुकी है।

कोविड-19 से लड़ने के लिये, राष्ट्रव्यापी वैक्सीनेशन अभियान 16 जनवरी, 2021 को शुरू हो गया था।

इस खतरनाक वायरस से संक्रमित हुये लोगों की संख्या 4.28 करोड़ के सरकारी आँकड़े से बहुत ज्यादा हो सकती है क्योंकि अब तक 75.81 करोड़ लोगों के ही टैस्ट हुये हैं तथा अब इन टैस्टों की गति काफी कम हो गई है तथा पिछले 24 घंटों में 12.35 लाख लोगों के ही टैस्ट हुये हैं, जबकि केन्द्र पिछले दो माह से राज्यों से जाँचों की गति बढ़ाने के लिये कह रहा है। शनिवार को दैनिक टीकाकरण भी कम होकर 36.28 लाख रह गया, जबकि केन्द्र का लक्ष्य 1 करोड़ से ऊपर है।

# पहले दो चरणों में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गैर यादव ओ.बी.सी. और अनुसूचित जातियों के गैर जाटव मतदाताओं को आकर्षित किया था और यहाँ की कुल 59 सीटों में से 49 पर उल्लेखनीय विजय प्राप्त कर सफलता पायी थी। गोंडा में आज आयोजित एक रैली में रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मतदाता भाजपा में एक बार फिर अपनी आस्था जताएंगे, जिसने बेहतर कानून-व्यवस्था के जरिए लोगों को ''भय'' मुक्त किया है और मुफ्त राशन उपलब्ध करवाकर ''भूख'' शांत की है। जमीनी खबरें संकेत देती हैं कि ओ.बी.सी. और एस.सी. वर्ग के अनुक्रम की छोटी जातियां जहां अब भी भाजपा के प्रति निष्ठावान हैं, वहीं यादवों के अतिरिक्त कूर्मी और मौर्य जैसी प्रभावशाली एवं महत्वाकांक्षी जातियां भाजपा से दूरी बना चुकी हैं। बताया जाता है कि सपा सहयोगी एवं केशव प्रसाद मौर्य के महान दल का इस क्षेत्र में अच्छा खासा प्रभाव है। तीसरे चरण में स्वामी प्रसाद मौर्य की भी परीक्षा होगी, जो हाल ही योगी आदित्यनाथ सरकार से इस्तीफा देकर सपा गठबंधन में शामिल हुए हैं।

तीसरा चरण, सपा गठबंधन और भाजपा दोनों के लिए ''करो या मरो'' की स्थिति है। पिछले चुनावों में सपा अपने इस गृह क्षेत्र में ही भाजपा के हाथों बुरी तरह हार गई थी।

इसका सीधा सा कारण यह माना जाता है कि मुलायम सिंह यादव के परिवार को तब एक विभाजित परिवार के रूप में देखा गया। इस बार पार्टी के पितृ पुरुष मुलायम सिंह यादव ने हाल ही करहल में आयोजित एक रैली में अपने भाई शिवपाल और पुत्र अखिलेश को एक मंच पर लाकर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की।

अखिलेश यादव खरहल से ही चुनाव लड़ रहे हैं। मुलायम सिंह ने अपनी पार्टी का जनाधार यादवों से आगे विस्तृत करने के एक स्पष्ट प्रयास के अन्तर्गत आस पास के क्षेत्रों में भी चुनाव प्रचार किया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908